✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 112 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 17 सितंबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# बिहार के 16 लाख श्रमिकों को पोशाक के लिए आज मिलेंगे पांच-पांच हजार रुपये

**बिहार के श्रमिकों को राज्य सरकार की बड़ी सौगात | 802 करोड़ होंगे खर्च | राज्य में पहली बार लागू होगी योजना | श्रम संसाधन दिवस के अवसर पर राज्य के श्रमिकों को तोहफा**

– कमल किशोर

**औरंगाबाद (बिहार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्ग निर्देशन में बुधवार को बिहार के श्रमिकों को एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। राज्य सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए श्रम संसाधन विभाग से निबंधित सभी श्रमिकों को वार्षिक वस्त्र सहायता योजना के तहत पांच-पांच हजार रुपए की राशि उपलब्ध कराने का फैसला किया है। यह पहली बार होगा जब राज्य में श्रमिकों को उनके वस्त्र अथवा पोशाक खरीदने के लिए सीधे उनके बैंक खातों में राशि अंतरित की जाएगी। राज्य के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में विभाग में निबंधित 16 लाख 4 हजार 929 श्रमिकों को यह लाभ दिया जाएगा और इसके लिए करीब 802 करोड़ रुपए खर्च किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि राशि का अंतरण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार श्रमिक कल्याण दिवस के अवसर पर बुधवार को एक कार्यक्रम में करेंगे और श्रमिकों के खाते में तुरन्त यह अनुदान पहुंच जायेगा। विभाग के सचिव दीपक आनंद ने राज्य के सभी जिला अधिकारियों को पत्र लिखकर इस अवसर पर सभी जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है। श्रम संसाधन विभाग के इस निर्णय को राज्य के श्रमिक वर्ग के लिए मील का पत्थर माना जा रहा है। इससे लाखों परिवारों को लाभ होगा और विभाग की पारदर्शिता और सक्रियता भी स्पष्ट रूप से सामने आएगी।

### भवन सेस से तीन हजार करोड़ रुपए की उपलब्धता

श्रम संसाधन मंत्री ने बताया कि भवन निर्माण कार्यों पर लिए जाने वाले भवन सेस से इस योजना का खर्च पूरा किया जाएगा। निर्माण कार्य पर एक प्रतिशत की दर से





भवन सेस वसूला जाता है और इसी राशि से श्रमिकों के कल्याणकारी कार्य संचालित होते हैं। विभाग के पास इस समय भवन सेस मद में लगभग तीन हजार करोड़ रुपए की उपलब्धता है। इसी राशि से निबंधित श्रमिकों को पोशाक योजना के अंतर्गत अनुदान प्रदान किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि राज्य में स्वतंत्रता के बाद से ही इस योजना का प्रावधान था और इसे 1949 में बनाया गया था लेकिन विगत सात दशकों से अधिक समय में इसे कभी लागू नहीं किया गया। विभाग का कार्यभार संभालने के बाद जब उन्हें इस योजना की जानकारी मिली तो तुरंत इसे क्रियानवित करने का निर्णय लिया गया ताकि राज्य के श्रमिकों को पहली बार वस्त्र मद में सरकार से आर्थिक सहायता मिल सके। उन्होंने यह भी घोषणा की कि यह कोई एकबारगी निर्णय नहीं है बल्कि अब हर साल निबंधित श्रमिकों को पोशाक योजना का लाभ दिया जाएगा।

### अगले वर्ष से निबंधित सभी 34 लाख श्रमिकों को मिलेगी राशि

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि श्रमिकों के निबंधन की प्रक्रिया लगातार जारी है और पिछले एक वर्ष में इसमें अभूतपूर्व बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एक साल पूर्व जहां राज्य में 16 लाख से अधिक श्रमिक निबंधित थे, वहीं पिछले बारह महीनों में व्यापक प्रचारऽप्रसार अभियान और श्रमिकों में आई जागरूकता के कारण 17 लाख नए श्रमिकों ने अपना निबंधन कराया है। इस तरह वर्तमान में राज्य में श्रमिकों की कुल संख्या लगभग 34 लाख हो चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी नियमों के अनुसार किसी भी श्रमिक को निबंधन के एक वर्ष बाद से ही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा सकता है। इसलिए पिछले एक वर्ष में निबंधित हुए श्रमिकों को इस साल पोशाक योजना का लाभ नहीं मिलेगा लेकिन अगले वर्ष से ये सभी 34 लाख श्रमिक भी इसके दायरे में आ जाएंगे और उन्हें भी पाँच हजार रुपए की राशि पोशाक खरीदने के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। श्रम मंत्री ने कहा कि विभाग ने निबंधन प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है और कोई भी श्रमिक कभी भी विभागीय पोर्टल पर जाकर अपना निबंधन करा (शेष पृष्ठ 11 पर)

**मुख्यमंत्री नीतीश सरकार ने छात्रों को दिया दीपावली गिफ्ट**

# स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड पर अब नहीं देना होगा ब्याज : सीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के छात्रों के लिए मंगलवार को एक बड़ी राहत भरी घोषणा की है। राज्य सरकार ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अब चार लाख रुपये तक का लोन पूरी तरह ब्याज मुक्त (इंटरेस्ट फ्री) कर दिया है। इसके साथ ही लोन की किश्तों की संख्या 70 से बढ़ाकर 120 कर दी गई है, जिससे छात्रों के लिए लोन चुकाना आसान हो जाएगा। इस बदलाव का सीधा मतलब यह है कि यदि कोई छात्र या छात्रा स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत चार लाख रुपये का लोन लेने लेते हैं, तो अब उसे इसे 10 साल की आसान किस्तों में चुकाना होगा और कोई ब्याज नहीं लगेगा। इससे छात्रों और उनके परिवारों पर आर्थिक दबाव काफी कम होगा और उच्च शिक्षा तक पहुंच



आसान बनेगी। बिहार में 07 निश्चय योजना के अंतर्गत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं उनके लिए 02 अक्टूबर 2016 से बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना लागू है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अधिकतम 04 लाख रुपए का शिक्षा ऋण सामान्य आवेदक को 04 प्रतिशत ब्याज दर पर तथा महिला, दिव्यांग एवं ट्रांसजेन्डर आवेदक को मात्र 01 प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जाता है। सीएम नीतीश ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि उन्हें बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि अब स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले शिक्षा ऋण की राशि सभी आवेदकों के लिए ब्याज रहित होगी। साथ ही 02 लाख रुपए तक के शिक्षा ऋण को 60 मासिक किस्तों में वापस (शेष पृष्ठ 11 पर)

## सूचना

**विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 17 सितम्बर 2025 को नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस बंद रहेगा। अतः अगला अंक 19 सितम्बर को प्रकाशित होगा।**

संपादक

# एक लाख 16 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। मंगलवार को बिक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय में तैनात एक चपरासी को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने एक लाख 16 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। घटना के बाद अनुमंडल कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई। गिरफ्तार चपरासी की पहचान विनोद कुमार ठाकुर के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक वह बिक्रमगंज के धनगांई गांव निवासी राकेश कुमार ठाकुर से जमीन विवाद निपटाने के नाम पर रिश्वत ले रहा था तभी पहले से जाल बिछाए निगरानी विभाग की टीम ने उसे धर दबोचा। निगरानी डीएसपी नरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी चपरासी ने जमीन विवाद मामले में 1.60 लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी। शिकायत के सत्यापन के बाद विजिलेंस टीम ने ट्रैप ऑपरेशन चलाया और पैसे के लेनदेन के दौरान ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे पटना ले जाया गया है, जहां निगरानी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि रोहतास जिले में पिछले दो-तीन महीनों में यह सातवीं बड़ी कार्रवाई है। निगरानी विभाग और सीबीआई लगातार भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों पर शिकंजा कस रहे हैं, जिससे सरकारी दफ्तरों में खलबली मच गई है।

# डाटा इंट्री ऑपरेटर रिश्वत लेते गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** निगरानी विभाग की टीम ने मंगलवार को चिरैया बीआरसी में धावा बोलकर भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक पटना से आए निगरानी डीएसपी मो. वसीम फिरोज के नेतृत्व बीआरसी में कार्यरत डाटा इंट्री ऑपरेटर प्रकाश कुमार को दस हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि रिश्वत की रकम एक शिक्षक से 10 दिनों के वेतन भुगतान के एवज में ली गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोपहर एक बजे के आसपास सादे लिबास में आठ से दस की संख्या में निगरानी की टीम प्रकाश कुमार के कमरे में पहुंची। इसके बाद उनलोगों ने ऑपरेटर प्रकाश कुमार से थोड़ी देर बातचीत की। इसी दौरान उसके पास से दस हजार रुपए बरामद कर कार्यालय से बाहर लेकर आई जिसके बाद ऑपरेटर को पानी से हाथ धुलवाया गया। इससे रूपये लेने की पुष्टि हुई। उस वक्त बीइओ सरोज कुमार सिंह अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थे। बताया जा रहा है कि नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सपगढ़ा वार्ड नंबर तीन के शिक्षक सह भेड़ियाही गांव निवासी मणिभूषण कुमार से दस हजार रूपये रिश्वत मांगी गई थी। इस बारे में डीएसपी मो. फिरोज ने कहा कि शिक्षक ने पूर्व में बीइओ व डाटा इंट्री ऑपरेटर के विरुद्ध लिखित शिकायत की थी जिसका सत्यापन कर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उसके बाद निगरानी की टीम शिक्षक के साथ बीआरसी चिरैया पहुंची। टीम द्वारा दिए गए रूपये को डाटा ऑपरेटर प्रकाश कुमार बतौर रिश्वत ले रहा था। इसी दौरान उसे दबोच लिया गया। इधर बीइओ सरोज कुमार सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता शिक्षक अपने विद्यालय से 10 दिनों तक गायब थे। वहीं शिक्षक उपस्थिति पंजी पर मिलीभगत कर उपस्थिति बनाये हुए थे जिसके कारण उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। असंतोष जनक जवाब मिलने के कारण 10 दिनों का वेतन काट लिया गया जिसके कारण शिक्षक बदले की भावना से मुझे और ऑपरेटर को साजिश कर फंसाने की कोशिश की है।

# गया जा रहे 38 श्रद्धालुओं की बस दुर्घटनाग्रस्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के दुर्गावती थाना अंतर्गत महुअरिया ओवरब्रिज के पास सोमवार देर रात एक बस और ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के महेशुआ निवासी महेश कुमार(50) की मौत हो गई। इस दुर्घटना में 10 अन्य यात्री घायल हुए हैं। बस में कुल 38 यात्री सवार थे। इनमें 14 महिलाएं और 24 पुरुष शामिल थे। सभी यात्री मध्य प्रदेश से बनारस होते हुए गया जा रहे थे। वे पितृपक्ष में मोक्ष प्राप्ति का अनुष्ठान करने की यात्रा पर थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही दुर्गावती थाना पुलिस और एनएचएआइ की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। एनएचएआइ की पेट्रोलिंग टीम ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त बस को सड़क किनारे हटाया। इससे यातायात सुचारू हो सका। सब इंस्पेक्टर अजीत कुमार के अनुसार दुर्घटना उस समय हुई जब बस काशी से गया की ओर जा रही थी। अस्पताल में सभी घायलों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है।










C M Y K

# फसल सहायता योजना किसानों के लिए वरदान : डॉ. प्रेम कुमार

## लाभ लेने में देर न करें, जल्द से जल्द वांछित दस्तावेज अपलोड करें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सहकारिता विभाग द्वारा बिहार राज्य फसल सहायता योजना अन्तर्गत रबी 2024-25 मौसम में उपज दर आंकड़ों के आधार पर चयनित ग्राम पंचायतों के आवेदक किसानों से योजना के दिशा निर्देशानुसार आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड करने हेतु सूचना जारी कर अनुरोध किया गया है। वे 30 सितम्बर 2025 तक अनिवार्य रूप से सम्बंधित दस्तावेज विभागीय पोर्टल पर अपलोड करें। अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद पोर्टल बंद हो जाएगा एवं किसी भी प्रकार का दावा अमान्य होगा। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की हर विपरीत परिस्थिति में सहारा बने रहने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य के पात्र किसानों से अपील करते हुए कहा कि बिहार राज्य फसल सहायता योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच है। सूखा, अतिवृष्टि अथवा किसी भी विपरीत परिस्थिति में यह योजना किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करती है। किसान अंतिम समय तक प्रतीक्षा न करें। राज्य के चयनित पंचायतों के आवेदक किसान लिंक के माध्यम से अपने दस्तावेजों को अपलोड कर योजना का लाभ उठाएं।

चयनित ग्राम पंचायतों के आवेदक किसानों को योजना का लाभ लेने हेतु विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक अथवा ई-सहकारी पोर्टल के किसान कॉर्नर पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक कर अपना किसान निबंधन संख्या प्रविष्ट करते हुए निबंधित मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से निम्नलिखित दस्तावेजों को अपलोड करना आवश्यक है। रैयत किसान अपने अद्यतन भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र (31 मार्च 2023) अथवा राजस्व रसीद (31 मार्च 2024, के पश्चात निर्गत) एवं स्व-घोषणा पत्र एवं गैर रैयत किसान स्व-घोषणा पत्र (वार्ड सदस्य अथवा किसान सलाहकार द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित) तथा रैयत एवं गैर रैयत दोनों श्रेणी के किसान हेतु अद्यतन भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र (31 मार्च 2023) अथवा राजस्व रसीद (31 मार्च 2024) के पश्चात निर्गत एवं स्व-घोषणा पत्र (वार्ड सदस्य अथवा किसान सलाहकार द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित) दस्तावेज अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। चयनित ग्राम पंचायत की सूची जिला सहकारिता पदाधिकारी / प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी कार्यालय की सहायता से भी देखा जा सकता है।

### मुख्यमंत्री ने 'विश्वकर्मा पूजा' पर प्रदेश एवं देशवासियों को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर प्रदेश एवं देश के सभी श्रमिक भाई-बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि आज का दिन सृजन के प्रणेता भगवान विश्वकर्मा की आराधना का दिवस है। आज राज्य जिस प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में तरक्की के नये आयामों को छू रहा है, उसमें हमारे श्रमिक भाई-बहनों का अतुलनीय योगदान है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की है कि सभी श्रमिक बंधु एवं श्रम संगठन राज्य के औद्योगिक विकास एवं उत्पादकता में वृद्धि हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा है कि मेरा विश्वास है कि सभी श्रमिक भाई-बहनों के सहयोग से राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा।

# बिहार के 75 स्थानों पर उद्यमी सम्मेलन आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर आज प्रदेश के सभी जिलों के 75 स्थानों पर उद्यमी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इन सम्मेलनों में संबंधित मंत्री, सांसद और विधायकों ने शिरकत की और जीएसटी के नए युग के शुभारंभ की चर्चा की। उद्यमी सम्मेलन में वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि अगला पांच साल बिहार के लिए महत्वपूर्ण है। जीएसटी दरों में कमी कर केंद्र सरकार ने इस पर्व और त्योहार के मौसम में लोगों को बड़ा तोहफा दिया है। जीएसटी के अब दो स्लैब होने से आर्थिक रूप से कमजोर हर परिवार को लाभ मिलेगा। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि 12 प्रतिशत जीएसटी वाली 99 प्रतिशत चीजें अब पांच फीसदी के दायरे में आ गई हैं। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में इस बदलाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अगले पांच सालों में बिहार उद्योग के क्षेत्र में प्रगति करने की दिशा में अपना मार्ग प्रशस्त करेगा। वक्ताओं ने कहा कि बिहार सरकार ने उद्योग लगाने वालों के लिए कई रियायतों की घोषणा की है। उद्योग लगने से बिहार में रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इस तरह सरकार ने अगले पांच सालों में एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने की घोषणा कर रखी है।

# भाजपा सेवा पखवाड़ा के तहत 'चलो जीते हैं' सेवा रथ रवाना

## प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने 243 सेवा रथों को दिखाई हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा के तहत आज प्रदेश की राजधानी पटना से 243 'चलो जीते हैं' सेवा रथों को अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में रवाना किया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भारत के गृह राज्यमंत्री नित्यानन्द राय ने हरी झंडी दिखाकर इन सभी रथों को रवाना किया। इस मौके पर सांसद धर्मशीला गुप्ता, बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा और विधायक अरुण सिन्हा भी उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने इस मौके पर कहा कि यह रथ पूरे बिहार में सेवा, समर्पण और संगठन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी बचपन पर आधारित फिल्म 'चलो जीते हैं' का प्रदर्शन बिहार की सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में किया जाएगा, जिससे हर नागरिक सेवा, संघर्ष और संकल्प से भरे उनके जीवन से प्रेरणा ले सके। उन्होंने कहा कि भाजपा के इस अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सकारात्मक बदलाव की भावना पहुंचाना है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित हुए कार्यक्रम में रथों को रवाना किया गया।

# विशेष अभियान में 97 बिना टिकट, अनियमित टिकट यात्री धराए



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जाता रहता है। इसी क्रम में वरीय मण्डल वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दानापुर एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त, दानापुर के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की टीम के द्वारा दानापुर स्टेशन पर गरीब रथ (22405), मगध एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या - 20801) एवं संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या - 12393) के आरक्षित कोचों विशेषकर वातानुकूलित कोचों में टिकट जांच अभियान चलाया गया जिसमें 97 बिना टिकट/अनियमित टिकट वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में 62,740 /- रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया।

# रेड रिबन फेस्ट में छात्रों ने दिया एचआइवी जागरूकता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टावर में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति और बीडी कॉलेज की ओर से रेड रिबन फेस्ट का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को एचआईवी/एड्स की रोकथाम और बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में पटना और आसपास के 25 से अधिक कॉलेजों के करीब ढाई सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। आयोजन की कसावट इतनी शानदार रही कि छात्रों का उत्साह कार्यक्रम में शुरू से आखिर तक बना रहा।

**एक्टेंपोर, कविता और एग्जिबिशन में छात्रों का दिखा हुनर**

फेस्ट के दौरान एक्टेंपोर, कविता पाठ और एग्जिबिशन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्रों ने ऑन स्पॉट एचआईवी से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखे। कविताओं और शायरी के जरिए प्रतिभागियों ने समाज में एड्स से बचाव और रोकथाम का गहरा संदेश दिया। वहीं, 17 से अधिक मॉडल कॉलेजों की ओर से प्रदर्शित किए गए जिनमें एड्स रोकथाम, जागरूकता और सुरक्षित जीवन शैली से जुड़े नवाचारों को दिखाया गया। बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक वैभव चौधरी ने भी छात्रों के बने मॉडल की जमकर सराहना की। पूर्व में फेस्ट का उद्घाटन बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक वैभव चौधरी, स्वास्थ्य विभाग की विशेष कार्य अधिकारी नेहा और बीडी कॉलेज की प्राचार्य रत्ना अमृत ने संयुक्त रूप से किया। रत्न अमृत ने अपने स्वागत भाषण में सभी प्रतिभागियों को बेहतर करने की प्रेरणा दी।

# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में डॉ. जनार्दन कुमार का व्याख्यान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में अमेरिका के मैसाचुसेट्स स्थित बेकर कॉलेज के पूर्व प्राध्यापक डॉ. जनार्दन कुमार ने एक विशेष व्याख्यान दिया। विषय था–काइनेक्टिन प्रोटीन के कार्य को समझने में हाइब्रिडाइजेशन तकनीक की भूमिका और भारत में चिकित्सा विज्ञान में इसकी कमी। कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में हुआ जिसमें पटना के बिहार वेटरिनरी कॉलेज, संजय गांधी डेयरी प्रौद्योगिकी संस्थान तथा किशनगंज स्थित वेटरिनरी और फिशरीज कॉलेज के शिक्षक और विद्यार्थी जुड़े। डॉ. कुमार ने बताया कि उनका शोध माइक्रोट्यूब्यूल मोटर प्रोटीन काइनेक्टिन पर आधारित है जिसे प्रतिष्ठित पत्रिका साइंस में प्रकाशित किया गया है। उन्होंने कहा कि हाइब्रिडाइजेशन तकनीक जीनोमिक्स और बायोटेक्नोलॉजी के लिए बहुत उपयोगी है, लेकिन भारत में इसका सही उपयोग अभी नहीं हुआ है।

# बिहार के मठ-मंदिरों को नई सामाजिक और सांस्कृतिक भूमिका देने की बड़ी पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद 18 सितंबर को पटना के बापू सभागार में राज्यस्तरीय धार्मिक न्यास समागम का आयोजन करने जा रहा है। जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने माता सीता के धाम की परिकल्पना को साकार किया, उसी प्रेरणा से धार्मिक न्यास पर्षद अपने संसाधनों का सार्थक उपयोग करते हुए सामाजिक चेतना के एक नए अध्याय की ओर बढ़ रहा है। हमारी कामना है कि दोनों नेता जिस समर्पण और आस्था के साथ सनातन परंपरा को बल दे रहे हैं, वह सतत बनी रहे और समाज को नई दिशा देता रहे। प्रो. नंदन ने कहा कि यह सम्मेलन सिर्फ धार्मिक अनुष्ठानों की समीक्षा भर नहीं होगा, बल्कि आने वाले समय में मठ और मंदिरों की भूमिका को व्यापक और प्रभावी बनाने का खाका भी पेश करेगा। पंजीकृत मठ-मंदिरों के प्रबंधक, संत-महात्मा और राज्य सरकार के शीर्ष प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इस सम्मेलन में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद से पंजीकृत 4000 से अधिक मठ-मंदिरों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन की तैयारी बापू सभागार में जोर शोर से चल रही है। पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन का कहना है कि मठ और मंदिर अब केवल आस्था और पूजा के केंद्र नहीं रहेंगे। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और समाज सुधार के सक्रिय मंच के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब धार्मिक स्थल जनता के दैनिक जीवन से गहराई से जुड़ेंगे, तो समाज को नई ऊर्जा और संतुलन मिलेगा। पर्षद ने योजना बनाई है कि हर मठ और मंदिर में स्वाध्याय केंद्र, पुस्तकालय और निःशुल्क कोचिंग संस्थान शुरू किए जाएं। संस्कृत पाठशालाएं और वेदपाठ की नियमित व्यवस्था होगी ताकि प्राचीन ज्ञान को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जा सके।

# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के 61वें स्थापना दिवस पर ब्लड डोनेशन ड्राइव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद अपने 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर 'रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0' के अंतर्गत बुधवार, 17 सितंबर 2025 को देशव्यापी मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव का आयोजन कर रही है। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रव्यापी रक्तदान शिविरों की शुरुआत करेंगे। इस महाअभियान में एक ही दिन में पूरे देशभर में 7,500 से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित होंगे जो एक नया कीर्तिमान होगा। 50,000 से अधिक युवा कार्यकर्ता इस अभियान की तैयारी में सक्रिय हैं। दिल्ली स्थित कंट्रोल रूम से देश एवं विदेश में चल रहे सभी शिविरों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा युवा एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी इस अभियान का समर्थन किया है। राष्ट्रीय प्रभारी हितेश भांडिया ने बताया कि इस महाअभियान में 4,000 रक्त बैंक, 5,000 चिकित्सक, 25,000 टेक्नीशियन और 1 लाख स्वयंसेवक जुड़कर 3 लाख यूनिट रक्त एकत्र करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

# ए.एन. कालेज में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** समकालीन हिंदी आलोचना वरिष्ठ आलोचक/विचारक/चिंतक बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य प्रेम कुमार मणि समारोह में उद्घाटनकर्ता एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए और विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार प्रांत के रोजनामा प्रभात खबर के संपादक अजय कुमार की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रधानाचार्या रेखा रानी जी और हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो कलानाथ मिश्र ने प्रेम कुमार मणि और अजय कुमार के स्वागत के साथ किया। प्रेम कुमार मणि और अजय कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए हिंदी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ संजय सिंह ने भाषा की सहजता और सुग्राह्यता पर बल दिया। उन्होंने मुख्य अतिथि के भाषाई सबलता पर बल देते हुए उन्होंने थिंक टैंक कहा। इन्होंने जीवन में ईमान को लेकर विशेष बल देते हुए यह कहा कि यह पथ अरावली से लेकर घास की रोटी तक सफर है। विषय प्रवेश हेतु विभागाध्यक्ष प्रो कलानाथ मिश्र ने पत्रकारिता, भाषा और चिंतन पर विशेष ध्यान दिया। इन्होंने इसके वर्तमान के संघर्ष पर चिंता और भविष्य को लेकर आश्वस्ति जताई । भाषा संस्कृति की संवाहिनी होती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय जी अपने वक्तव्य में भाषा के उदारीकरण और उसके संभावित बाजार पर विचार रखे।

# इएसआइसी स्प्री योजना पर सेमिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इएसआइसी मेडिकल कॉलेज, बिहटा में बिहार इंडस्ट्रीज एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (बियाडा) के अधिकारियों और बिहटा औद्योगिक क्षेत्र के नियोक्ताओं के साथ एक वृहद सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य स्प्री 2025 और एमनेस्टी स्कीम 2025 के बारे में नियोक्ताओं को अवगत कराना था जिसे कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने सामाजिक सुरक्षा और व्यवसायों के लिए आसान वातावरण सृजित करने के उद्देश्य से शुरू किया है। क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार ने इन योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की और नियोक्ताओं को उनके लाभों से अवगत कराया।

# एनडीए सम्मेलन में लाभार्थी महिलाओं से संवाद कर संगठन की नीतियों और गतिविधियों की दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी पटना महानगर के कुम्हरार विधानसभा अंतर्गत लोकनायक मंडल महिला मोर्चा की बैठक लोहानीपुर स्थित निशा मंदिर में हुई। यह बैठक लोकनायक मंडल सर जीडी पाटलिपुत्रा हाईस्कूल पश्चिमी भाग शक्तिकेंद्र के लाभार्थी महिलाओं की सहभागिता से संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन मंडल अध्यक्ष नितिन कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन महानगर मंत्री मनोज कुमार ने प्रस्तुत किया।

बैठक में राजस्थान के भरतपुर लोकसभा क्षेत्र की पूर्व सांसद रंजिता कोली ने लाभार्थी महिलाओं से संवाद कर उन्हें संगठन की नीतियों और गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नितिन कुमार ने महिलाओं को आगामी एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया। यह सम्मेलन 21 सितंबर को राजेंद्र नगर शाखा मैदान में आयोजित होगा। एमपी जीन ने बताया कि बैठक में विशेष रूप से महिला मोर्चा पटना महानगर मंत्री रेणु सिंह, महामंत्री सुनीता दुबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंजू सिंह व नीतू सिंह, राहुल कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।


**AFFIDAVIT**

(Affidavit Related Both ar same Person)

I, Lal Muni Devi Aged about Years, W/o, Satya Nand Prasad resident of Mohalla/ village Pendapur P.O. Gurua, P.S.Gurua District. Gaya, do hereby solemnly affirm and declare as follows-

1. That my name is Lal muni Devi which is mentioned in Lila Devi Adhar card
2. That also my name is Lal muni Devi which is mentioned in Ration card
3. That both names Lal muni Devi And Lila Devi indicates same person, so I am swearing this affidavit.

I, Lal muni Devi, the deponent do hereby declare that the contents of this affidavit from para 1 to 3 are true to the best of my personal knowledge and belief Affidavit No. 1310 Date 15.9.25

Deponent
LAL MUNI DEVI


# एसबीआई म्यूचुअल फंड ने शुरू की निवेशक शिक्षा एवं जागरुकता पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत में निवेश का परिदृश्य काफी बदल गया है जहां बचत का वित्तीयकरण बढ़ा है। पारंपरिक निवेश से लेकर आधुनिक वित्तीय साधनों तक, निवेशकों के व्यवहार में बड़ा बदलाव आया है। वे अब पूंजी बाजारों में भागीदारी के जरिए ज्यादा से ज्यादा पैसा कमाना चाहते हैं। एक समय बाजार पर फिक्स्ड डिपॉजिट जैसे पारंपरिक साधनों का दबदबा था, लेकिन अब मार्केट काफी बदल गया है और यह म्यूचुअल फंड, रीयल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड जैसे आधुनिक उत्पादों को अपनाने लगा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के अनुसार, जुलाई 2025 तक बी 30 लोकेशंस ने म्यूचुअल फंड उद्योग की कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (एयूएम) का 18 प्रतिशत योगदान था। इन क्षेत्रों से एयूएम जून 2025 के 13.80 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर जुलाई 2025 में 14.20 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई जो मासिक 3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। है। साथ ही, इसमें जुलाई 2024 के 11.77 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 21 प्रतिशत का मजबूत वार्षिक विकास हुआ।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

(लापता व्यक्ति मनीष मिंज, उम्र– करीब 23 वर्ष)



बड़गड़ थाना सनहा सं0–17/25 दिनांक–03.09.25 में गुमशुदा मनीष मिंज, उम्र–करीब 23 वर्ष, पिता–बिनेदिक मिंज, पता–टेंगारी, थाना–बड़गड़, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाले हैं। गुमशुदा मनीष मिंज की पत्नी एवं आवेदिका निकिता रजक के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है की इनके पति मनीष मिंज दिनांक–31.08.2025 दिन रविवार को दोपहर में 14:00 बजे घर से निकल गए परन्तु अबतक घर वापस नहीं आए है। उक्त गुमशुदा मनीष मिंज का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त गुमशुदा व्यक्ति मनीष मिंज किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया**– उम्र– करीब 23 वर्ष, रंग–सांवला,
लम्बाई– करीब 05 फीट 06 इंच,
पहनावा–नीला रंग का छीट कमीज तथा
काला रंग का जिंस एवं हॉथ में घड़ी।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 362174 Police Wireless Headquarter(25-26).D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय,(रोजगार कार्यालय)गढ़वा**

राज्य के सभी जिलों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में योग्यता रखने वाले आवेदकों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर।

**भर्ती कैम्प सूचना – 2025**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वावधान में दिनांक–20.09.2025 (दिन–शनिवार ) को पूर्वाहन–10.00 बजे से अपराहन् 3.00 बजे तक जिला नियोजनालय, गढ़वा में एक दिवसीय ''दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2025'' आयोजित किया जा रहा है।

भर्ती कैम्प में निम्न नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की हैः–

| S. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification | | Experience | Age | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | Svatantra Microfin Pvt.Ltd | Svatantra Filed officer (SFO) | 64 | $10^{th}$ Pass | Bike | - | 18-28 Year | Gross Rs,12,770/- +PF/ESIC+Accomodation + Mediclaim +Insurance | Palamu, Garhwa, |
| 02 | Modern Automotive Limited | Machine Operator | 100 | ITI (Any Trade) | $10^{th}$ Pass | - | 18to35 Yr | Rs,24,752/-(12 Hrs) | Sirhind, Near Ambala, Punjab |
| | | Associate | 100 | ITI (Any Trade | $12^{th}$ Pass | - | 18to35 Yr | Rs,25,792/-(12 Hrs) | |
| | | Associate | 100 | Diploma (Any Trade) | $12^{th}$ Pass | - | 18to35 Yr | Rs.28.000/- (12Hrs) | |
| 03 | SIS Ltd Belchamapa Garhwa | Security Guard | 200 | $10^{th}$ Pass | - | - | 19 to 40 Year | Rs,15000/ - 27000/- | Pan India |
| | | SLV | 50 | $10^{th}$ Pass | - | - | 18 to 45 Year | Rs,14000/ - 27000/- | |
| | | Dog Handler | 50 | $10^{th}$ Pass | - | - | 20 to 40 Year | Rs,14000/ - 27000/- | |
| 04 | Aatmasamman Foundation | Packer | 20 | $10^{th}$ Pass | Physical Fit | - | 18 -30 Year | Rs20000/- | Bangalore |

भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट– WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

**भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है।** यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in से स्वंय कर सकते हैं। भर्ती कैम्प के दिन कार्यालय में निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 362156 Labour Employment and Traning(25-26).D

# निर्वाचन से जुड़े कर्मियों को दी दायित्व व कर्तव्यों की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त मानदंडों एवं दिशा निर्देशों के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के सफल संचालन हेतु वाणिज्य कर कार्यालय औरंगाबाद में मंगलवार को निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण से संबद्ध पदाधिकारी एवं कर्मियों के दायित्वों तथा कर्तव्यों की जानकारी देने हेतु कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता राज्य कर संयुक्त आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग रविरंजन आलोक ने किया। प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा गठित टीम के सदस्य वीवीटी एवं वीएसटी सहित शामिल थे। रविरंजन आलोक ने प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में वीवीटी एवं वीएसटी को संबोधित करते हुए चुनाव आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशिका में अधिसूचित नियमावली के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी दी। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव कि अधिसूचना एवं नामांकन की तिथि से राजनीतिक दल के अभ्यर्थियों की सभी गतिविधियों पर सूक्ष्म दृष्टि से नजर रखना आवश्यक होगा। नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद से संबंधित अभ्यर्थियों के समर्थक, जुलूस, वाहन एवं चुनाव आयोग के मापदंडों के अनुसार अन्य आवश्यक तथ्यों की वीडियोग्राफी अवश्य ही कराया जाए। नोडल पदाधिकारी ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नामांकन अवधि में अपने-अपने आरओ से समन्वय स्थापित कर कर्तव्य एवं दायित्व का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। इस अवधि में चुनाव आयोग के मार्गनिर्देशिका के अनुसार सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक पहलू के कार्यान्वयन पर विशेष बल देने का निर्देश दिया। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि किसी भी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को सभा, जुलूस एवं अन्य के लिए संबंधित प्राधिकार से




अनुमति लेना आवश्यक है। बिना अनुमति के किसी प्रकार की सभा, जुलूस और भाषण, रैली आदि करने पर इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। बिना अनुमति के सभा एवं जुलूस आयोजित करने पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि राजनीतिक दल द्वारा आयोजित विभिन्न सभा, जुलूस, रैली की पूर्ण रूप से वीडियोग्राफी करने के बाद कार्यालय में संबंधित सीडी का अवलोकन किया जाएगा। इसके उपरांत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसमें प्रमुख रूप से वाहन एवं समर्थको की संख्या, भीड़, ध्वनि यंत्र, साउंड बॉक्स, पंडाल सहित अन्य आधारभूत संरचनाओं के बारे में प्रतिवेदन दिया जाएगा। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि अधिसूचना निर्गत होने की तिथि के पूर्व से ही तैयारी प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके लिए एक मेकैनिज्म तैयार करने का निर्देश दिया गया। चुनाव आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशक के आलोक में टीमवर्क करते हुए अपने लक्ष्य एवं उद्देश्यों को प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में क्यू सीट के बारे में भी पूर्ण जानकारी दी गई। किसी भी सभास्थल पर कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व सभी प्रतिनियुक्त वीएसटी अपना परिचय देते हुए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। प्रशिक्षण में राज्य कर संयुक्त आयुक्त ज्ञानी दास, राज्य कर सहायक आयुक्त गुंजन कुमार, राज कर सहायक संतोष कुमार, राज्य कर सहायक आयुक्त अनामिका कुमारी, गीता कुमारी, काजल कुमारी, विभा कुमारी कुमारी, सरस्वती, आलोक कुमार, अर्जुन कुमार, शुभम कुमार, चंदन कुमार, अजीत कुमार, रामबली कुमार, कृष्ण कुमार, इरशाद अली, राहुल कुमार सिह, विशाल कुमार सहित मौजूद रहे।

# 379 बच्चों ने खाया एलबेंडाजोल का टैबलेट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन जिला स्वास्थ्य प्रबंधक अनवर आलम, संचारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रविरंजन कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मिथलेश कुमार सिंह एवं डॉ. नकीब ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के स्वागत के उपरांत प्राचार्य




उदय कुमार सिंह ने एलबेंडाजोल के फायदों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि उनके स्कूल में आज 1 वर्ष से लेकर 19 साल तक के 379 स्कूली बच्चों को एलबेंडाजोल का टैबलेट खिलाया जा रहा है। डीपीएम ने कहा कि स्वस्थ बच्चों की परिकल्पना को यह टैबलेट साकार करेगा। बच्चों में कृमि के कारण व्याप्त स्लो लर्निंग को ठीक करेगा। साथ ही बेहतर शारीरिक विकास को भी सुनिश्चित करेगा। डीआइओ ने बताया कि आज जिले के सभी विद्यालयों के बच्चों को एलबेंडाजोल टैबलेट्स खिलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एलबेंडाजोल बच्चों को आहार-व्यवहार से उपजी समस्याओं से निजात दिलाने में पूरी तरह सक्षम है। डॉ. रविरंजन कुमार ने कहा कि खासकर बच्चियों में एनीमिया की समस्या प्राय: देखी जाती है। इसका मुख्य कारण कृमि होता है। एलबेंडाजोल का सेवन बहुत हद तक एनीमिया की समस्या को दूर कर सकता है और उचित शारीरिक विकास में सहायक हो सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय की दो शिक्षिकाओं शारदा सिंह एवं आभा कुमारी को डीपीएम एवं डॉक्टरों ने सम्मानित भी किया। इस अवसर पर यूनिसेफ से सीएमओ नैयर, डीपीसी नागेंद्र केशरी, शिक्षिका मंजु कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।






















## एक नजर

### प्रधानाध्यापक पद को राजपत्रित बनाने की मांग

**पकरीबरावां**। उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को राजपत्रित बनाने की मांग उठने लगी है। पकरीबरावां प्रखण्ड की धमौल पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय अंजुनार के प्रधानाध्यापक डॉ. राजेश कुमार प्रभाकर ने उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को राजपत्रित का दर्जा दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी यह पद राजपत्रित हुआ करता था। उन्होंने संबंधित विभाग एवं राज्य सरकार से इसे राजपत्रित बनाने की मांग की है। दूसरी ओर उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी से वेतन में विसंगतियों को दूर करने का आग्रह किया है। उन्होंने एचआरएमएस को अपडेट करते हुए निर्धारित वेतन दिए जाने की मांग की है।

### पेंशनर भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**नारदीगंज (नवादा)**। पेंशनर भवन नारदीगंज में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। इस दौरान आषाढ़ी निवासी सेवानिवृत शिक्षक अवध किशोर सिंह के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रखंड व गांव के गणमान्य लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा उनके निधन होने से शिक्षा जगत में एक अपूर्णीय क्षति पहुंची है। मौके पर पेंशनर समाज सचिव श्रीकांत सिंह,सियाशरण दास,रामशरण सिंह, कामता प्रसाद सिंह, दशरथ प्रसाद, छोटेलाल प्रसाद सैनी, यमुना सिंह, नरेश कुमार, रघुनंदन प्रसाद, सियाशरण दास समेत अन्य लोगों ने अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित की।

### भगवान विश्वकर्मा की पूजा आज

**पकरीबरावां**। बुधवार को पकरीबरावां प्रखण्ड में भगवान विश्वकर्मा की पूजा पूरे धूमधाम एवं आस्था के साथ होगी। प्रखण्ड मुख्यालय के पावर सब स्टेशन, भगवानपुर, मठ गुलनी, ज्यूरी, कुढ़ेता आदि गांवों में प्रतिमा बनाकर पूजा- अर्चना की जाती है। भगवानपुर के विक्की कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा बनाकर पूजा- अर्चना की जाती है। बिहार विश्वकर्मा महासभा मठ गुलनी के दिनेश मिस्त्री, रौशन कुमार, रंजन कुमार सहित अन्य ने बताया कि यहां भव्य प्रतिमा एवं पंडाल बनाकर पूजा- अर्चना की जाती है। अगले दिन मेला लगता है, जिसमें आस पास के गांवों के सैकड़ों लोग मेला देखने आते हैं।

### छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**नवादा**। बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड जिला मुख्यालय नवादा के द्वारा जिला सचिव राम अक्बाल शर्मा के निर्देशन में छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रथम सोपान का आयोजन किया गया है। जिसमें कुल 11 टीम ने भाग लिया। आज बच्चों को बाइड गेम खेलाया गया, जिसमें बच्चों पहली बार मकर जाल खेल खेला और बहुत मस्ती का लुत्फ उठाया। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित संतु कुमार स्काउट प्रशिक्षक ने बताया बच्चों के खेल खेल माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण में अनुशासन स्वावलंबन देश भक्ति, मार्च पास्ट, कदमताल रस्सी की जानकारी नी नियम, प्रतिज्ञा प्रार्थना, प्राथमिक सहायता, गठे, ध्वज की जानकारी आदि का ज्ञान दिया जा रहा है। सहायक गाइड कैप्टन लाडली कुमारी, स्मिता कुमारी, अपना सहयोग कर रही है। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक उमाचरण भगत, राजेश कुमार बारिए सहायक शिक्षक, उमा शंकर राजवंशी, आरती शर्मा, सुमन वर्मा, सुमन राउत, पवन राम, रोहित, रवि राय बीरेंद्र, कुमार संजय, कंचन कुमारी, टोली नायक आदि मौजूद थे।

### एसपी ने कई थानों में की नए थानाध्यक्षों की प्रतिनियुक्ति

**बिहारशरीफ**। जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग ने बड़े पैमाने पर फेरबदल किया है। पटना से स्थानांतरित होकर आए पुलिस पदाधिकारियों को विभिन्न थानों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई तैनाती के अनुसार अजीत कुमार को परवलपुर थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं श्रीकांत कुमार को गिरियक, अनिरुद्ध कुमार शर्मा को मानपुर, प्रमोद कुमार को नालंदा, मुरली मनोहर आजाद को सिलाव, चंद्रशेखर प्रसाद को तेलमर और अनिल कुमार सिंह को सारे थाना का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा अजीत कुमार टिंकू को तेल्हाड़ा, ललित विजय को रहुई, अरविंद कुमार को नूरसराय, अरुण कुमार को छबीलापुर तथा राजेश कुमार पांडे को चेरो थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही ऋतुराज कुमार को लहेरी थाना में तैनात किया गया है। एसपी भारत सोनी ने सभी नव नियुक्त थानाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने और आम जनता को त्वरित न्याय दिलाने के लिए पुलिस पूरी तत्परता से काम करे।

### वेतनमान और नियमित भुगतान की मांग को लेकर ग्राम कचहरी सचिवों की बैठक

**बिहारशरीफ**। ग्राम कचहरी सचिव संघ के बैनर तले मंगलवार को बिहारशरीफ स्थित अराजपत्रित कर्मचारी संघ कार्यालय में सचिवों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलेभर से पहुंचे सचिवों ने सरकार से वेतनमान, नियमितीकरण और स्थायी नियुक्ति की मांग को जोरदार तरीके से उठाया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई, तो जिला मुख्यालय पर सरकार के खिलाफ आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के सचिव अनूप कुमार ने कहा कि ग्राम कचहरी सचिव पिछले 18 वर्षों से संविदा पर कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2007 में महज 2000 रुपये मानदेय पर बहाली हुई थी। वर्ष 2015 में यह बढ़ाकर 6000 रुपये किया गया और 2025 में सिर्फ 3000 रुपये और बढ़ाकर 9000 रुपये कर दिया गया। इतने कम मानदेय में किसी भी परिवार का भरण-पोषण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर से लेकर प्रखंड कार्यालय तक की जिम्मेदारियां, चुनावी ड्यूटी, बाढ़ राहत समेत कई महत्वपूर्ण कार्य ग्राम कचहरी सचिवों से लिए जाते हैं। इसके बावजूद उन्हें न तो नियमित कर्मचारी का दर्जा मिलता है और न ही पर्याप्त वेतनमान। उन्होंने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि सचिवों की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है। बच्चों की पढ़ाई और परिवार के स्वास्थ्य पर भी इसका गंभीर असर पड़ रहा है। वर्तमान में नालंदा जिले में कुल 239 ग्राम कचहरी सचिव कार्यरत हैं। सभी ने एक स्वर से सरकार से मांग की कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, अन्यथा आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। बैठक में मुकेश कुमार, कमलेश कुमार, दिलीप कुमार, खुशबू कुमारी, सुनील कुमार, पूजा शास्त्री, मनोज कुमार, अनिल कुमार वर्मा, मनीषा, आशाफी कुमारी, सीता, ममता रानी, अनमोल कुमार समेत बड़ी संख्या में सचिव उपस्थित थे।

# हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में चुनावी तैयारियों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने 236-हिसुआ विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत टीएस. कॉलेज, हिसुआ से हुई, जहां जिलाधिकारी ने सभा स्थल की स्थिति देखी और प्रखंड विकास पदाधिकारी से विस्तृत जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने राजकीयकृत मध्य विद्यालय, मंझवे और प्रोजेक्ट एमपीएस कन्या इंटर विद्यालय, हिसुआ का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। प्रोजेक्ट एमपीएस इंटर विद्यालय में चार मतदान केन्द्रों (संख्या 76, 77, 78 और 79) का भौतिक निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने सीएपीएफ (अर्द्धसैनिक बल) के आवासीय प्रबंधों को परखा। उन्होंने विद्यालय के दूसरे तल को सीएपीएफ आवासन के लिए उपयुक्त बताते हुए पेयजल, शौचालय और बिजली की सुदृढ़ व्यवस्था करने का निर्देश दिया। राजकीय मध्य विद्यालय, मंझवे में भी जिलाधिकारी ने पेयजल और शौचालय की उपलब्धता की जांच की तथा इसे सीएपीएफ आवासन हेतु चयनित किया। इसी क्रम में प्रोजेक्ट एमपीएस इंटर विद्यालय, हिसुआ को डिस्पैच सेंटर एवं वाहन कोषांग के रूप में चिन्हित किया गया, जहां इवीएम सीलिंग और इवीएम वज्रगृह की व्यवस्था की जाएगी। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर के सामने बड़ा टेंट लगाकर सामग्री प्रेषण की व्यवस्था करने और सभी पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक कर वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने हेलीपैड निर्माण के लिए तमसा घाट का भी भ्रमण किया और अंचलाधिकारी को शीघ्र सीमांकन कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विधानसभा चुनाव-2025 की सफल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्नता के लिए सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी हिसुआ-सह-अपर समाहर्त्ता नवादा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिसुआ, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा नवादा, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल नवादा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद हिसुआ, अर्द्धसैनिक बल कोषांग के नोडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी हिसुआ सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिसुआ नगर परिषद की बैठक, लंबित योजनाओं एवं साफ-सफाई पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। हिसुआ नगर परिषद कार्यालय स्थित सभागार में वार्ड पार्षदों की बैठक मुख्य पार्षद पूजा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इसमें नगर के वार्डों में पानी की समस्या को लेकर विस्तार से विचार विमर्श कर समस्या को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा दुर्गा पूजा अवधि में पूजा पंडाल व सड़क की साफ-सफाई को लेकर संबंधित कर्मी को आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में छठ पर्व को लेकर सभी छठ घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश की व्यवस्था, पहुंच पथ को दुरुस्त करने का निर्णय लिए गये। पीएम आवास योजना के अंतर्गत पूर्ण हुए मकान का भुगतान करने व अधूरे मकान के लिए दूसरे किस्त का भुगतान को लेकर भी सहमति प्रदान की गयी। हिसुआ विधायक नीतू सिंह ने उपस्थित वार्ड पार्षदों के समस्याएं सुनी और उसे दूर किया। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी अतीश रंजन और मुख्य पार्षद पूजा कुमारी से कई मुद्दों और समस्याओं पर बात कर जल्द पुरा करने की बात कही। बैठक में मुख्य पार्षद पूजा कुमारी ने तिरंगा लाईट नगर के स्टेशन रोड, महादेव मोड से रेलवे गुमटी फिर अंदर बाजार में लगवाने की बात कहीं। उन्होंने कहा दुर्गा पूजा के पूर्व हीं सभी जगह स्ट्रीट लाईट लगा दी जाएंगी। उन्होंने नगर से संबंधित अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर समस्याओं के निदान का निर्णय लिया गया। मौके पर बिहार पदेश समिति के सदस्य सह जदयू नेत्री शोभा देवी, वार्ड पार्षद शंभू शर्मा, सुनीता देवी, अशोक सिंह, विनोद चंद्रवंशी, मनोज यादव, शंकर सिंह, सोनी देवी, शकीला खातून समेत सभी वार्ड पार्षद एवं नगर परिषद के संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# कृषि विभाग (आत्मा) ने किसान गोष्ठी का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)**। इंटर विद्यालय नारदीगंज में मंगलवार को कृषि विभाग (आत्मा) के द्वारा आयोजित किसान गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिला पार्षद कृष्णदेव सिंह, किसान श्री विजय कुमार सिंह, तकनीकी प्रबंधक पदाधिकारी त्रिलोकीनाथ प्रसाद, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी विकास वैभव समेत अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में तकनीकी प्रबंधक पदाधिकारी व प्रखंड उद्यान पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने जैविक व प्राकृतिक खेती और खरीफ फसलों की उन्नत खेती के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान हंडिया निवासी किसान कृष्णदेव सिंह ने कहा कि यहां खाद की समस्या है। किसान खाद से जूझ रहे हैं। विक्रेताओं के माध्यम से खाद की कालाबाजारी की जा रही है। शिकायत के बाद भी अधिकारियों के द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। विभागीय अधिकारियों के मिलीभगत से खाद की कालाबाजारी हो रही है। यूरिया खाद 420 रुपये व डीएपी 1850 में विक्रेताओं के माध्यम से बेची जा रही है। जो सरकारी दर से काफी अधिक है। वह भी रात के अंधेरे में। किसानों को जरुरत के अनुसार नहीं मिल पा रहा है। समाचार पत्रों के माध्यम से किसानों ने इस समस्या को समाधान के लिए बात को रखें। लेकिन किसी भी संज्ञान नहीं लिया। जबकि अधिकारियों का कहना है कि विक्रेताओं के पास पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। फिलहाल धान का फसल ठीक है। वर्षा भी हो रही है। ऐसे में अभी किसान खेत में खाद डालने के लिए भटक रहे हैं। मुनाफाखोरी हो रही है। कोई सुनने वाला नहीं है। बीएओ कभी किसान गोष्ठी या अन्य कार्यक्रमों में शामिल नहीं होते हैं, जो खेद का विषय है। गोतरायन के किसान दिलीप पासवान कहते हैं कि किसानों को समय पर उर्वरक मिलना चाहिए। खेत में एक घास उगा रहता है। जिसका छोटे छोटे उजला फूल है,और पत्ते गाजर के पत्ते की तरह कट्टा हुआ उस घास का पौधा है। जो पूरे खेत में कैंसर के तरह फैल रहा है। जिससे किसान परेशान है। यह हर गांव में देखा जा सकता है। विभागीय अधिकारी को चाहिए इस घास का उन्मूलन के लिए सकारात्मक कदम उठाने के लिए प्रयास करें। कई किसानों ने कहा केवल किसान गोष्ठी होने से कोई फायदा नहीं है। किसानों की समस्याओं के निदान पर भी सोच बनाना चाहिए। इधर, इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को भरोसा दिलाया हमलोग किसानों की शिकायत भी सुनेंगे और उस समस्याओं को समाधान करने के लिए भरसक कोशिश किया जाएगा। वैसे नारदीगंज में उर्वरक की दुकानें की कमी है। पैक्स के माध्यम से खाद उपलब्ध होंगे। जिले में इफको का आवंटन अधिक हुआ है। शिकायत के उपरांत टीम गठित कर सम्बंधित खाद बिक्रेताओं पर विधि सम्मत कार्रवाई होगी। कार्यक्रम में प्रभारी बीएओ अनुपस्थित रहे। मौके पर कृषि समन्वयक प्रीति कुमारी, अजय कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक सोनम कुमारी, प्रियंका कुमारी, चंदन कुमार, कृषि सलाहकार मुन्ना सिंह, छोटू प्रसाद, किसान नवल सिंह,विपिन सिंह, रामानुग्रह सिंह समेत अन्य शामिल हुए।

## पुलिस की कार्रवाई में 26 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि जिले में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर विभिन्न मामलों में कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के तहत हत्या के प्रयास में तीन, मद्य निषेध में सात एवं अन्य मामलों में 16 गिरफ्तारियां कुल 26 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 225 लीटर महुआ शराब एवं 1026 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। वारंट निष्पादन की संख्या 15 रही। वाहन जांच अभियान के दौरान 112 वाहनों की जांच की गई तथा 36 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। अन्य गिरफ्तारी अंतर्गत एक ट्रैक्टर, दो मोटरसाइकिल, एक बोलेरो एवं एक टेम्पू की बरामदगी भी की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि नवादा पुलिस क्रूर एवं जघन्य अपराधियों को गिरफ्तार करने और उन्हें सजा दिलाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। अपराध करने के बाद अन्यत्र छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरुद्ध लगातार आसूचना संकलन किया जा रहा है और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# बारिश के कारण गुरुपर्व मेला के दुकानदारों व कलाकारों में निराशा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली**। नगर पंचायत क्षेत्र में हो रहे लगातार बारिश के कारण संगत परिसर के पीछे लगे गुरुपर्व मेले में दूसरा दिन भी सन्नाटा रहा। बारिश के कारण लोग घरों से निकलना पसंद नहीं कर रहे हैं। गुरुपर्व मेला का आयोजन 15 सितंबर से 22 सितंबर तक किया जाना है,जबकि 14 सितंबर से ही क्षेत्र में लगातार रिमझिम बारिश हो रही है। इस बारिश के कारण दर्जनों दुकानदार एवं मेला में अपनी प्रतिभा दिखाने आए कलाकार निराश दिख रहे हैं। गुरुपर्व मेला में दो आसमान तारा झूला,दो ब्रेक डांस झूला,दो नाव झूला, एक मौत का कुआं एवं बच्चों के झूलने व कूदने के लिए कई झूले लगे हुए हैं। वहीं महिलाओं एवं बच्चों के लिए दर्जनों श्रृंगार एवं खिलौने के दुकान भी लगाए गए हैं। मेले में कई टैटू कलाकार हैं,जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वहीं मिठाई ,आइस्क्रीम,चाट,गुपचुप,चाउमिन, मोमोज समेत कई प्रकार के स्वादिष्ट भोजन की दुकानें भी लगाई गई है। बारिश के कारण मेले में पैसे कमाने की आश में आए लोगों के चेहरे पर उदासी देखी जा रही है। बारिश एवं त्यौहार के कारण 15 सितंबर को मेले की शुरुआत महज कुछ घंटे ही चला। वहीं मंगलवार की सुबह सभी दुकानदारों एवं झूला वगैरह शुरू किया गया,किंतु बारिश होने से मेले में सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि शाम में बारिश के थमते ही आसपास के कुछ ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अपने बच्चों के साथ मेले का लुफ्त उठाने पहुंची। वहीं दुकानदारों को उम्मीद है कि मौसम ठीक होते ही गुरुपर्व मेले में लोगों की चहलकदमी बढ़ेगी।मेले में लोगों की सुरक्षा हेतु पुलिस बलों की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

# हिसुआ में कर्पूरी रथ का जदयू कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। जिले के हिसुआ में कर्पूरी रथ पहुंचने के बाद जदयू कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य कर्पूरी ठाकुर के विचारों और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 19 सालों में जो काम किया है, उसको लोगों के सामने रखना है। कहा कि अति पिछड़ा समाज के लोग विकास से बहुत दूर थे। उन्हें मुख्य धारा में लाकर नीतीश कुमार ने सम्मान दिया। कहा कि वर्ष 2005 से पहले सूबे में सूर्यास्त के बाद घर से निकलने में लोग डरते थे। कानून व्यवस्था बदहाल थी। बदमाशों को कोई रोकने-टोकने वाला नहीं था। पहले बिहार का बजट केवल 27 करोड़ होता था, लेकिन जब से बिहार के लोगों ने नीतीश कुमार के हाथ में बागडोर दी, तब से सभी वर्गों के लिए विकास किया जा रहा है। अतिपिछड़ा बिहार प्रदेश महासचिव राजेंद्र प्रसाद ने कहा बिहार का बजट 2 लाख 72 हजार करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं ने अपील की कि वर्ष 2025 में सीएम नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री बनाएं, ताकि अधूरे कार्यों को पूरा कर बिहार राज्य को विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल किया जा सके। कहा कि देश का पहला राज्य बिहार है, जहां 30 हजार बेटियों को पुलिस सेवा में भर्ती की गयी। सीएम नीतीश कुमार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चला रहे हैं। बेटियां घर में चूल्हा फूंकने तक सीमीत नहीं हैं। बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल कर कई दफ्तरों में ऊंचे ओहदों पर कार्यरत हैं। जदयू नेता व बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष सह नवादा जिला प्रभारी शंभू शर्मा ने कहा वर्ष 2010 के बाद एक करोड़ 30 लाख महिलाएं जीविका से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष सह अतरी विधानसभा प्रभारी जीवन लाल चंद्रवंशी ने कहा कि भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के सपनों को साकार करने का काम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया। कहा कि अति पिछड़ों का सही मायने में विकास नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुआ है।

# जनवितरण प्रणाली में जांच के दौरान मिली भारी अनियमितता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली**। नगर पंचायत मुख्यालय क्षेत्र के महसई मोहल्ले में सरकार द्वारा संचालित जनवितरण वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी का एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है। रजौली के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) राजेश कुमार गुप्ता ने सुरेश राम नाम के एक पीडीएस दुकानदार के खिलाफ खाद्यान्न कम रखने और स्पष्टीकरण का जवाब न देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है।यह कार्रवाई तब हुई जब चार सितंबर को एक नियमित जांच के दौरान सुरेश राम की दुकान पर खाद्यान्न की मात्रा में बड़ी अनियमितता पाई गई।एमओ ने बताया कि महसई के पीडीएस दुकान अनुज्ञप्ति संख्या 21/22 के पॉश मशीन की जांच जब बीते 4 सितंबर को किया गया था। जांच के दौरान मशीन के अनुसार 201.71 क्विंटल चावल एवं 12.02 क्विंटल गेहूं भंडारित होना चाहिए,किंतु भंडार में मात्र 4 क्विंटल चावल एवं मात्र 5 किलो गेहूं पाया गया। इस प्रकार भंडार से 197.72 क्विंटल चावल एवं 11.97 क्विंटल गेहूं कुल 209.69 क्विंटल अनाज की कालाबजारी पीडीएस दुकानदार द्वारा किया जा चुका था। एमओ ने बताया कि जांच में चावल और गेहूं की मात्रा निर्धारित स्टॉक से काफी कम पाई गई। इस गंभीर उल्लंघन को देखते हुए मामले की जानकारी वरीय पदाधिकारी एसडीओ स्वतंत्र कुमार को दी गई। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर पीडीएस दुकानदार सुरेश राम से इस अनियमितता पर तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देने को कहा था।लेकिन दुकानदार सुरेश राम ने इस मांग पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।इसके परिणामस्वरूप वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा-7 के तहत 13 सितंबर को सुरेश राम के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करने हेतू आवेदन दी गई।थाने में आवेदन प्राप्ती के दूसरे दिन प्राथमिकी दर्ज की गई। एमओ ने कहा कि यह कार्रवाई जनवितरण प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मामले के अलावे अनियमितता बरतने वाले अन्य जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में भी ऐसी किसी भी अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगो की मौत हो गई। बताया जाता है कि गिरियक-राजगीर मुख्य मार्ग पर वाटर पार्क के समीप हुए सड़क हादसें में गिरियक थाना क्षेत्र के रैतर पंचायत स्थित तारापुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार (45) की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धर्मेंद्र कुमार किसी काम से जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक धर्मेंद्र कुमार अपने पीछे दो पुत्र और तीन पुत्रियों सहित पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। हादसे की खबर मिलते ही गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही राजगीर थाना प्रभारी रमन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। **वहीं दूसरी घटना** वेन थाना क्षेत्र के वेन बाजार में मंगलवार सुबह ऑटो और स्कूटी की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो पलट गई।हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान वेन थाना क्षेत्र के नोहसा गांव निवासी 55 वर्षीय मिथिलेश पासवान, पिता मुनेश्वर पासवान के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मिथिलेश पासवान अपनी पत्नी के साथ ऑटो से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान वेन बाजार के पास सामने से आ रही एक स्कूटी ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही वेन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।

# विद्युत करंट से किसान की मौत

## कई दिनों से खेत में गिरा हुआ था तार, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। छबीलापुर थाना क्षेत्र के लोदीपुर धनु बीघा गांव में सोमवार की शाम करंट की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान 57 वर्षीय बेचन रविदास, पिता स्वर्गीय विलास रविदास, निवासी लोदीपुर धनु बीघा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की शाम बेचन रविदास अपनी पत्नी कालो देवी के साथ खेत में धान की मोरी पटाने गए थे। इसी दौरान खेत में पहले से गिरा 440 वोल्ट का तार उनके संपर्क में आ गया। करंट लगते ही बेचन जमीन पर गिर पड़े और गंभीर रूप से झुलस गए। पत्नी के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए राजगीर रेफर कर दिया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर छबीलापुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। गांव वालों ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण ही यह घटना घटी है। लोगों का कहना है कि तार कई दिनों से खेत में गिरा हुआ था, जिसकी सूचना कई बार दी गई थी, लेकिन समय पर सुधार नहीं किया गया। ग्रामीणों ने दोषी कर्मियों पर कार्रवाई और मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

# लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत जिला पदाधिकारी ने की द्वितीय अपील की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत दायर द्वितीय अपीलों की सुनवाई की। आज की कार्यवाही में तीन परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से दो मामलों का निवारण सुनवाई के दौरान ही कर दिया गया। शेष एक मामला आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को प्रेषित किया गया है। सुनवाई के दौरान जिन अपीलों का निस्तारण किया गया, उनमें अविनाश कुमार पिता पवन कुमार तथा नरेश यादव पिता बाली यादव द्वारा दायर ऑनलाइन शिकायतें प्रमुख थीं। इन आवेदनों के संदर्भ में संबंधित पदाधिकारियों द्वारा की गई जांच के पश्चात प्राप्त प्रतिवेदन पर दोनों पक्षों की उपस्थिति में सुनवाई की गई और शिकायतों का समाधान कर दिया गया। अधिनियम के प्रावधान के अनुसार किसी भी मामले का निवारण अधिकतम दो माह की अवधि में किया जाता है। प्रखंडों एवं पंचायतों से संबंधित विवाद/समस्याओं की अपील अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर/ रजौली में की जा सकती है। वहीं, जिला स्तरीय परिवादों एवं समस्याओं के निवारण हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। सुनवाई एवं निवारण की प्रक्रिया दोनों पक्षों को बुलाकर की जाती है और इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क देय नहीं है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था कार्यालय में उपलब्ध है। आदेश से असंतुष्ट होने पर भी निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। अब शिकायत दर्ज करने और अपील करने की सुविधा ऑनलाइन भी उपलब्ध है।

जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समाधान प्राप्त करें।

आज की सुनवाई में प्रभारी पदाधिकारी, जिला विधि शाखा डॉ0 राजकुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर एनडीए की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। एनडीए नालन्दा विधानसभा के प्रखंड अध्यक्षों मंडल अध्यक्षों की तैयारी समीति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मो अरशद ने की एवं संचालन भाजपा अध्यक्ष राजेश कुमार, हम जिलाध्यक्ष संजू मालाकार ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 19 सिंतबर को सरदार पटेल स्टेडियम चंडासी नूरसराय में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नालन्दा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर की गई। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव परमहंस प्रसाद नालन्दा विधानसभा प्रभारी जदयू राजेश पाल भाजपा नालन्दा के विस्तारक भारत भूषण उपस्थित थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाना हम-सभी एन डी ए कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी है। 2025 एन डी ए 225 फिर से नीतीश के लक्ष्य पर मजबूती के साथ लग जाने की अपील की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में अकल्पनीय परिवर्तन दिखाई दे रहा है जिसका गवाह पूरा बिहार है। बिहारी कहलाना गौरव और सम्मानित की बात।आजाद भारत में बिहार के गांवों को स्मार्ट बनाकर कायाकल्प करने का काम नीतीश सरकार ने किया है। हर पंचायतों से बुथ स्तर पर 10-10 कार्यकर्ताओं को सम्मेलन में भागीदारी देना सुनिश्चित करायें। नीतीश सरकार ने बिहार में न्याय के साथ विकास किया है। हमारी सरकार ने जो मजदूरी की उसका मेहनताना लेने का समय आ गया है। हर वर्गों हर क्षेत्रों का हमारी सरकार ने समुचित विकास किया है । नालन्दा विधानसभा का सम्मेलन को सफल बनाना हम-सभी कार्यकर्ताओं का जिम्मेवारी है। एनडीए के शासन में बिहार आज विकसित राज्य की श्रेणी में है, केंद्र सरकार का व्यापक सहयोग बिहार की सरकार मिल रहा है। इस अवसर पर डा धनंजय कु, जयराम सिंह, रजनीश ठाकुर, रंजन सिंह, अरविंद पटेल, शत्रुध्न प्रसाद, सुबोध पंडित, सचिन कुशवाहा, मुकेश सिंह, सोनी लाल, डा आशुतोष, राजेश सिंह, संजय कुशवाहा, पियुष कुमार, विशाल कुमार, निर्मल कुमार, चंदन मालाकार, विरेन्द्र सिंह, सुंदर पासवान, सुबोध पंडित, सुरेन्द्र मांझी, धीरज पटेल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया पितृपक्ष मेला क्षेत्र का निरीक्षण

## सेवा शिविरों का उद्घाटन, श्रद्धालुओं को परोसा भोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को गया में चल रहे पितृपक्ष मेला क्षेत्र का भ्रमण किया और विभिन्न सेवा शिविरों व सरकारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में मंत्री ने राष्ट्रीय अतिपिछड़ा वर्ग महासभा एवं अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा, गया इकाई द्वारा लगाए गए निःशुल्क अल्पाहार शिविर का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने तीर्थयात्रियों को स्वयं चाय, पानी और अल्पाहार वितरित किया। इसके साथ ही वे महावीर मंदिर न्यास समिति द्वारा संचालित निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम में भी शामिल हुए और श्रद्धालुओं को भोजन परोसा। डॉ. प्रेम कुमार ने विष्णुपद मंदिर परिसर, टेंट सिटी गांधी मैदान, स्वास्थ्य शिविर, नगर विकास परिषद, यादव महासभा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पर्यटन विभाग तथा सामाजिक संगठनों द्वारा लगाए गए सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे स्टेशन परिसर और टेंट सिटी में पहुंचे श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी और मेला व्यवस्था पर प्रतिक्रिया भी ली। श्रद्धालुओं ने बिहार सरकार की ओर से की गई व्यवस्थाओं और सामाजिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पितृपक्ष मेला श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम है। सरकार तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए हर संभव व्यवस्था कर रही है। सामाजिक संस्थाओं का सहयोग इस पावन आयोजन को और अधिक भव्य व अनुकरणीय बना रहा है। तीर्थयात्रियों की संतुष्टि ही हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान जिला उपाध्यक्ष सुनील सिन्हा, विकास कुमार, अधिवक्ता मुकेश शर्मा, वेद प्रकाश, पूर्व वार्ड पार्षद मनोज कुमार, दीनानाथ, नागेंद्र चंद्रवंशी, पिंटू विश्वकर्मा, विराज कुमार, राम पुकार सिंह, पवन कुमार, संतोष सिंह, बसंत परमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गयाजी एयरपोर्ट पर केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे का भव्य स्वागत




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को केंद्रीय राज्य मंत्री, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, शोभा करंदलाजे गया पहुंचीं। उनके आगमन पर गया एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मांझी, जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, सुनील कुमार सिन्हा, सुधांशु मिश्रा, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभू यादव, प्रदेश नेता राम पुकार सिंह, जिला व्यवसाय मंच संयोजक ऋषि लोहानी, भाजपा नेता पवन कुमार चंद्रवंशी और आर्यन भारती समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित में निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प दोहराया। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को शोभा करंदलाजे गया के पिलग्रिम हॉस्पिटल में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ रोगियों के बीच फल वितरण करेंगी। यह कार्यक्रम समाज सेवा की भावना को बढ़ावा देने और जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि सेवा पखवाड़ा राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसके माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक सहयोग पहुंचाने और जनकल्याण के कार्यों को गति दी जा रही है।

# भारतीय रेल में पहली बार प्राचार्य सम्मेलन

## प्रशिक्षण की गुणवत्ता और आधुनिकता पर विशेष बल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने अपने कर्मचारियों के प्रशिक्षण को बेहतर और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसी कड़ी में पहली बार मल्टी डिसिप्लिनरी जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स के प्राचार्यों का सम्मेलन ट्रैफिक निदेशालय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। वर्तमान में भारतीय रेल के कुल 14 संस्थान फील्ड स्टाफ को प्रशिक्षण देते हैं। यहां नए भर्ती कर्मचारियों को शुरुआती कोर्स और कार्यरत स्टाफ को समय-समय पर रिफ्रेशर ट्रेनिंग दी जाती है।

सम्मेलन में प्रमुख चर्चा केस स्टडीज के उपयोग पर हुई जिनके माध्यम से ट्रेन संचालन और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं को बेहतर तरीके से समझाया जा सके। साथ ही प्रशिक्षण को अधिक संवादात्मक और रोचक बनाने के लिए सिमुलेटर के उपयोग को बढ़ाने पर विचार किया गया। प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए नियमित फीडबैक संग्रह की व्यवस्था करने का भी निर्णय लिया गया। सम्मेलन में विभिन्न एमडीज़ेटीआई संस्थानों द्वारा तैयार किए गए प्रशिक्षण और लेक्चर वीडियो को एक साझा प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया, जिससे कर्मचारियों को एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्राप्त हो सके।

# ओजोन दिवस पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् ने किया संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आजोन स्तर के परिरक्षण का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस आज है। इस अवसर पर पृथ्वी के समतापमंडल में स्थित 'आजोन परत जो सूर्य से पृथ्वी पर आने वाली घातक पराबैगनी किरणों को रोकती है के परिरक्षण हेतु विश्व भर में जागरुकता अभियान चलाया जाता है। इस वर्ष ओजोन दिवस के अवसर पर दिया गया थीम है- बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में डॉ. डी.के. शुक्ला, अयक्ष, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् सदस्य-सचिव नीरज नारायण, भा.व.से. एवं पर्षद् के सभी वैज्ञानिक एवं अभियंतागण सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। इस संगोष्ठी के माध्यम से ओजोन परत एवं इसके संरक्षण हेतु व्यक्तिगत स्तर पर किये जाने वाले व्यवहारिक बातों से अवगत कराया गया। दिसम्बर, 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में लिए गये निर्णय के आलोक में प्रतिवर्ष 16 सितम्बर को मनाते हैं। इस दिवस को विश्व ओजोन दिवस भी कहते हैं। पर्षद् के वैज्ञानिक सलाहकार एस.एन. जायसवाल द्वारा विश्व ओजोन दिवस पर एक व्याख्यान दिया गया। उन्होंने ओजोन दिवस, 2025 के थीम की पृष्ठभूमि में वैज्ञानिकी शोध, ओजोन परत एवं इसके विघटन करने वाले पदार्थों एवं इसके चरणबद्ध तरीकों से हटाने से संबंधित वैश्विक एवं राष्ट्रीय स्तर पर किये गये प्रयासों के संबंध में जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि मांट्रियल प्रोटोकाल जो एक अन्तर्राष्ट्रीय संधि है, के आलोक में केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है। इस नियमावली के द्वारा आजोन क्षयकारी पदार्थों का उत्पादन, निर्यात, बिक्रय, आयात आदि को विनियमित किया गया है। मांट्रियल प्रोटोकाल के विभिन्न संशोधन के आलोक में इस अधिसूचना में भी प्रासंगिक संशोधन किये गये हैं। राज्य पर्षद् के वैज्ञानिक सलाहकार एस.एन. जायसवाल ने अपने सम्बोधन में बताया कि पृथ्वी ही एक ऐसा ग्रह है जहां जीवनयापन हेतु पर्याप्त वायु, जल एवं भोज्य सामग्रियां उपलब्ध है।

# मेट्रो के परिचालन से पूर्व सभी सुरक्षा मानकों की हुई पड़ताल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग ने मंगलवार को पटना मेट्रो डिपो, रॉलिंग स्टॉक तथा प्रायोरिटी कॉरिडोर के तीन स्टेशनों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रॉलिंग स्टॉक, स्टेशन सुविधाओं एवं डिपो की प्रत्येक बिंदु की गहन समीक्षा की और सुरक्षा, संरक्षा व परिचालन मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही पटना मेट्रो ने आम लोगों के लिए सुरक्षित, आधुनिक और विश्वसनीय परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में अपना एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ा दिया है। इसके उपरांत आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग सह पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएमआरसीएल) के प्रबंध निदेशक अभय कुमार सिंह, पीएमआरसीएल की अपर प्रबंध निदेशक सह नगर विकास एवं आवास विबाग की संयुक्त सचिव अभिलाषा शर्मा के साथ पीएमआरसीएल एवं डीएमआरसी के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। बैठक में श्री गर्ग ने स्पष्ट कहा कि मेट्रो के संचालन में जन सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेट्रो का संचालन शुरू करने के लिए सभी सुरक्षा व परिचालन प्रोटोकॉल का पूर्णतः पालन अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि परियोजना के प्रत्येक चरण जैसे योजना, निर्माण, संचालन व अनुरक्षण में सुरक्षा को सर्वोपरि रखा जाएगा। श्री गर्ग ने सभी हितधारकों के बीच संपूर्ण समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अपने निरीक्षण एवं समीक्षा के दौरान सुरक्षा, संचालन और अनुरक्षण से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की और कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रॉलिंग स्टॉक को 40 किमी प्रतिघंटा की रफ़्तार से चलाकर सभी मानकों की खुद जांच की।

# पांच माह से फरार आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के चबुरा पंचायत अंतर्गत कैथी मठिया गांव से गाली-गलौज और मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार आरोपी मुन्ना गिरी पिता स्व. तपेश्वर गिरी बीते साढ़े पांच माह से पुलिस की पकड़ से बाहर था। यह मामला कांड संख्या 47/25 से संबंधित है जिसकी प्राथमिकी धर्मेंद्र गिरी के फर्द बयान के आधार पर दर्ज की गई थी। मंगलवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के उपरांत दोपहर लगभग 2 बजे आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। आंती थाना प्रभारी मीरा कुमारी ने बताया कि मामला आपसी विवाद से संबंधित है जिसमें गाली-गलौज और मारपीट की घटना हुई थी। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में शामिल शेष अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# बिहार में पांच वर्षों में 23 लाख महिलाओं के नाम हुई संपत्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में महिलाओं और लड़कियों को सशक्त करने की दिशा में एक नया इतिहास रचा जा रहा है। पिछले पांच वर्षों (2020-2025) में 23 लाख 29 हजार 869 महिलाओं और लड़कियों के नाम पर अचल संपत्तियों यानी जमीन-जायदाद या फ्लैट समेत ऐसी अन्य संपत्तियों का निबंधन किया गया है। इनमें 29 हजार 879 नाबालिग लड़कियां भी शामिल हैं। यह कदम न सिर्फ महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत कर रहा है। बल्कि, उन्हें आत्मनिर्भरता का अहसास भी करा रहा है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के आंकड़े के अनुसार, इन संपत्तियों में मुख्य रूप से जमीन, मकान और फ्लैट शामिल हैं। इससे सरकार को 333 अरब 52 करोड़ 95 लाख रुपये स्टाम्प ड्यूटी और 21 अरब 31 करोड़ 74 लाख रुपये से अधिक निबंधन शुल्क की प्राप्त हुई है। महिलाओं और लड़कियों के नाम पर संपत्ति निबंधन की संख्या में हर साल वृद्धि देखी गई है। 2020-21ः इस वर्ष 3 लाख 37 हजार 850 महिलाओं और लड़कियों के नाम पर संपत्ति निबंधन हुआ है जिसमें 5,332 नाबालिग लड़कियां हैं। इनमें 3 लाख 33 हजार 33 जमीन, 3,258 जमीन के साथ मकान, 530 मकान और 1,049 फ्लैट शामिल हैं। 2021-22ः 4 लाख 15 हजार 653 महिलाओं और लड़कियों के नाम पर संपत्ति दर्ज हुई है जिसमें 6,044 नाबालिग थीं।

# श्रम संसाधन विभाग का सराहनीय प्रयास

## दिव्यांग युवाओं के बीच स्टडी किट व टूलकिट का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने और स्वरोजगार के इच्छुक दिव्यांग अभ्यर्थियों के बीच श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत अवर प्रादेशिक नियोजनालय द्वारा निःशुल्क स्टडी किट एवं टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद के द्वारा दिव्यांग अभ्यर्थियों के बीच स्टडी किट एवं टूलकिट का वितरण किया गया। इस मौके पर दीपक आनंद ने युवाओं को स्टडी किट से प्रतियोगिता परीक्षाओं सफलता हासिल कर अपना लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने टूलकिट प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को भी स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि राज्य के नियोजनालयों द्वारा प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को स्टडी किट और बेरोजगार दिव्यांग युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए निशुल्क टूलकिट उपलब्ध कराये गए हैं। इस अवसर पर नियोजनालय में निबंधित वैसे आठ दिव्यांग अभ्यर्थियों को जो विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और आर्थिक रूप से कमजोर हैं, के बीच प्रतियोगिता परीक्षाओं से सम्बंधित पुस्तकें स्टडी किट के रूप में प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में विशेष नियोजनालय द्वारा कुल दस दिव्यांग अभ्यर्थियों को भी निःशुल्क टूलकिट उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा अवर प्रादेशिक नियोजनालय द्वारा भी कुल 31 दिव्यांग अभ्यर्थियों को निःशुल्क टूलकिट उपलब्ध कराये गए हैं। दिव्यांगों के लिए गठित विशेष नियोजनालय की सहायक निदेशक प्रियंका वर्मा ने बताया कि अब दिव्यांग अभ्यर्थियों के बीच स्टडी किट एवं टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन लगातार किया जाएगा। साथ ही उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे विशेष नियोजनालय एवं अवर प्रादेशिक नियोजनालय में अपना आवेदन जमा करें और सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाएं।

# बाइक की डिक्की से दो लाख की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी (गयाजी)।** गयाजी जिला के डोभी प्रखंड में बाइक की डिक्की से दो लाख की चोरी, पीड़ित ने की थाने में शिकायत। मिली जानकारी के अनुसार मुंगेशरपुर निवासी नागेंद्र यादव ने पीएनबी डोभी शाखा से दो लाख रुपये निकाले और राशि को अपनी बाइक की डिक्की में रखकर मटनमोड़ स्थित छड़-सीमेंट की दुकान पर सामान लेने गए। कुछ देर बाद जब बाहर लौटे तो डिक्की से रुपये गायब थी और कपड़े बाहर गिरे पड़े थे। घटना की सूचना पीड़ित ने स्थानीय डोभी थाना को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस मामले की पुष्टि डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने की। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार-पखवारा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** गयाजी जिला के डोभी में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संचालित कार्यक्रम स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार-पखवारा का आयोजन किया जाना है। यह कार्यक्रम सभी स्वास्थ्य संस्थानों में किया जायेगा। यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक संचालित होनी है। इस दरम्यान कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी के सभागार में स्वास्थ्य संस्थानों के सभी ए. एन. एम एवं आशा दीदी को प्रशिक्षण दी गई। उक्त कार्यक्रम के तहत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जांच, गैर संचारी रोग जैसे डायबिटीज एवं उच्च रक्तचाप की जांच, टीवी मरीजों की जांच, कैंसर मरीजों का स्क्रीनिंग की जानी है। इसके साथ ही आरबीएसके दल के द्वारा कस्तूरबा विद्यालय एवं गर्ल्स उच्च विद्यालयों में छात्राओं को मेंस्ट्रूअल हाइजीन, अनेमिया की जांच, माहवारी के दरम्यान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ हीं टीकाकरण का कार्य एवं भव्या लाइट डिजिटल अप्लीकेशन के माध्यम से मरीजों का निबंध करना, आभा आइडी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा आयुष्मान आइ डी बनाना भी शामिल है। कार्यक्रम का उद्घाटन उक्त संस्थान अंतर्गत स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा की जाएगी। सभी संचालित कार्यक्रमों का फोटो एवं वीडियो एवं आंकड़े वेबसाइट पर अपलोड की जानी है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मुख्यालय स्तर पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड अनुश्रवन एवं मूल्यांकन सहायक और प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक को, नोडल घोषित की गई है। प्रशिक्षण के अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डॉक्टर शिवशंकर झा, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार, प्रखंड सामुदायिक उत्तप्रेरक सीमा गुप्ता, प्रखंड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक रूपेश कुमार, डब्लू एच ओ, मॉनिटर रविशंकर प्रसाद, डाटा ऑपरेटर राहुल कुमार एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रितेश कुमार, प्रियंका कुमारी इत्यादि उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति की गई।

**कार्यालयः– जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा।**
**समाहरणालय परिसर, विकास भवन–बी, प्रथम तल्ला**
**Email ID – garhwamdm@gmail.com**

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन सं0–13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के आधार पर इण्टर प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 1 से 5) के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची जाँच पत्रक के साथ दिनांक–18.09.2025 को क्र0स0 1401 से 1482, दिनांक 19.09.2025 को क्र0स0 1483 से 1564 एवं दिनांक 20.09.2025 को क्र0स0 1565 से 1647 को काउंसिलिंग हेतु जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.garhwa.nic.in** पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु हेल्पलाईन नंबर– 9304515448, 8210307876 पर सम्पर्क कर सकते है।

अतः संबंधित सफल अभ्यर्थी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल में काउंसिलिंग हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अनुपस्थिति की स्थिति में अभ्यर्थियों की जवाबदेही स्वयं की होगी।

**काउंसिलिंग स्थल एवं समयः–**
**कार्यालयः**– जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा के सभागार कक्ष, पुराना समाहरणालय।
**समयः**– पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक।

विश्वासभाजन
जिला शिक्षा अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 362133 (Human Resource Developement) 25-26 (D)

# इंजीनियर्स डे पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** गया अभियंत्रण महाविद्यालय में इंजीनियर डे के अवसर पर 'माइंडस्पार्क : क्विज एरीना' का आयोजन कांफ्रेंस हॉल में किया गया। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक डॉ. प्रलयंकर कुमार सिंह के निर्देशन में तथा प्राचार्य डॉ. राजन सरकार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। क्विज प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग द्वितीय सेमेस्टर के प्रियांशु भारद्वाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि सिविल इंजीनियरिंग द्वितीय सेमेस्टर के निहाल राज उपविजेता रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजन सरकार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इंजीनियर समाज के निर्माण की धूरी हैं। उनका ज्ञान, परिश्रम और नवाचार ही देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करता है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों और छात्रों ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं तथा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवाचार और रचनात्मकता को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। छात्रों ने कहा कि इस कार्यक्रम से हमें समय की सदुपयोग्ता और प्राप्त अंकों की जीवन में क्या महत्ता है की सिख मिली। निश्चित तौर पर भविष्य में इसे अमल कर लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

# राष्ट्रकवि दिनकर जयंती 21 को मनाई जाएगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** विगत कई वर्षों से मां निर्दोष सेवा केंद्र के तत्वावधान में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती समारोह का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी यह आयोजन अपने उच्च स्तरीय स्वरूप में 21 सितंबर को टिकारी राज इंटर कॉलेज टिकारी के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में कई निजी एवं सरकारी विद्यालय के बच्चे भाग ले रहे हैं। बच्चों के द्वारा राष्ट्रकवि दिनकर द्वारा रचित कविताओं का पाठ, निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया जाएगा। इस कार्यक्रम में सांसद अभय कुमार सिन्हा, पूर्व मंत्री प्रो. रामजतन सिन्हा, सेवानिवृत्त विशेष सचिव राय मदन किशोर एवं दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के भारतीय भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुरेश चंद्र ने शामिल होने की सहमति प्रदान किया है।

कार्यक्रम के आयोजक हिमांशु शेखर ने बताया कि इस समारोह में ज्ञान भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वीपीएन ग्लोबल स्कूल, टिकारी राज इंटर कॉलेज टिकारी, आदर्श मध्य विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय सहित कई विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर स्कूली बच्चों में बेहद उत्साह देखा जा रहा है। यह कार्यक्रम सरकारी एवं निजी विद्यालय के बच्चों को एक मंच पर आने का अवसर प्रदान करता है। यह आयोजन राष्ट्रकवि के साहित्यिक योगदान को स्मरण एवं नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, भाषा, संस्कृति और समाज सेवा के प्रति प्रेरणा का संचार करता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए हिमांशु शेखर, संजय अथर्व और सौरव शर्मा विद्यालयों से संपर्क कर रहे हैं।

**AFFIDAVIT**

(Affidavit Related Both ar same Person)

I, Lal Muni Devi Aged about Years, W/o, Satya Nand Prasad resident of Mohalla/ village Pendapur P.O. Gurua, P.S.Gurua District. Gaya, do hereby solemnly affirm and declare as follows-

1. That my name is Lal muni Devi which is mentioned in Lila Devi Adhar card
2. That also my name is Lal muni Devi which is mentioned in Ration card
3. That both names Lal muni Devi And Lila Devi indicates same person, so I am swearing this affidavit.

I, Lal muni Devi, the deponent do hereby declare that the contents of this affidavit from para 1 to 3 are true to the best of my personal knowledge and belief Affidavit No. 1310 Date 15.9.25

**Deponent**
LAL MUNI DEVI

**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**
**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin Code-822132**
Email:- nagarpanchayatbisrhampur2010@gmail.com

**आम–सूचना**

**"स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता–2025"**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि पूजा एवं त्योहारों के अवसर पर श्रद्धालूओं की भीड़ एवं पंडालों के इर्द–गिर्द ठोस अपशिष्ट का बढ़ना आम बात है। जिसको कम करने का उत्तरदायित्व आम नागरिकों का भी है। उक्त प्रयास में आगामी दुर्गा पूजा में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतू "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता" का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। निकाय अन्तर्गत आने वाले पूजा पंडालों की स्वच्छता का मूल्यांकन दिनांक 22 से 02 अक्टुबर 2025 के दौरान निकाय अन्तर्गत गठित टीम/समिति के द्वारा नीचे दिए तालिका में अंकित मापदंडो के आधार पर किया जाएगा। मापदंड निम्नवतः हैः–

| क्र0सं0 | मापदंड | अंक |
|---|---|---|
| 01 | पूजा पंडाल से निकलने वाले कचड़ा का पृथक्करण। | 10 |
| 02 | प्रसाद वितरण हेतू कागज/जूट या किसी अन्य बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों से बने ठोंगों का उपयोग। | 10 |
| 03 | पूजा पंडाल/परिसर में सफाई हेतू सफाई मित्र की भागीदारी। | 10 |
| 04 | पूजा पंडाल/परिसर में गीले तथा सू खे कचरें को पृथक रखने हेतू पर्याप्त सं0 में हरे तथा नीले कुड़ेदानों की व्यवस्था एवं प्रयोग। | 10 |
| 05 | पूजा पंडाल में स्वच्छता से संबंधित विज्ञापन पट्ट का अधिष्ठापन/ध्वनि विस्तारक यन्त्र (जिंगल इत्यादि)/ऑडियो विजुअल (एल0ई0डी स्क्रीन) के माध्यम से प्रचार–प्रसार। | 10 |
| 06 | थकने हेतु स्थान की व्यवस्था एवं नागरिकों द्वारा इसका प्रयोग। | 10 |
| 07 | जूलुस के दौरान न्युनतम प्लास्टिक अपशिष्ट उत्पादन। | 10 |
| 08 | Single Use Plastic का प्रयोग निषेध। | 10 |
| 09 | विसर्जन घाट पर न्युनतम अपशिष्ट उत्पादन। | 10 |
| 10 | पूजा समिति/नागरिकों द्वारा किये गए अभिनव (Inovative) कार्य। | 10 |
| | कुल | 100 |

प्रशासक,
नगर परिषद बिश्रामपुर।

PR 362159 (District) 25-26 (D)

संपादकीय

# सुशीला कार्की के समक्ष कई चुनौतियां

नेपाल में जेन जी द्वारा किए गए तख्ता पलट के बाद चली लंबी चर्चा के पश्चात न्यायविद सुशीला कार्की देश की अंतरिम प्रधानमंत्री बन गई हैं। राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। भारत ने उन्हें यह जिम्मेदारी संभालने के लिए बधाई दी है और भारत नेपाल रिश्ते और मजबूत होने की कामना की है। हालांकि सुशीला का आंदोलनकारियों के एक धड़े द्वारा यह कहकर विरोध किया जा रहा था कि वे भारत समर्थक हैं, लेकिन नेपाल की जनता देख चुकी है कि चीन समर्थकों ने नेपाल का क्या हाल कर दिया है। भारत के लिए राहत की बात यह है कि सुशीला भारत में बनारस हिंदू विवि की पूर्व छात्रा हैं और भारत को अच्छी तरह से जानती समझती हैं। नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रहीं हैं। पूर्व में सुशीला कार्की को अपने सख्त रवैये के कारण महाभियोग का सामना कर पद से त्याग पत्र देना पड़ा था। वर्तमान में सुशीला कार्की ने केपी शर्मा ओली की जगह ली है, जिन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों और सोशल मीडिया बैन के खिलाफ़ युवाओं के भारी विरोध के बीच मंगलवार को इस्तीफ़ा दे दिया था। 73 वर्षीय सुशीला कार्की को ईमानदार छवि वाले नेता के रूप में जाना जाता है। उन्हें अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए युवा प्रदर्शनकारियों के एक वर्ग का समर्थन प्राप्त था। सुशीला कार्की ने जिन परिस्थितियों में नेपाल की कमान संभाली है, वह देश के अब तक की सर्वाधिक चुनौती भरी परिस्थितियां हैं। हालांकि पद संभालने के बाद कार्की ने कहा कि युवाओं का विश्वास उन पर है और वे चाहते हैं कि चुनाव कराए जाएँ और देश को अराजकता से निकाला जाए। मैं एक छोटे समय के लिए सरकार चला सकती हूँ, ताकि चुनाव कराए जा सकें। उन्होंने कहा कि मेरा पहला ध्यान उन लड़कों और लड़कियों पर होगा, जो आंदोलन में मारे गए। अगली मांग देश से भ्रष्टाचार हटाने की है। उनके शब्दों में, बाक़ी माँगें तभी पूरी हो सकती हैं, जब सरकार बनेगी। एक साक्षात्कार में नेपाल की भारत से उम्मीदों पर सुशीला कार्की ने कहा कि भारत और नेपाल के रिश्ते बहुत पुराने हैं। सरकारें अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन जनता का रिश्ता बहुत गहरा है। मेरे बहुत से रिश्तेदार और परिचित भारत में हैं। अगर उन्हें कुछ होता है, तो हमें भी आँसू आते हैं। हमारे बीच गहरी आत्मीयता और प्रेम है। भारत ने हमेशा नेपाल की मदद की है। हम बेहद क़रीबी हैं, जैसे रसोई में बर्तन एक साथ हों तो कभी-कभी आवाज़ होती है, वैसे ही छोटे-मोटे मतभेद हो सकते हैं, लेकिन रिश्ता मज़बूत है। लेकिन जिन हालात में सुशीला कार्की ने अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी संभाली है, वह बहुत नाजुक दौर है। उनके सामने लोगों का लोकतंत्र में भरोसा कायम रखने की बड़ी चुनौती है। हालांकि उन्होंने पद से संभालते ही ऐलान कर दिया था कि वो केवल अंतरिम प्रधानमंत्री हैं। देश में 5 मार्च को आम चुनाव कराए जाएंगे और नई चुनी हुई सरकार सत्ता संभालेगी। इसका अर्थ यही है कि सुशीला की अपनी कोई सत्ताकांक्षा नहीं है। नई सरकार कैसी बनती है, किसकी बनती है, यह आगे की बात है। सुशीला कार्की ने आंदोलनकारी की एक मांग मानते हुए पूर्व प्रधानमंत्री के.पी.शर्मा ओली के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी है। ओली पर आंदोलनकारी छात्रों की हत्या का मुकदमा चलेगा। ओली सरकार जाने से देश के वामपंथी खेमे में चिंता है। दूसरी तरफ राजशाही चाहने वाले भी सक्रिय हैं। हालांकि लगता है कि नेपाल अभी संवैधानिक लोकतंत्र की राह पर ही चलेगा। फिलहाल नेपाल जिस उथल-पुथल से गुजर रहा है, वह बेहद चुनौतीपूर्ण है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर विशेष

# सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के शिल्पी मोदी



अमित शाह

17 सितम्बर का दिन कई कारणों से इतिहास में महत्वपूर्ण है। आज के दिन सभी शिल्पकार बंधु व कामगार लोग हर्षोल्लास से विश्वकर्मा जयंती मनाते हैं। आज ही के दिन हैदराबाद को क्रूर निज़ाम और रज़ाकारों से मुक्ति मिली थी। और, आज के ही दिन एक ऐसे जनसेवक का भी जन्म हुआ, जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश और देशवासियों को समर्पित कर दिया - हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी। मोदी जी का यह जन्मदिन विशेष है, क्योंकि यह उनका 75वाँ जन्मदिन है। मैं 140 करोड़ देशवासियों की ओर से मोदी जी को मनपूर्वक जन्मदिन की बधाई देता हूँ और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि भारत के मजबूत भविष्य के निमित्त वे मोदी जी को लंबी आयु, ऊर्जा और स्वास्थ्य प्रदान करें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ दशकों से कार्य करते हुए मैंने यह अनुभव किया है कि उनका व्यक्तित्व एक राजनेता से कहीं बढ़कर राष्ट्रहित को समर्पित एक ध्येयनिष्ठ नेतृत्वकर्ता का है। ऐसे नेतृत्वकर्ता, जिनके नेतृत्व के मूल में राष्ट्र का उत्थान और जनता का कल्याण ध्येयवाक्य की तरह विद्यमान है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की विशेषता है कि वे अपने शासन में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दृष्टि रखते हैं। समाज का कोई भी वर्ग और व्यक्ति विकास से वंचित न रहे, इस उद्देश्य के साथ नीतियों के निर्माण और क्रियान्वयन पर उनका जोर रहता है। वे शासन को सत्ता का साधन नहीं, सेवा का माध्यम मानते हैं। यही कारण है कि उनकी सरकार में गरीब-कल्याण को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएँ न केवल शुरू हुईं, अपितु सफलतापूर्वक अपने लक्ष्यों को प्राप्त भी कर रही हैं।

हम देख सकते हैं कि जनधन योजना ने पचास करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ते हुए वित्तीय समावेशन की नई इबारत लिखी; उज्ज्वला योजना ने घर-घर तक धुएँ से मुक्ति और सम्मानजनक जीवन का संदेश पहुँचाया; आयुष्मान भारत ने गरीबों को स्वास्थ्य की सुरक्षा दी, तो वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीब वर्ग को अपने घर का सपना पूरा करने का अवसर दिया। जब भी मैं ऐसी योजनाओं के किसी लाभार्थी की आँखों में संतोष और भरोसा देखता हूँ, तो समझ में आता है कि मोदी जी का शासन किस प्रकार से जनकल्याण के उद्देश्य को धरातल पर साकार कर रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रूप में उन्होंने देश के अनेक हिस्सों में समाज के हर वर्ग के साथ संवाद किया। उनके तपस्वी जीवन का यह वह दौर था, जिसमें उन्होंने देश की आत्मा को नजदीकी से न सिर्फ देखा, बल्कि वह उसकी आतंरिक शक्ति से रूबरू हुए। उनका यह अनुभव उनकी शासन की नीति व कार्यशैली में गरीबो-वंचितों के प्रति संवेदना के रूप में परिलक्षित होता है। संघ के प्रचारक के रूप में ही मोदी जी ने संगठन कला के गुण सीखे और बाद में भाजपा के संगठन शिल्पी के रूप में उन्होंने संगठन कार्य को युगानुकुल बनाने के लिए अनेक सफल नवाचार और प्रयोग किये। मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूँ कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप में मुझे मोदी जी के मार्गदर्शन व उनके संगठनात्मक अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर अमल में लाने का अवसर मिला।



कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता से ही मजबूत नेतृत्व की पहचान होती है। इस मामले में मोदी जी की नेतृत्व क्षमता अलग ही लोहे से बनी है। अक्सर मैंने देखा है कि बड़ी से बड़ी परिस्थितियों में भी वे असाधारण धैर्य और स्पष्ट दृष्टि रखते हैं। 2014 के बाद से ऐसे अनेक अवसर आए, जब देश को बड़े और कड़े निर्णयों की आवश्यकता थी। ऐसे सभी अवसरों पर प्रधानमंत्री मोदी जी ने नेतृत्व के सूत्रों को पूरी दृढ़ता और कुशलता से थामे रखा और राष्ट्रहित के अनुरूप निर्णय लिए। नोटबंदी और जीएसटी जैसे कदमों ने आर्थिक सुधारों को गति देते हुए हमारी अर्थव्यवस्था में एक नया अध्याय जोड़ा। अनुच्छेद-370 का ऐतिहासिक उन्मूलन तो सदियों तक याद रखी जाने वाली घटना है। यह निर्णय केवल राजनीतिक साहस को ही नहीं, अपितु राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति मोदी जी की अटूट आस्था को भी दर्शाता है। तीन तलाक जैसी सामाजिक कुरीति पर रोक लगाने का निर्णय महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा का साहसिक कदम था। ये निर्णय आसान नहीं थे। इनमें से कई निर्णयों का विरोध भी हुआ, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी कभी विचलित नहीं हुए। उनके भीतर यह दृढ़ विश्वास था कि यदि राष्ट्रहित में कोई कार्य आवश्यक है, तो उसे विरोध और आलोचना की परवाह किए बिना हर परिस्थिति में पूरा किया जाना चाहिए। अधिक पुरानी बात नहीं है, जब कोविड-19 जैसी महामारी ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया था। ऐसे कठिन समय में भी मोदी जी ने न केवल जनता को आश्वस्त किया, अपितु देश के उद्योगों, वैज्ञानिकों और युवाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया। विश्व यह सोच रहा था कि इस महामारी में भारत का क्या हाल होगा! लेकिन यह हमारे नेतृत्व की कुशलता का ही कमाल था कि देश में न केवल रिकॉर्ड समय में वैक्सीन का निर्माण हुआ, अपितु तकनीक से संचालित निःशुल्क टीकाकरण अभियान के माध्यम से हमने दुनिया के सामने कोविड प्रबंधन का अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मसम्मान से कोई समझौता संभव नहीं। उरी हमले के बाद की सर्जिकल स्ट्राइक ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत अब आतंकवाद का मूकदर्शक नहीं रहेगा। पुलवामा की घटना के पश्चात हुई बालाकोट एयर-स्ट्राइक ने इस संकल्प को और भी सुदृढ़ किया। हाल ही में पहलगाम हमले के उत्तर में 7 मई 2025 को संचालित 'ऑपरेशन सिन्दूर' ने इस नीति को निर्णायक रूप से स्थापित किया कि जब-जब देश की अस्मिता और नागरिकों की सुरक्षा पर चोट पहुँचेगी, भारत पूरे साहस और दृढ़ता के साथ उसका प्रत्युत्तर देगा। इन कार्रवाइयों ने न केवल देशवासियों के भीतर विश्वास और गौरव की भावना को सशक्त किया, अपितु विश्व को भी यह संदेश दिया कि नया भारत अपने हितों की रक्षा के लिए हर परिस्थिति का सामना करने को तैयार है।

विदेश नीति के क्षेत्र में भी मोदी जी की कार्यशैली अद्वितीय है। आज जब वे किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर खड़े होकर आत्मविश्वास से भारत का पक्ष रखते हैं, तो हम सबके भीतर भी गर्व की लहर दौड़ जाती है। पहले जहाँ भारत को अक्सर एक उभरते हुए राष्ट्र के रूप में देखा जाता था, वहीं अब मोदी जी के नेतृत्व में भारत वैश्विक नेतृत्वकर्ता की भूमिका लेने की ओर अग्रसर है। चाहे पेरिस जलवायु समझौता हो, जी- 20 सम्मेलन हो या संयुक्त राष्ट्र में दिया गया संबोधन - हर जगह उनका आत्मविश्वास भारत की बढ़ती शक्ति और गौरव का प्रतीक रहा है।

नरेंद्र मोदी जी को जितना मैंने जाना है, उसके आधार पर यह कहता हूँ कि उनका व्यक्तित्व केवल नीतियों और कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है। उनके भीतर एक विशेष करिश्मा है, जिससे वे सीधे जनता से जुड़ जाते हैं। उनकी वाणी में सहजता और सरलता का वह कौशल है, जो संवाद करते हुए उन्हें सीधे जनता के मन तक पहुँचा देता है। वे जब रेडियो पर 'मन की बात' करते हैं, तो करोड़ों लोग महसूस करते हैं कि प्रधानमंत्री सीधे उनसे संवाद कर रहे हैं। किसी गाँव का कोई किसान हो या शहर का कोई छात्र हो अथवा कोई गृहिणी हो, हर कोई उनसे आत्मीयता का अनुभव करने लगता है। यह कोई सामान्य बात नहीं है। आज जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूँ, तो पाता हूँ कि श्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत को केवल आर्थिक और राजनीतिक रूप से ही नहीं, अपितु मानसिक और सांस्कृतिक रूप से भी सशक्त बनाया है। भारत की आतंरिक शक्ति की सही समझ रखने वाले मोदी जी का ही विजन है कि 2047 में जब भारत स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण करे, तब हमारा देश 'आत्मनिर्भर भारत' और एक महान देश के रूप में पुनः विद्यमान हो, और इसकी पूर्ति के लिए वे अपनी दूरदर्शी नीतियों से देश को तेजी से इस दिशा में ले जा रहे हैं। उन्होंने हर भारतीय के भीतर यह विश्वास जगाया है कि हम विश्व में किसी से कम नहीं हैं। पिछले 11 वर्षों में एक उनके नेतृत्व में देश ने आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की नई ऊँचाइयाँ छुई है, जो मेरी नजर में ऐतिहासिक भी है और अद्वितीय भी।

वस्तुतः सच्चा नेतृत्व वही होता है, जो हर क्षण राष्ट्र को समर्पित हो और जिसकी दृष्टि वर्तमान से कहीं आगे भविष्य तक देखती हो। नरेंद्र मोदी जी का यही व्यक्तित्व आज भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।

( लेखक केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री हैं )

अध्यात्म

## बिना सोचे-समझे दूसरों की बातों में नहीं आना चाहिए



बहुत समय पहले की बात है। एक गाँव में एक गरीब ब्राह्मण रहता था। एक दिन उसे एक परिवार ने ब्राह्मण भोज पर बुलाया। भोजन के बाद वे लोग ब्राह्मण को दान स्वरूप एक बकरा देकर विदा करने लगे। ब्राह्मण उस बकरे को कंधे पर रखकर खुशी-खुशी अपने घर की ओर चल पड़ा।

रास्ता लंबा और सुनसान था। उसी समय तीन ठगों की नज़र ब्राह्मण पर पड़ी। उन्होंने मिलकर योजना बनाई कि किस तरह उस बकरे को हथियाया जाए। तीनों ने तय किया कि वे अलग-अलग समय पर ब्राह्मण के पास जाकर उसे धोखा देंगे।

पहला ठग उसके पास पहुँचा और बोला - ÷पंडितजी, यह आपने क्या कर दिया? ब्राह्मण होकर कंधे पर कुत्ता उठाकर जा रहे हैं!÷ ब्राह्मण हैरान हुआ और बोला - ÷अरे, यह कुत्ता नहीं, बकरा है। झूठ क्यों बोलते हो?÷ ठग हँसते हुए बोला - ÷आपकी मर्जी, मैंने तो बस कहा।÷

थोड़ी दूर चलने पर दूसरा ठग मिला। उसने भी वही बात कही - ÷पंडितजी, बड़े लोग अपने कंधे पर कुत्ता नहीं उठाते।÷ ब्राह्मण ने उसे भी डांट दिया और आगे बढ़ गया।

आखिर में तीसरा ठग आया और उसने भी वही बात दोहराई - ÷पंडितजी, कुत्ते को ऐसे लेकर जाना ठीक नहीं।÷ अब ब्राह्मण का मन डगमगा गया। उसने सोचा कि अगर तीन लोग लगातार यही बात कह रहे हैं तो कहीं यह सच तो नहीं? शक में पड़कर उसने रास्ते में ही बकरा उतार दिया और घर चला गया।

### सीख

इस कहानी से हमें यह सबक मिलता है कि झूठ को अगर बार-बार और कई लोग मिलकर बोलें, तो वह सच जैसा लगने लगता है। इसलिए हमें अपनी आँखों और दिमाग पर भरोसा करना चाहिए और बिना सोचे-समझे दूसरों की बातों में नहीं आना चाहिए।

# जीएसटी में कटौती: आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत



डॉ मणिकांत झा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिए गए संकेतों के अनुरूप जीएसटी में सुधार की नई पहल पर 3 सितंबर को मुहर लगी वहीं इसे अब 22 सितंबर से लागू करना तय माना जा रहा है। जीएसटी में सुधार के इस नई पहल से जहां आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी वहीं अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा मिलेगा। नये सुधारो के अंतर्गत दैनिक उपभोग की आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी की दरों में बड़ी कटौती की गई है। इन चीजों पर टैक्स को 12 फीसदी और 18 फ़ीसदी से घटकर सीधे 5 फीसदी के निर्धारित स्लैब में शामिल किया गया है ।जिससे यह स्पष्ट होता है कि जीएसटी के इस नए सुधारो में आम उपभोक्ताओं को सुविधा मिले इसका विशेष ध्यान रखा गया है। वास्तव में इस नए कटौती का लाभ आम उपभोक्ताओं तक सीधे पहुंच सके इसमें सरकार की भूमिका भी निहित है।वैसे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संबंधित पक्षों से संवाद कर आम जनों तक इसका लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई है।

वस्तुत~ जीएसटी दरों में कमी से दैनिक उपभोग की वस्तुएं सस्ती होगी ,इससे आम उपभोक्ताओं की बचत बढ़ेगी ,जिसका सीधा असर मांग में वृद्धि होगी। उत्पादन में वृद्धि होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे फिर बचत में वृद्धि होगी और अंततः इस आर्थिक प्रक्रियाओं से सुधारो को बल मिलेगा ।आर्थिक सुधारो को गति मिलेगी फलस्वरूप आम आदमी, किसान, उद्यमियों, निम्न व मध्यम वर्ग के लोगों के जीवन स्तर में स्वाभाविक रूप से सुधार आएगा। जीएसटी कटौती के नए प्रावधानों में चार की जगह अब दो स्लैब ही रखे गए हैं। जिसमें दैनिक जीवन की आवश्यक वस्तुएं जो आम उपभोग के लिए है उसे 18 व 12 फ़ीसदी के जीएसटी दरों के बदले नई प्रावधान के अंतर्गत सिर्फ पांच फीसदी जीएसटी लगेगी। इस तरह उपभोक्ताओं को सात फीसदी या उससे अधिक की बचत होगी। निश्चित रूप से इस बचत से उनकी क्रय शक्ति में वृद्धि होना तय है तभी वह अन्य वस्तुओं की सुविधा लेने के लिए बाजार में मांग करेंगे। नई जीएसटी के प्रावधानों के अंतर्गत 375 वस्तुओं व सेवाओं पर जीएसटी दर कम होना तय है। इतना ही नहीं कुछ अनिवार्य एवं जीवन के लिए आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी को हटा दिया गया है। जिसमें दवा सहित जरूरी मेडिकल उपकरण को भी शामिल किया गया है। वही पुरानी 12 फ़ीसदी जीएसटी स्लैब में शामिल 99 फ़ीसदी वस्तुएं निकाल कर पांच फ़ीसदी वाले स्लैब में शामिल किया गया है। जबकि पुरानी 28 फ़ीसदी स्लैब के अंतर्गत आने वाले अधिकांश वस्तुओं को 18 फ़ीसदी स्लैब में शामिल कर दिया गया है। जिससे यह प्रमाणित होता है कि जीएसटी में कटौती का प्रावधान आम जनों ,किसानों व मध्यम वर्ग के कठिनाइयों को ध्यान में रखकर ही किया गया है जिससे ऐसे वर्गों का हित सुरक्षित किया जा सके।

दूसरी ओर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि जीएसटी के इस नए दर के लागू होने के बाद सरकार के राजस्व में कमी आएगी। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि इस कमी की पूर्ति वस्तुओं की बढ़ती हुई मांग से की जा सकती है। वैसे सरकार के अन्य राजस्व स्त्रोत को बढ़ाकर भी इसकी पूर्ति तत्काल किया जा सकता है। आर्थिक घटनाओं की दृष्टि से दीर्घकाल में भी इसका लाभ लोगों को दिया जा सकता है। मुडी के द्वारा दिए गए अपनी रिपोर्ट में यह स्वीकार किया गया है कि जीएसटी के नई दरों से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलेगा जिसका सकारात्मक प्रभाव अर्थव्यवस्था पर दिखेगा ।वही सरकार के आय पर प्रतिकूल प्रभाव भी देखने को मिलेगा यानी सरकारी कोष पर बोझ बढ़ेगा। रिपोर्ट में इस बात का संकेत है कि महंगाई पर नियंत्रण पाना आसान होगा हालांकि सरकार की रेवेन्यू में 48000 करोड रुपए तक की कमी हो सकती है।



जो भी हो जीएसटी के नये स्लैब में किसानों को बड़ी राहत दी गई है। खाद पर 12 फ़ीसदी या 18 फ़ीसदी लगने वाले टैक्स की जगह अब सिर्फ 5त्न टैक्स देना होगा वही बीज और फसल के लिए जरूरी पोषक तत्व पर टैक्स 12 फ़ीसदी से घटकर 5 फ़ीसदी कर दिया गया है। बिजली के कुछ खास उपकरण पर भी टैक्स 28 फ़ीसदी से घटकर 18 फ़ीसदी हो जाएगा ।जबकि जूते चप्पल और कपड़ों पर जीएसटी 12 फ़ीसदी से घटकर 5 फ़ीसदी कर दिया गया है ।निश्चित रूप से नये स्लैब के अंतर्गत किसानों व आम जनों को इससे काफी राहत मिलेगी। इसके अलावा नमकीन, भुजिया और मिक्सर पर टैक्स 18 परसेंट से घटकर 5त्न हो जाएगा जबकि बादाम पिस्ता काजू और खजूर अब सामान्य लोग भी उपयोग में ला सकेंगे। इस पर पहले 12 फ़ीसदी टैक्स लगता था जो अब पांच फ़ीसदी टैक्स लगेगा। इस प्रकार दैनिक उपभोग की वस्तुओं पर बड़ी कटौती कर राहत दी गई है जबकि स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा प्रीमियम पर अब कोई जीएसटी नहीं लगेगा।

इस प्रकार जीएसटी कटौती में निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के लोगों के हितों को देखते हुए ही जरूरी सामानों की कीमतों में कटौती की गई है। इस श्रेणी की अधिकांश वस्तुएं 12 फ़ीसदी से घटकर 5 फ़ीसदी स्लैब में शामिल किया गया है।

आम उपभोक्ता के साथ वस्तुओं की खरीद में किसी प्रकार की धोखाधड़ी न हो इसके लिए भी सरकार सचेत है। विशेष व्यवस्था की अंतर्गत वस्तु के उत्पादन करने वाली कंपनियों को अपने पुराने और बिना बिके सामग्री पर पुराने मूल्य के साथ नया बाजार मूल्य लिखना भी अनिवार्य कर दिया है ताकि उपभोक्ताओं के साथ कोई कपट ना किया जा सके। इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नया पोर्टल प्रारंभ कर दिया गया है। जिससे यह पता लगाया जा सके कि किस उत्पाद पर कितना बचत होगा।

निस्संदेह भारत ने जीएसटी में सुधार को लेकर एक बड़ा कदम बढ़ा दिया है। जिससे आम जनों को राहत मिलेगा वहीं अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। आम परिवारों के लिए दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमत में कमी आएगी साथ ही क्रय शक्ति में भी वृद्धि होगी लेकिन इसके प्रति सरकार को अपनी जिम्मेदारियां को लेकर सचेत रहना होगा जिससे सुधरो का लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंच सके ।इसके लिए एक टीम का गठन कर कंपनियों के गतिविधियों पर विशेष नजर रखना होगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कंपनियों ने अपने उत्पादन एवं सेवाओं में उस अनुपात में कमी की है या नहीं जिस अनुपात में जीएसटी दरों में कटौती की गई है।

कहना ना होगा कि इस नए सुधार से भारत के आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा और यह अर्थव्यवस्था के लिए एक बूस्टर डोज की तरह काम करेगा। निश्चित ही भारत की स्थिति विश्व बाजार स्तर पर मजबूत होगी। आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में यह मील का पत्थर साबित होगा ऐसी पूरी संभावना है ।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं)**

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

खर्चों पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है, तभी आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकेगी। जो टेंशन थी, तो वह भी कम होगी।

**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**मिथुन**

आपके कामों में कुछ रुकावटें आएंगी, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएंगी। आपको किसी भी मामले को थोड़ा धैर्य से निपटना होगा।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको धन कमाने के नए-नए अफसर मिलेंगे। आप अपनी योजनाओं पर पूरा ध्यान लगाए।

**सिंह**

दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है, इसलिए आप कोई निवेश बहुत ही समझदारी से करें और अपने खर्चों को थोड़ा कंट्रोल करने की कोशिश करें।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। आपको कुछ अनजान लोगों से दूरियां बनाकर रखनी होगी।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो कदम उठाएंगे, उसमें सफलता अवश्य मिलेगी।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपके अंदर एक्स्ट्रा रहने से आप प्रत्येक कामों को करने के लिए तत्पर रहेंगे।

**धनु**

आपके सामने कुछ दिक्कतें बनी रहेंगी। किसी बड़े प्रोजेक्ट से भी आपको धोखा मिल सकता है। आप किसी काम को लेकर मेहनत अधिक करेंगे। घरेलू मामलों को आप मिल बैठकर निपटेंगे।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय बहुत ही सोच समझकर लेने के लिए रहेगा। जल्दबाजी में किसी काम को हां ना करें। बिजनेस के कामों में कोई बदलाव करना आपके लिए अच्छा रहेगा।

**कुंभ**

आप अपने कामों में कर्मनिष्ठ होकर आगे बढ़ेंगे। आप किसी दूसरे पर काम को लेकर डिपेंड ना रहेंगे। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी।

**मीन**

दिन खुशियों से सराबोर रहने वाला है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लगने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

# हिंदी दिवस पर रिफाइनरी नराकास राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

## गांधीनगर में पांचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित हिंदी दिवस एवं पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में रिफाइनरी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। 14-15 सितम्बर को गांधीनगर गुजरात में पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया था। सम्मेलन के दौरान राजभाषा विभाग की सचिव अंशुली आर्या ने नराकास बेगूसराय के अध्यक्ष सत्य प्रकाश रिफाइनरी प्रमुख तथा सचिव सत्येन्द्र के यादव, वरिष्ठ अधिकारी (ईएमएस एवं हिंदी) को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान नराकास बेगूसराय द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रसार-प्रचार, कार्यान्वयन और अभिनव पहल के तहत किए जा रहे निरंतर प्रयासों की स्वीकृति है। समिति ने सदैव राजभाषा नीति को व्यवहारिक रूप से सफल बनाने, कार्यालयीन कार्यकलापों में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से हिंदी के प्रोत्साहन में अग्रणी भूमिका निभाई है। यह उपलब्धि न केवल नराकास बेगूसराय के सतत प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाती है, बल्कि राजभाषा हिंदी को और अधिक प्रभावी, सशक्त एवं व्यवहारिक बनाने के हमारे सामूहिक संकल्प को भी दृढ़ करती है।

# भारत गन हाउस को पुलिस ने किया सील

## 120 कारतूस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** एसपी मनीष के निर्देश पर सदर डीएसपी आनंद कुमार पांडे के नेतृत्व में सोमवार की रात नगर थाना पुलिस ने रविवार को कारतूस तस्करी में लिप्त एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से झोले में रखे 120 जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। वहीं आरोपित की निशानदेही पर शहर के ठठेरी गली स्थित भारत गन हाउस में छापेमारी कर दुकान को सील कर दिया गया। नगर थाना पुलिस गश्त पर थी। तभी गाछी टोला के पास पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अशोक तांती (पिता- जगदेव तांती, निवासी- पंचवीर गांव, थाना साहेबपुर कमाल) बताया। तलाशी में उसके झोले से 120 कारतूस बरामद किए गए। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि वह कारतूस की सप्लाई करता है और इसके लिए वह शहर के ठठेरी गली स्थित भारत गन हाउस से कारतूस खरीदता था।नगर थाना अध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर ठठेरी गली स्थित भारत गन हाउस में छापेमारी की गई। पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर गन हाउस के संचालक मुरारी लाल शर्मा को आरोपित बनाया गया है। हालांकि छापेमारी के दौरान संचालक मौके से फरार हो गया। मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस ने भारत गन हाउस को सील कर दिया है। वहीं गिरफ्तार अशोक तांती को जेल भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गन हाउस संचालक को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### पीएम जयंती सेवा पखवारा में मनाएगी भाजपा

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सह वीरपुर के मंडल अध्यक्ष वीरसेन बिक्रम के अध्यक्षता में प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक अल्फाबेट पब्लिक स्कूल वीरपुर में की गई। जिसका संचालन मंडल महामंत्री राकेश कुमार और धन्यवाद ज्ञापन मंडल उपाध्यक्ष राम प्रवेश चौरसिया ने किया। जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष वीरसेन बिक्रम ने बताया कि 17 सितंबर को भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। जो 2 अक्टूबर तक चलेगी। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता अपने घर पर पार्टी का झंडा लगाएंगे और सम्पर्क अभियान चला कर लोगों से मिलेंगे और उनकी समस्याओं को जानेंगे। मौके पर बेगुसराय विधानसभा विस्तारक यशवंत दुबे, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम मंडल प्रभारी अमिय रंजन पोद्दार, कुंदन जोशवा, दयानंद झा, पवन कुशवाहा, रामाधार राय समेत कई भाजपा समर्थित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अंचल कार्यालय परिसर बना झील

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के वीरपुर प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय परिसर में थोड़ा सा भी वर्षा होने के बाद झील में तब्दील हो जाती है। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित आधार सेंटर में आए हुए अपने काम को करवाने के लिए आए हुए कुछ महिलाओं ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताई कि ये पदाधिकारी क्या करेंगे जिसका अपना ऑफिस के परिसर में इतना पानी जमा हो जाता है वो हम लोगों को जल जमाव से क्या बचा लेंगे। यही कारण है कि बीरपुर बाजार, फजिलपुर पंचायत भवन से लेकर मंदिर तक सड़क पर जल जमाव हो जाता है और न जाने ऐसे कितने जगह होगा। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि कार्यालय परिसर से वर्षा का पानी निकलने में घंटों समय लग जाती है।

### चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की बैठक

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय भवन में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर स्टेटिक सर्विलांस टीम एवं फलयिंग स्क्वाड की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिला पंचायत पदाधिकारी पूजा प्रीतम, राज्य कर सहायक आयुक्त अविनाश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर स्टेटिक सर्विलांस टीम एवं फलयिंग स्क्वाड की ओर से किए जाने वाले कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रोगी कल्याण समिति की बैठक मंगलवार को हुई। प्रखंड के कान्फ्रेंस हॉल में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीपीआर ओ निधि प्रिया ने की। रोगियों को सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का जनहित में उपयोग के लिए नीति निर्धारित पर विमर्श किया गया। जनहित में रोगियों के लिए मिलने वाली सुविधाओं का प्रचार प्रसार भी करने की बात हुई। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान को सफल बनाने पर विमर्श किया गया। प्रखंडाधीन सभी पंचायतों के स्वास्थ्य उपकेन्द्रों, अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर इस अभियान को सफल बनाने के लिए भी नीति निर्धारित की गयी। चूंकि शासी निकाय, रोगी कल्याण समिति की पहली बैठक थी। इसमें चयनित सदस्यों को इसके गठन, उद्देश्यों से अवगत कराया गया।

# पैक्स अध्यक्ष कार्तिक हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र के मेंहदौली पंचायत के पैक्स अध्यक्ष कार्तिक कुमार सिंह को पैक्स में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है। वे प्रखंड क्षेत्र में अकेले ऐसे पैक्स अध्यक्ष हैं। जिन्हें बेहतर कार्य के लिए सहकारिता विभाग द्वारा सम्मानित किया गया है। रविवार को बेगूसराय जिला अंतर्गत स्थित पन्हास गार्डन में आयोजित बेगूसराय सेंट्रल को-अपरेटिव बैंक की 65 वीं वार्षिक साधारण आमसभा के दौरान पैक्स अध्यक्ष कार्तिक कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। उक्त आमसभा का वर्चुअल उद्घाटन बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने बेगूसराय को-अपरेटिव बैंक को पूरे बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक कर्मियों, निदेशक मंडल तथा पैक्स अध्यक्षों को शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर उपस्थित बैंक के चेयरमैन नरेंद्र कुमार सिंह ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि बैंक ने 10 वर्षों में डिपोजिट 100 से बढ़ाकर 250 करोड़ तक पहुंचाया है। इसे वित्त वर्ष के अंत तक 300 करोड़ रुपए करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने भी बिहार में बेगूसराय को प्रथम स्थान प्राप्त करने में पैक्स अध्यक्षों जमा कर्ताओं तथा किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया है। विदित हो कि कार्तिक कुमार सिंह अपने उत्कृष्ट कार्य से किसानों के बीच इतना लोकप्रिय हैं कि चौथी बार किसानों ने पैक्स अध्यक्ष के रूप में चुना है। पैक्स अध्यक्ष कार्तिक कुमार सिंह के सम्मानित होने पर क्षेत्र के किसानों में हर्ष है।

# मैथिली शरण की रचना पंचवटी का हुआ मंचन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेरियाबरियारपुर।** तारा कॉलेज ऑफ एजुकेशन बिक्रमपुर के सभागार में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार व तारा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सहयोग से रिवाइवल की नाट्य प्रस्तुति पंचवटी का मंचन किया गया। पंचवटी की मूल रचना मैथिली शरण गुप्त नाट्य रूपांतरण एवं निर्देशन कुमार अभिजीत के द्वारा मंचित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक उपेंद्र पासवान नुनु बाबू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के सचिव राज किशोर सिंह, डक्टर अमित रौशन, फिल्म अभिनेता अमिय कश्यप, चंदन कुमार, रजनी कुमारी तारा कलेज के प्राचार्य डा. संतोष कुमार ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राजकिशोर सिंह ने कहा नाटक से भाषा व्यवहार संस्कार के साथ सामाजिक चेतना का विकास होता है। नाटक जीवन की शुरूआत भी है और अंत भी। पूर्व विधायक उपेंद्र पासवान ने नाटक पंचवटी को पारिवारिक सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का अमूल्य उपहार बताया। वही अमित रोशन ने नाटक को सामाजिक और राष्ट्रीय मूल्यों को स्थापित करने का सशक्त माध्यम कहा। इस नाटक में पारिवारिक प्रेम को प्रकृति प्रेम से जोड़कर दिखाया गया है। निर्देशक स्मृति ग्लानि और प्रेम जैसे भाव बिंबो का प्रभावशाली ढंग से प्रयोग किया है। जिससे नाटक में भावनात्मक गहराई दिख रही थी। नाटक में वीर रस व श्रृंगार रस का बेजोड़ संतुलन था। लक्ष्मण और शूर्पनखा को मौलिकता प्रदान करने की बेजोड़ कोशिश दिखी। लक्ष्मण पुरुष वर्ग तो वही शूर्पनखा स्त्री वर्ग को लेकर अनेक मौलिक सवाल खड़े करने में कामयाब रहे। नाटक व्यक्तिगत त्याग आदर्श प्रेम और कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और नैतिकता के पालन के लिए दृढ़ और शांत रहने पारिवारिक सामाजिक और राष्ट्रीय मूल्यों को बनाए रखने तथा प्र.ति के साथ सामंजस्य स्थापित करने की वकालत कर गई। नाटक में कथा वाचक के रूप में कुमार अभिजीत, लक्ष्मण के किरदार में रजनीश कुमार,सुनील कुमार, सुमित कुमार स्वरूपनखा के रूप में कंचन कुमारी, अमीषा कुमारी, सरिता कुमारी, पूजा कुमारी ने अपने अभिनय से गति प्रदान कर रही थी। वही राम के किरदार में अभिलाषी तो सीता के किरदार में पूजा कुमारी, पुशम कुमारी, गीता कुमारी ने बेहतरीन काम किया, कोरस की भूमिका में बादल कुमार चौधरी, तन्नू कुमारी व शिरोमणि स्वराज ने अपने अभिनय से दर्शकों की तालियां बटोरती रही। वस्त्र विन्यास व सह निर्देशन रजनी कुमारी, सेट निर्माण कुमार संदीप, साउंड मनीष कुमार, लाइट सुमित कुमार, प्रपर्टी निर्माण सुमन कुमार ने किया पूरे कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार ने किया।

# संबद्ध कालेज कर्मियों को मिले वेतनमान : सुनील चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** विधान परिषद सदस्य सुनील चौधरी ने राज्य के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को पत्र देकर चल रही वित्त रहित शिक्षा संस्थानों के कर्मियों को वेतनमान देने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में विधान पार्षद ने कहा है कि अनुदान व्यवस्था एक अधूरी और आसमान प्रणाली है जो शिक्षकों की मेहनत, गरिमा और शिक्षा के मूल उद्देश्य के सर्वथा विपरीत है। वहीं राज्य की शिक्षा व्यवस्था को कई स्तरों पर नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। अस्थाई एवं अनियमित अनुदान व्यवस्था जहां शिक्षकों की मेहनत का सीधा अवमूल्यन करता है वही समय पर नहीं मिलने के कारण शिक्षकों में तनाव व असुरक्षा की भावना पैदा करती है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान अनुदान भुगतान व्यवस्था स्पष्ट रूप से समान कार्य पर असमान वेतन है जो न्याय के सिद्धांत के विपरीत है जबकि संबद्ध कॉलेज में पढ़ाए गए छात्र भी देश के मानक परीक्षाओं में उत्तीर्ण होते हैं वहीं विदेशों में जाकर नाम कमा रहे हैं। ऐसे में अंगीभूत कॉलेज की तुलना में संबद्ध कॉलेजों के शिक्षकों को कम आंकना कहां तक उचित होगा। विधान पार्षद चौधरी ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि अनुदान व्यवस्था से राज्य के उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। जब शिक्षक आर्थिक समस्याओं से जूझते रहेंगे तो वह शैक्षणिक नवाचारों पर क्या और कैसे ध्यान दे सकेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा है कि आपने बार-बार शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को राज्य के विकास का आधार बनाया है। ऐसी स्थिति में आपके द्वारा ऐसे कार्यरत शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों का नियमित वेतन दिए जाने की घोषणा न्याय संगत और राज्य के हित में होगा। इस पर सहानुभूति विचार कर ऐतिहासिक कार्यों में एक नया अध्याय जोड़ेंगे।

# महिला प्रौद्योगिकी संस्थान ने कम समय में बनाई अलग पहचान : कुलपति

## डब्लूआईटी में इंडक्शन कार्यक्रम संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**दरभंगा।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान में मंगलवार को इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित छात्राओं को संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं तकनीकी गतिविधियों से अवगत कराना रहा। दीक्षारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान ने कम समय में अपनी अलग पहचान बनाई है। इस वर्ष नामांकन का ग्राफ बढ़ा है, जो संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर उन्होंने निदेशक, शिक्षकों एवं कर्मियों को बधाई दी और छात्राओं को अनुशासन व परिश्रम के साथ शिक्षा ग्रहण करने की सलाह दी। संस्थान परिसर स्थित सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय वित्तीय सलाहकार इन्द्र कुमार ने शिक्षा और वित्तीय अनुशासन के बीच संबंधों पर प्रकाश डाला। वहीं, एमआईटी, मुजफ्फरपुर के प्राचार्य प्रो. एम. के. झा ने तकनीकी शिक्षा में अनुसंधान और उद्यमिता की भूमिका पर ज़ोर देते हुए छात्राओं को शोध की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर प्रो. निर्मल कुमार ने कहा कि तकनीकी ज्ञान रोजगार पाने में मदद करेगा, लेकिन लाइफ स्किल्स और सॉफ्ट स्किल्स ही उन्हें जीवन में उत्कृष्टता और नेतृत्व की क्षमता करने में सहायक होंगे। इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. अजय नाथ झा ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों, छात्राओं और अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह संस्थान तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं के व्यक्तित्व विकास हेतु भी सतत प्रयत्नशील है। कार्यक्रम का समापन संस्थान की उप-कुलसचिव डॉ. प्रियंका राय के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। उन्होंने सभी गणमान्य अतिथियों, शिक्षकों, छात्राओं एवं अभिभावकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमें आशा है इस दीक्षारम्भ कार्यक्रम से छात्राओं को न केवल शैक्षणिक दुनिया में प्रवेश करने का मार्गदर्शन मिलेगा बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में चुनौतियों का डटकर सामना करने का भी साहस और उत्साह प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में बी.टेक. प्रथम सेमेस्टर (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी एवं बायोइन्फॉर्मेटिक्स, सत्र 2025-29), लैटरल एंट्री तथा एमसीए (सत्र 2025-27) की छात्राओं ने भाग लिया।

# गौतम बुद्ध इंटर स्कूल में बच्चों ने सीखा मतदान का महत्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** आसन्न बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को गौतम बुद्ध इंटर स्कूल, जहानाबाद में आईसीडीएस ग्रामीण परियोजना के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ ग्रामीण, आईसीडीएस एवं महिला पर्यवेक्षिका की उपस्थिति में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका एवं जिम्मेदारी के बारे में विस्तार से बताया गया तथा उनसे संवाद भी स्थापित किया गया। बच्चों ने भी सक्रियता से अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और मतदान के महत्व को समझा। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। प्रत्येक नागरिक को निर्भीक होकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु अवश्य मतदान करना चाहिए।विशेष रूप से बच्चों से अपेक्षा की गई कि वे अपने माता-पिता एवं आसपास के क्षेत्रों में लोगों को मतदान के अधिकार का महत्व बताएँगे, ताकि समाज में अधिक से अधिक मतदाता जागरूक होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

# नवोदय विद्यालय में कृमि मुक्ति दिवस आयोजित

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय विष्णुपुर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर किया गया।इस मौके पर छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया और एनसीसी कैडेट्स ने डीएम को गार्ड अफ अनर दिया। विद्यालय परिवार की ओर से मिथिला पाग और शल भेंट कर उनका स्वागत किया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि यह अभियान बच्चों के स्वस्थ भविष्य की नींव है। कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में बाधा डालता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि 1 से 19 वर्ष तक का कोई भी बच्चा इस दवा से वंचित न रहे। जिले में करीब 19 लाख बच्चों को दवा दी जाएगी।सिविल सर्जन ने कहा कि यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और स्वास्थ्य विभाग की टीमें हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। आज जिन बच्चों को दवा नहीं मिल पाई है। उन्हें 19 सितम्बर को मप-अप दिवस पर दवा दी जाएगी। 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली और 2.19 वर्ष तक के बच्चों को पूरी गोली दी जाएगी।इस अवसर पर नगर आयुक्त, नगर निगम, सिविल सर्जन, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर परिषद, बिश्रामपुर (पलामू)।

**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132**

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

अतिअल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना सं0 – 37 / 2025–26

कार्यालय नगर परिशद, बिश्रामपुर क्षेत्रांतर्गत में Installation of Sign Board at Different Places at Ward no. 01 To 20 under Nagar Parishad Bishrampur आवश्यकता है। जिसके लिए ऑफलाईन दर आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता / कोटेशनदाता दर के साथ बन्द लिफाफे में अपना कोटेशन दिनांक 06.10.2025 को अपराह्ण 01:00 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते है। कोटेशन उसी दिन अपराह्ण 03:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष कार्यालय नगर परिशद, बिश्रामपुर में खोली जाएगी।

| NUMBER # | TEXT # | NUMBER # | TEXT # | NUMBER | NUMBER # | TEXT # |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Item Description | Quantity | Units | Estimated Rate in Rs. P | TOTAL AMOUNT Without Taxes in Rs. P | TOTAL AMOUNT In Words |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Providing and fixing of retro- reflectorised cautionary,mandatory and informatory sign as per IRC :67 made of class-B Type IV retro reflective sheeting fixed cover 2 mm thick aluminium sheeting vide clause 801.3, 3mm/4mm thick aluminium composite material sheet depending on the size of the sign fixed over back support frame of min 25 X 25 X 3 mm angle mounted on a mild steel circular pipe 65 NB, 3.2 mm thickness firmly fixed to the ground by means of properly designed foundation with M25 grade cement concrete 45 cm X 45 cm X 60 cm, 60 cm below ground level as per approved drawing. The sign shall be maintained as per section 12 of IRC:67 . **80 cm X 60 cm rectangular** | 11.00 | each | 7526.00 | **82786.00** | INR Eighty Two Thousand Seven Hundred & Eighty Six Only |
| 2 | G.S.T 18% | 18.000 | % | 827.86 | **14901.48** | INR Fourteen Thousand Nine Hundred & One and Paise Forty Eight Only |
| 3 | L.C 1% | 1.000 | % | 976.87 | **976.75** | INR Nine Hundred & Seventy Six and Paise Seventy Five Only |
| Total in Figures | | | | | **98664.00** | INR Ninety Eight Thousand Six Hundred & Sixty Four and Paise Twenty Three Only |
| Quoted Rate in Figures | | | Select | | 0.00 | INR Zero Only |
| Quoted Rate in Words | | INR Zero Only | | | | |

अतः उपरोक्त दर समर्पित करने वाले आपूर्तिकर्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि दर खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

PR 362165 District(25-26)D

प्रशासक,नगर परिषद, बिश्रामपुर,



बिहार सरकार

## बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन सं.–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)–2025/18 दिनांक–16.09.2025**

### बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2025

**सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों में B. Tech. पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रक्रियानुसार नामांकन पूर्ण होने के उपरांत शेष रिक्त सीटों पर BCECE-2025 के आधार पर नामांकन हेतु Online Mop-up Counselling आयोजन के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)–2025/13 दिनांक– 03.09.2025 एवं 2025/16 दिनांक– 12.09.2025 के क्रम में बिहार राज्य के सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों के अन्तर्गत संचालित स्नातक अभियंत्रण पाठ्यक्रमों तथा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंतर्गत संचालित Dr. APJ Abdul Kalam Womens Institute of Technology, Navodaya Complex, Kameshwar Nagar, Darbhanga के B.Tech. पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में नामांकन हेतु BCECE (PCM / PCM of PCMB Group)-2025 में सम्मिलित अभ्यर्थियों एवं सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि BCECE-2025 की विवरण पुस्तिका की कंडिका- 5.4 के अनुसार BCECE (PCM / PCM of PCMB Group)-2025 के आधार पर Online Mop-up Counselling का Seat Allotment के क्रम में योग्य महिला अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में रिक्त सीटों को संगत कोटि (आरक्षित/ गैर आरक्षित) के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध कोटिवार सीटों में स्थानान्तरित करते हुए अंतिम रूप से Seat Allotment किया जायेगा।

(2) BCECE (PCM / PCM of PCMB Group)-2025 के पात्रता–प्राप्त अभ्यर्थी जो अपना Consent / Willingness देते हुए Choice भर चुके हैं परन्तु उपरोक्त कंडिका–(1) में वर्णित नियम के आलोक में Choice में बदलाव करना चाहते हैं वे अपने पूर्व के भरे हुए Choices में बदलाव (Edit) कर सकते हैं ***अथवा*** वैसे छात्र जो इस Online Mop-up Counselling हेतु अपना Consent/ Willingness नहीं दिये हैं वे विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)–2025/13 दिनांक– 03.09.2025 में अंकित प्रक्रिया अनुसार Consent/ Willingness देते हुए Choice Filling कर सकते हैं अथवा Choices में परिवर्त्तन (Edit) कर सकते हैं। **इससे सम्बन्धित विस्तारित कार्यक्रम निम्नवत् है;**

| Sl. | Schedule | Date & Time |
|---|---|---|
| i. | **Seat Matrix** posting for online Mop-up Counselling on website ........ | **Already uploaded.** |
| ii. | **Starting date** of Consent / Willingness- cum-Choice filling / Editing of Choices for seat allotment (Mop-up Counselling) . | **18.09.2025** |
| iii. | **Last date** of Consent / Willingness-cum-Choice filling / Editing of Choices for seat allotment & Locking (Mop-up Counselling) ............ | **19.09.2025** |
| iv. | **Mop-up Counselling provisional Seat Allotment Result publication date** ........ | **24.09.2025** |
| v. | Downloading of Allotment Order (Mop-up Counselling) .................. | **24.09.2025 to 27.09.2025** |
| vi. | **Document Verification and Admission** (Mop-up Counselling) ........ | **26.09.2025 to 27.09.2025** |

**(3) अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे यह ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक विकल्प (Choices) भरें क्योंकि उन्नयन एवं Seat Conversion के कारण virtual vacancy / वास्तविक रिक्तियाँ उत्पन्न हो सकती हैं।**

**(4) Consent / Willingness अथवा Choice filling की पूर्ण विवरणी एवं प्रक्रिया पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या–BCECEB(BCECE)-2025/13 दिनांक 03.09.2025 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।**

परीक्षा नियंत्रक

संक्षिप्त समाचार

## घोड़ासहन में ट्रेन ठहराव को लेकर मुम्बई से शुरू होगा हस्ताक्षर अभियान :राणा रंजीत

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ढाका विधानसभा के प्रमुख स्टेशन घोड़ासहन पर महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव नही होने से लोगो मे नागराजगी बना हुआ है. सोशल मीडिया पर लगातार अभियान के बाद ढाका विधानसभा के एआईएमआईएम के प्रत्याशी राणा रंजीत सिंह ट्रेन ठहराव को लेकर मुम्बई से हस्ताक्षर अभियान की शुरूवात करेंगे. वीरता चौक पर पार्टी कार्यलय के शुभारंभ के मौके पर उन्होंने बताया कि घोड़ासहन सीमावर्ती क्षेत्र का महत्वपूर्ण स्टेशन है. जहां से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग विभिन्न जगहों की यात्रा करते है. लेकिन दुख की बात यह है कि मुम्बई जाने वाली मुख्य ट्रेन कर्मभूमि एक्सप्रेस एवं कटरा कामख्या एक्सप्रेस का ठहराव नही होता है. सीमावर्ती क्षेत्र से काफी संख्या में लोग मुंबई काम करने जाते हैं. साथ ही हिंदू धार्मिक आस्था को मानने वाले बहुत लोग भी कटरा कामाख्या को जाते हैं. लेकिन इन दोनो ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि सड़क तक इसकी लड़ाई लड़ेंगे.18 सितंबर को मुंबई से हस्ताक्षर अभियान के तहत इसकी शुरूआत की जाएगी.जो ढाका विधानसभा तक पहुँचेगी।



## कार्य में लापरवाही पर राजस्व कर्मचारी से जवाब-तलब

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र अंतर्गत सोमगढ़ पंचायत के राजस्व कर्मचारी अंकित कुमार से कार्य मे लापरवाही को लेकर सीओ सुधांशु शेखर ने जवाब तलब किया है। मामले में सोमगढ़ निवासी विनय पासवान ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर राजस्व कर्मचारी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है। जिसमे राजस्व कर्मचारी अंकित कुमार द्वारा जमाबंदी प्रपत्र के वितरण में अनियमितता व लापरवाही बरती गई है। एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ को आवश्यक करवाई का निर्देश दिया है। इधर सीओ ने मामले में राजस्व कर्मचारी से 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा है। सीओ ने बताया कि विभाग द्वारा राजस्व महाभियान के दौरान रैयतों के घर-घर जाकर जमाबंदी प्रति का वितरण करने का निर्देश प्राप्त है। वावजूद कुछ कर्मियो द्वारा इस कार्य मे लापरवाही वरती जा रही है। यह कृत्य सरकारी कार्यो के प्रति लापरवाही व उदासीनता दशार्ता है। उन्होंने कहा कि राजस्व कर्मी से 24 घण्टे के अंदर जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नही होने पर अग्रिम करवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को लिखा जाएगा।

## बिजली चोरी में सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के अलग- अलग वार्डो में बिजली विभाग द्वारा मीटर बाईपास व बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध छापेमारी कर सात लोगो को पकड़ा है। पकड़े गए सभी उपभोक्ताओं के विरुद्ध जुमार्ना लगाते हुए विद्युत विभाग के कनीय अभियंता गौतम कुमार ने शिकारपूर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।उंन्होने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर नगर के अलग अलग वार्डो में छापेमारी अभियान चलाया गया । इस दौरान पुरानी बाजार वार्ड संख्या एक निवासी दिनेश कुमार, श्यामबाबू बैठा, एवं बेबी देवी को मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करने के आरोप में पकड़ा गया। इसी तरह पुरानी बाजार धोबी मुहहले के रतन जायसवाल, हॉस्पिटल चौक वार्ड 9 के जावेद आलम तथा वार्ड 11 के हरिमोहन शर्मा एवं वार्ड 14 के नीलम देवी को बिजली चोरी के आरोप में पकड़ा गया है। सभी के ऊपर जुमार्ना लगाते हुए शिकारपूर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इधर थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्जकर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## विधायक ने किया पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा पंचायत में विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने सोमवार को पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने भंगहा गदीयानी में सरकारी स्कूल से इंडो नेपाल सीमा तक जाने वाली सड़क लगभग 48 लाख का एंव भंगहा देवी मंदिर से प्रतापपुर पुरानी एसएसबी कैंप तक लगभग 67 लाख का दो अलग-अलग जगहों पर फीता काट पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है। जर्जर सड़क से ग्रामीणों को निजात मिल जाएगी। मौके पर अमन सिंह लक्ष्मीपूर पंचायत के सरपंच चांद बाबू तौकीर आलम शिव पासवान धूर्त पासवान मुन्ना सिंह नैमुल्लाह मियां सफी अहमद नवी अहमद आदि ग्रामीण मौजूद रहें।



## मनरेगा भवन का छज्जा गिरा, बड़ा हादसा टला

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मनरेगा कार्यालय भवन का छज्जा मंगलवार को एकएक टूट कर गिर गया। जिससे वहां आसपास में अफरा तफरी मच गई। गनीमत यही था कि जिस समय छज्जा गिरा उस समय कार्यालय बंद था और आसपास कोई व्यक्ति नहीं था। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। मनरेगा कर्मी सोनू कुमार ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे के करीब भवन के अगले हिस्से का छज्जा एकाएक भरभरा कर नीचे गिर गया। वही मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी शील भूषण ने बताया कि वर्तमान में जिस भवन में मनरेगा कार्यालय संचालित हो रहा है, वह पूरी तरह से जर्जर हो गया हैं। जिसकी सूचना मनरेगा के कार्यपालक अभियंता को दी गई है। उन्होंने बताया कि भवन के जर्जर होने के चलते इसमें बैठकर काम करने में भी डर बना रहता है। अनहोनी की आशंका हमेशा बनी रहती है। पीओ ने बताया कि मनरेगा कार्यालय के लिए यहां कोई अपना भवन नहीं हैं। प्रखंड कार्यालय परिसर में ही विवाह भवन के पीछे मनरेगा कार्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा था। लिंटर तक निर्माण पूरा भी हो चुका है। लेकिन पिछले कुछ वर्षो से इस भवन का निर्माण रूका हुआ है। निर्माण पूरा हो जाता तो मनरेगा कार्यालय का भी अपना भवन हो जाता। बता दे कि प्रखंड ई किसान भवन के बगल में मिट्टी जांच प्रयोगशाला के लिए वर्ष 2009 में एक भवन बना था। वर्तमान में उसी भवन में मनरेगा कार्यालय चल रहा है। हालांकि भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है।

## मंत्री और विधायक ने किया कबड्डी खेल महोत्सव का शुभारंभ

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सासंद खेल महोत्सव में खेल महोत्सव का उदघाटन केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे व उपस्थित विधायको ने कबड्डी खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। रामनगर विधायक भागीरथी देवी, बगहा विधायक राम सिंह, लौरिया विधायक विनय बिहारी समेत जिले के भाजपा नेता व खेल से जुडे लोगो ने प्रतियोगिता में भाग लेकर खेलों का आंनद लिया। भाजपा क्रीड़ा मंच के संयोजक राजीव कुमार चौबे उर्फ गुड्डु चौबे व खेल संयोजक सुनील वर्मा ने बताया कि उदघाटन अवसर पर टाउन क्लब नरकटियागंज और आदर्श क्लब नोनिया टोला के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया है। जबकि कबड्डी में पकड़ी और महुअवा की लड़किया भाग लें रही है। विदित हो कि नरकटियागंज प्रखंड के बाद बगहा और रामनगर में भी प्रखंड स्तर पर खेल महोत्सव का आयोजन कर खेल के रूप में छीपी प्रतिभाओं को निकाला जा रहा है।



## कोटवा पशु अस्पताल में चोरी

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मच्छरगावां पंचायत स्थित सरकारी पशु अस्पताल में सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर अस्पताल से कंप्यूटर, प्रिंटर, रजिस्टर और आवश्यक दवाइयों समेत कई जरूरी सामान उठा ले गए। घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह ग्रामीणों को हुई, जिसके बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि अस्पताल के अंदर कई सामान इधर-उधर बिखरे पड़े थे और मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। टीवीओ अर्जुन राज ने बताया कि सूचना मिलते ही हम लोग अस्पताल पहुंचे तो देखा कि कंप्यूटर, प्रिंटर सहित कई सामान गायब थे। इस संबंध में कोटवा थाना और जिला प्रशासन को जानकारी दे दी गई है। इधर लोगों का कहना है कि थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में खौफ का माहौल है। लोगों ने कोटवा पुलिस की रात्रि गश्ती पर भी सवाल उठाया और कहा कि गश्ती के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जाती है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द चोरी की घटना का खुलासा करने और दोषियों को पकड़ने की मांग की है।



# बिहार की प्रगति पीएम व सीएम के संकल्प के कारण संभव : राजभूषण निषाद

### हम बिहार को किसी कीमत पर बांग्लादेश नहीं बनने देंगे : राधा मोहन सिंह



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिपरा विधानसभा क्षेत्र के एनडीए कार्यकर्ता का सम्मेलन मंगलवार को तेतरिया उच्च विद्यालय के खेल मैदान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पवन राज ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ० राजभूषण निषाद ने कहा कि पहले पूरे प्रदेश में 17 लाख परिवारों को बिजली कनेक्शन था । जो आज ढाई करोड़ से अधिक घरों में बिजली का कनेक्शन दिया गया है। सड़क की स्थिति पहले क्या थी और आज क्या है यह बिहार की जनता देख रही है। स्वास्थ्य सेवाओं में आमूलचूल परिवर्तन हुए। शिक्षा की स्थित में सुधार हुआ,दर्जनों पॉलिटेक्निक कॉलेज खुले गए। केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। पर्यटन के क्षेत्र में लगातार काम हो रहा है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शिता और संकल्प के कारण बिहार के प्रगति संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार के काम गिनाते-गिनाते घंटो का समय लग जायेगा। एनडीए के पांच दल पांच पांडव हैं। हम कौरवों के साथ नहीं हैं। आपको भी फैसला करना करना है कि पांडवों के साथ हैं कि कौरवों के साथ हैं। सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जितने लोगों ने अपने-अपने और मेरे द्वारा भी किए गए विकास कार्यो की चर्चा की। वास्तविकता यह है कि अगर मोदी और नीतीश नहीं होते तो हम या अन्य लोग विकास का कोई काम नहीं कर सकते थे। श्री सिंह ने कहा कि गांव, गरीब, किसान, माताओं-बहनों, युवाओं सब के विकास और सशक्तिकरण के लिए काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि परिवार को मजबूत बनाए बिना, सामाज मजबूत नहीं बनेगा। समाज मजबूत नहीं बनेगा तो प्रदेश मजबूर नहीं बनेगा और प्रदेश मजबूत नहीं बनेगा तो देश मजबूत नहीं बनेगा। इन सबकी मजबूती के लिए मोदी-नीतीश की सरकार ने काम किया है। श्री सिंह ने कहा कि लोग वोट चोरी की बात कर रहे हैं। पहले क्या होता था, पहले वोट की डकैती होती थी। वोट चोरी का बहाना कर के माहौल को खराब करने का काम विपक्ष कर रहा है। हम बिहार को किसी कीमत पर बांग्लादेश नहीं बनने देंगे।कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने एनडीए सरकार के विकास कार्यों में बिहार की सड़क, बिजली, रोजगार और सुशासन की विशद चर्चा की। पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव ने उपस्थित नेताओं और जनसमूह का अभिनंदन करते हुए पिपरा विधानसभा क्षेत्र में अपने द्वारा किए गए विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि हम एनडीए के पांच पांडव हैं और हम जिस रथ पर सवार हैं उसके सारथी कृष्ण रूपी हमारे सारथी राधा मोहन सिंह है। इस लिए हमारी जीत सुनिश्चित है। उक्त सम्मेलन में मोतिहारी विधायक पूर्व मंत्री बिहार सरकार प्रमोद कुमार, , ढाका विधायक पवन जायसवाल, बिहार मछुआ आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन, पूर्व विधायक शिवजी राय, उपमहापौर मोतिहारी नगर निगम डॉ. लालबाबू प्रसाद, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह, रविन्द्र कुशवाहा, प्रो, कलामुद्दीन, डॉ. संजय कुमार, संतोष भास्कर सहित एनडीए के घटक दलों के नेताओं के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन ही सेवा का दूसरा नाम है : राधा मोहन सिंह

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर महात्मा गांधी की जयंती तक सेवा पखवाड़ा दिवस आयोजित



राजीव कुमार/नबिटा ब्यूरो

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के मौके पर 17 सितम्बर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा दिवस का आयोजन मुफ्फसिल, पिपराकोठी, लखौरा, मोतिहारी नगर उत्तरी एवं दक्षिणी तथा ढेकहां मंडल की कार्यशाला मिशन चौक स्थित एक विवाह भवन में मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन ही सेवा का दूसरा नाम है। प्रधानमंत्री का जीवन गरीबों एवं सामान्य नागरिकों के जीवन में सुधारों के लिए जाना जाता है। देश में गरीबी बहुत कम हुई है,गरीबों का जीवन स्तर बहुत सुधरा है। श्री सिंह ने कहा कि 17 सितम्बर को सुबह में स्वच्छता अभियान चलाना है। दिन में महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए विशेष शिविर एवं प्रधानमंत्री जी का संबोधन होगा। विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि 15 दिन में सेवा के लगभग 15 कार्यक्रम आयोजित होंगे।कार्यशाला में विधायक प्रमोद कुमार, मछुआरा आयोग के राज्याध्यक्ष ललन चौधरी, उपमहापौर डॉ.लाल बाबू प्रसाद, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह, जिला प्रभारी वरुण सिंह, जिला महामंत्री योगेन्द्र प्रसाद, विधान सभा संयोजक ओम प्रकाश सिंह, सह संयोजक कामेश्वर चौरसिया, विधानसभा प्रभारी वकील सहनी,मंडल अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, उपेन्द्र चौधरी, नगीना सहनी, राजेश कुमार, राजू वर्मा एवं नवल कुशवाहा, मंडल प्रभारी मैनेजर सिंह, पुण्यदेव पंडित, संपूणार्नंद जी, सतीश चंद्र दीपक एवं वीर बहादुर कुशवाहा मौजूद थे।

## विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान से 7 माह की मनीषा कुमारी को डीएम एवं नगर आयुक्त ने अबू धाबी के दत्तक माता- पिता को सौंपा



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी के अध्यक्षता में गठित जिला निरीक्षण समिति द्वारा बाल देखरेख सस्थानों (विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, बालिका गृह, बाल गृह, (बालक) एवं पर्यवेक्षण गृह, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी) का निरीक्षण किया गया। विशिष्ट दत्तक-ग्रहण संस्थान, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी में आयोजित दत्तकग्रहण समारोह में बालिका मनीषा कुमारी उम्र- 7 माह को जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के उपस्थिति में उक्त बालिका को अबू धाबी के भावी दत्तक माता-पिता को अन्तदेर्शीय दत्तकग्रहण हेतु सौंपा गया। इस वर्ष का यह तीसरा बच्चा है जिसे दत्तकग्रहण में सौंपा गया।गृहों के निरीक्षण के क्रम मे जिलाधिकारी द्वारा आवासित बच्चों एवं गृह के कर्मी से गृह संचालन से संबंधित जानकारी ली गयी। निरीक्षण के क्रम में गृह में बच्चों हेतु उपलब्ध सुविधाओं का जयजा लिया लिया गया एवं बच्चों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाने का निदेश दिया गया। गृहों का संचालन मानको के अनुरूप करने एवं संक्रामक रोगों से बचाव के लिए साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु निदेशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति के सदस्य, बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं गृह के कर्मी आदि उपस्थित थे ।

## गांधी मैदान में 20 सितंबर को आयोजित होगी दिव्यांग खिलाड़ियों की खेल प्रतियोगिता

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सचिव, समाज कल्याण विभाग बिहार पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल के द्वारा बताया गया है कि दिव्यांगजनों को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने तथा उनके खेल के कौशल को चिन्हित कर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं बिहार पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में 20 सितंबर 2025 को मोतिहारी के गांधी मैदान में अंडर-18 पैरा एथलेटिक्स एवं पारा बैडमिंटन खेल का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूर्वी चंपारण एवं पश्चिमी चंपारण के दिव्यांग प्रतिभागी भाग लेंगे। इस खेल को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, जिला खेल पदाधिकारी, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा एवं बिहार पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन पूर्वी चंपारण के जिला स्तरीय प्रतिनिधि को आयोजन स्थल पर आवश्यक तैयारी के लिए समुचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। खेल प्रतियोगिता में दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के लिए बिहार खेल प्राधिकरण द्वारा तैयार पोर्टल पर इच्छुक दिव्यांग खिलाड़ियों का निबंध किया जाएगा। विशेष परिस्थिति में आवेदन ऑफलाइन अथवा ऑन स्पॉट भी प्राप्त किए जाएंगे। निबंध के लिए सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, बिहार पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिला स्तरीय प्रतिनिधि एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। गांधी मैदान की तैयारी के संबंध में वहां पर आवश्यकतानुसार टेंट/ पंडाल / साउंड सिस्टम एवं अन्य जरूरी चीजों की व्यवस्था के संबंध में जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

## डीएम ने बच्चों को एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की शुरूआत की

### 32 लाख को दवा खिलाने का रखा गया है लक्ष्य, खाली पेट दवाए नहीं खिलाएं, हल्का साइड इफेक्ट हो तो घबराने की आवश्यकता नहीं : डीएम

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के गाँधी चौक स्थित हीरालाल साह मध्य विधालय स्कुल से जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने बच्चों को एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाकर "राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस" की शुरूआत की। इस अवसर पर डीसीएम नंदन झा ने कहा की जिले में 32 लाख दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने बताया की सभी को खाली पेट दवाए नहीं खिलाएं,हल्का साइड इफेक्ट हो तो घबराने की आवश्यकता नहीं है वहीं,छूटे हुए बच्चों के लिए 19 सितंबर को चलेगा मॉप-अप दिवस मनाया जाएगा। मौके पर डीएम ने कहा जिले के सरकारी, प्राइवेट स्कुल एवं आँगनबाड़ी केन्द्रो में बच्चों को पेट के कृमि से बचाव हेतु एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाई जाती है ताकि बच्चे कृमि रोगों से सुरक्षित हो सके। जिले के डीआईओ डॉ. एस सी शर्मा ने बताया की 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को अलग अलग डोज के अनुसार दवा का सेवन आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के देख रेख में कराया जाता है। किसी-किसी बच्चे में दवा खाने से हल्का- फुल्का साइड इफेक्ट होता है इससे घबराएं नहीं। जिला एवं प्रखंड स्तर पर रैपिड रिस्पॉन्स टीम की व्यवस्था की गई है। हल्का साइड इफेक्ट का मतलब है कि आपके शरीर का कीड़ा समाप्त हो रहा है।उन्होंने सभी अभिभावकों से सभी बच्चों को कृमि की दवा खिलवाने की अपील की। दवा खिलाने से पहले इस बात का ध्यान रखना है कि बच्चा पूर्णतः स्वस्थ हो एवं खाली पेट न हो। मौके पर सिविल सर्जन डॉ रविभूषण श्रीवास्तव,सदर पीएचसी प्रभारी डॉ. दिलीप कु. शाही, महामारी पदाधिकारी डॉ. राहुल राज, डीसीएम नंदन झा, अभिजीत आनंद,यूनिसेफ, डब्लूएचओ, पिरामल, यूनिसेफ, सिफार,सी 3, डिस्टिक लिड, वार्ड पार्षद राधना कुमारी, प्रधानाध्यापिका पूनम कुमारी, शिक्षक गण व अन्य लोग उपस्थित थे।



## कपड़ा के दुकान में लगी शार्ट सर्किट से आग लाखों की क्षति

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र के बनवारिया पंचायत अंतर्गत अंजुआ चौक पर स्थित एक कपड़े की दुकान में मंगलवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे भीषण आग लग गई। इस आगलगी की घटना में दुकान में रखा करीब 12 लाख रुपए से अधिक का कपड़ा, 80 हजार रुपए नकद और दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया गया है। बताया गया कि पीड़ित मो. वजीर मियां की दुकान में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। पीड़ित के साथ स्थानीय सुनील कुमार समेत अन्य लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की और तत्क्षण अग्निशमन विभाग को सूचित किया। सूचना पर पहुचीं फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान में रखा सब कुछ जल चुका था। पीड़ित दुकानदार, मो. वजीर मियां ने बताया कि इस घटना में उन्हें करीब 12 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट था। घटना से पीड़ित को भारी आर्थिक क्षति हुई है। पीड़ित की ओर से शिकारपुर थाना और अंचल प्रशासन को आवेदन दिया है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर छात्राओं को अल्बेन्डाजोल की गोलियां

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजकीय कन्या मध्य विद्यालय मझौलिया में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय की सभी छात्राओं को अल्बेन्डाजोल की गोलियां खिलाई गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनुपम प्रसाद ने छात्राओं को स्वयं गोली खिलाकर किया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों को पेट के कीड़ों से मुक्ति दिलाकर उनके शारीरिक व मानसिक विकास को सुनिश्चित करना है।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्राओं को दवा दी।

## फिरौती के लिए हुआ था आर्यन का अपहरण

### अपहर्ता एवं स्कूल के शिक्षक को भेजा गया जेल



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया थाना क्षेत्र की व्यासपुर चौक स्थित एक प्राइवेट स्कूल के नर्सरी का छात्र आर्यन का अपहरण फिरौती के लिए किया गया था। अपहरण की साजिश में स्कूल का एक शिक्षक भी शामिल था। एसडीपीओ विवेक कुमार दीप ने बताया कि राहुल शर्मा और राजू चौधरी ने मिलकर अपहरण की साजिश रची थी। गिरफ्तार दोनो को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। जबकि मुक्त कराये गये बच्चें को उसके माता पिता को सौंप दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि अपहरण के बाद अपहर्ता राहुल शर्मा बच्चें को लेकर गोरखपुर चला गया था। और वहां से दूसरे जगह ले जाने के फिराक में था। लेकिन उसकी चाल पुरी नही हो सकी और वह पुलिस के हाथों पकड़ा गया। अपहर्ता राहुल को अभी फिरौती की रकम मांगने का मौका नही मिला था। एसडीपीओ ने बताया कि सोमवार को स्कूल के टिफिन के समय आर्यन का अपहरण करने के बाद राहुल उसे बाइक से लेकर रामनगर चला गया था। रामनगर में अवध एक्सप्रेस से वह आर्यन को लेकर गोरखपुर गया। रास्ते में ही वह उसका स्कूल ड्रेस चेंज कर दिया। गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर उतरकर वह आर्यन को बस पर लेकर कहीं जा रहा था। तभी पुलिस, जीआरपी व गोरखपुर पुलिस के सहयोग से राहुल को दबोचा गया। सोमवार की रात ही पुलिस आर्यन को उसके पिता अनूप कुमार श्रीवास्तव के हवाले कर दी थी। एसडीपीओ ने बताया कि आर्यन के पिता लौरिया थाना के लिपनी निवासी अनूप कुमार श्रीवास्तव का बिजली के सामान का दुकान है। राहुल शर्मा बिजली मिस्त्री है। वह काम के सिलसिले में हमेशा उसके दुकान पर आता जाता था।

## ईश्वर शांति कालेज में छात्रवृत्ति कैंप आयोजित

### चयनित छात्राओं को प्रति वर्ष मिलेगी 30 हजार की छात्रवृति



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईश्वर शांति कालेज में स्नातक सत्र 2025-29 में नामांकित छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से 30 हजार प्रतिवर्ष की छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरवाए गए। कार्यक्रम की शुरूआत गहरी मिशन की सिस्टर अंजना ने किया। उन्होंने बताया कि नारी सशक्तिकरण के अंतर्गत देश के चुनिंदा राज्यों की स्नातक स्तर की छात्राओं को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा यह छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य छात्राओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। कालेज की प्राचार्य प्रो. सबा खानम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह छात्रवृत्ति योजना उन छात्राओं के लिए एक सुनहरा अवसर है जो शिक्षा के साथ-साथ आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही हैं। उन्होंने सभी नामांकित छात्राओं से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की। प्राध्यापक डॉ. नूतन, आईटी सहायक कुणाल किशोर और प्रधान सहायक रजनीश मिश्रा ने छात्राओं को ऑनलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी और मौके पर ही फॉर्म भरवाने में सहयोग किया। कालेज अध्यक्ष ज्ञानेंद्र शरण ने घोषणा की कि छात्रवृत्ति प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए महाविद्यालय परिसर में एक सप्ताह तक सहायता काउंटर खोला जाएगा। इसके माध्यम से छात्राओं को फॉर्म भरने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया और छात्रवृत्ति के लिए पंजीकरण किया।

## तीन शिक्षकों के भरोसे 227 बच्चों की पढ़ाई

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र का राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसड़ा उर्दू शिक्षा व्यवस्था की हकीकत बयां कर रहा है। 227 छात्र-छात्राओं वाले इस विद्यालय में कक्षा पहली से आठवीं तक की पढ़ाई कराने का जिम्मा केवल तीन शिक्षकों के कंधों पर है।शिक्षक की भारी कमी के साथ-साथ विद्यालय भवन भी जर्जर हालत में है, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।विद्यालय की सबसे बड़ी समस्या कक्षाओं की कमी है। एक ही कमरे में दो-दो वर्गो के बच्चों को बैठाकर पढ़ाना पड़ता है। इससे न तो छात्र एकाग्र हो पाते हैं और न ही शिक्षक ठीक से पढ़ा पाते हैं। अभिभावकों का कहना है कि ऐसी स्थिति में बच्चों का शैक्षिक विकास अवरुद्ध हो रहा है और वे प्रतियोगी माहौल में पिछड़ सकते हैं।

## खेल को प्रधानमंत्री ने दिया है जनक्रांति का रुपः सतीश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दूबे ने कहा है कि खेल अब खेल नही रह गया है बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे जनक्रांति का रूप दे दिया है। वाल्मीकिनगर लोकसभा के नरकटियागंज विधानसभा अंतर्गत डीके शिकारपुर के नुनिया टोला स्थित सिंघेश्वर प्रसाद वर्मा स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव की शुरूआत करते हुए उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया विजन और खेल मंत्रालय की सक्रिय भूमिका से प्रेरित यह महोत्सव युवाओं में ऊर्जा, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जगाने का माध्यम बनेगा। वाल्मिकीनगर लोक सभा क्षेत्र में पिछले साल से शुरू हुई प्रतिस्पर्धा निरंतर जारी है। उन्होने कहा कि उन्हे बक्सर में सांसद खेल महोत्सव की जिम्मेवारी दी गयी है लेकिन वाल्मिकीनगर इससे अछुता रहे ये नही हो सकता। यही से खेलकर वे आज विधायक से लेकर मंत्री तक का सफर तय कर रहे हैं। मंत्री श्री दुबे ने कहा कि वे अगर बक्सर में आयोजित खेल महोत्सव और यहां आयोजित खेल महोत्सव का समापन सोच समझ कर किया जाएगा। उन्होने भारत पाक के बीच हुई क्रिकेट मैच में भारतीय टीम को मिली जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि भारतीय टीम ने क्रिकेट में भी ऑपरेशन सिंदूर की याद ताजा कर दी। इससे पहले सासंद खेल महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, मशाल और शपथ लेकर किया गया।

CMYK

# सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय के हिंदी विभाग में मंगलवार को हिंदी दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन से हुआ। समारोह की अध्यक्षता गणित विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष शिवपूजन सिंह ने की, जबकि मंच संचालन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक अनूप कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने हिंदी भाषा के महत्व, उसकी समृद्धि और उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। छात्रों ने हिंदी की प्रसिद्ध कविताओं का पाठ कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया तथा हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार रखे। विभागाध्यक्ष सह बर्सर डॉ. अरविंद कुमार ने अपने संबोधन में हिंदी को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए इसकी बढ़ती उपयोगिता और वैश्विक स्वीकार्यता पर प्रकाश डाला। समारोह में शामिल अतिथियों ने भी अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जबकि धन्यवाद ज्ञापन उर्दू विभाग के सहायक प्राध्यापक मोहम्मद राशिद ने किया। इस मौके पर डॉ. कमलेश कुमार सिंह, ओझा सर, सूभोजीत मंडल, डॉ. संजीव रंजन, चर्चित साहित्यकार धनंजय जयपुरी, हिमांशु चक्रपानी, पूर्व बर्सर संतोष सुमन, प्रेम शंकर गोंद, अनुज बेचैन, सिद्धेश्वर सिंह, डॉ. श्रुति, विभीषण कुमार, मंजीत कुमार, ओमप्रकाश कुमार, नीरज कुमार, छोटे लाल यादव, कौशल किशोर, शशि कांत कुमार, डॉ. किरण कुमारी, कंचन पटेल, मनोज कुमार सिंह (लेखापाल), प्रवीण दुबे, राजेश मिश्रा, अंशु कुमारी, निशा सिन्हा, नेहा आर्या, पप्पू सिंह, सरोज सिंह, अंकित सिंह, शिवकुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-छात्र मौजूद रहे। हिंदी दिवस समारोह ने महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण में हिंदी भाषा के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।



# जहानाबाद से तेजस्वी यादव ने शुरू की बिहार अधिकार यात्रा, कहा – 'यह बेरोजगार युवाओं की लड़ाई'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने जहानाबाद के गांधी मैदान से अपनी बहुचर्चित बिहार अधिकार यात्रा की शुरुआत की। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने मौजूदा सरकार पर जमकर हमला बोला। तेजस्वी यादव ने कहा कि यह यात्रा बेरोजगार युवाओं की लड़ाई है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि आने वाला समय परिवर्तन का है, हमें मिलकर इस नकलची सरकार को उखाड़ फेंकना है। अगर आप हमें मौका देंगे तो हमारी सरकार बिहार को भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त बनाएगी। कोई भी अपराधी या गड़बड़ी करने वाला हो, उसे सजा जरूर दिलाई जाएगी। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में साफ कहा कि वे अनुशासनप्रिय राजनीति में विश्वास रखते हैं और अपराधियों के खिलाफ किसी भी जाति या धर्म का भेदभाव नहीं किया जाएगा। तेजस्वी ने नीतीश सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि आज की सरकार सिर्फ हमारी बातों की नकल करती है, लेकिन काम करने की नीयत और क्षमता नहीं रखती। भीड़ में मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने वादा किया कि यदि उनकी सरकार बनती है तो 'माई बहिन योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने युवाओं को भी आश्वस्त किया कि रोजगार सृजन उनकी प्राथमिकता होगी। तेजस्वी ने 2020 विधानसभा चुनाव की याद दिलाते हुए कहा कि इसी गांधी मैदान से मैंने युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। तब हमारे विरोधियों ने कहा था कि पैसा कहां से आएगा? क्या अपने पिता के पास से लाकर लोगों को वेतन देंगे? लेकिन आज बिहार की जनता जान चुकी है कि असल विकल्प कौन है। गांधी मैदान में उमड़ी भीड़ और गूंजते नारों से माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में डूब गया। जैसा कि ज्ञात हो तेजस्वी की अधिकार यात्रा 16 से 20 सितंबर तक बिहार के कई जिलों में जाएगी, जिसका मकसद जनता के बीच सरकार की नीतियों के खिलाफ माहौल तैयार करना और विपक्ष को मजबूत करना है।



# रफीगंज में 12 से 16 अक्टूबर तक पल्स पोलियो अभियान

## 64 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आगामी पल्स पोलियो अभियान की तैयारी को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की रूपरेखा और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। डब्ल्यूएचओ के फील्ड मैनेजर सोहेल हसन ने बताया कि यह विशेष अभियान 12 से 16 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस दौरान 0 से 5 वर्ष की आयु वर्ग के 64,335 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने और बच्चों को जीवनभर इस बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए यह अभियान बेहद अहम है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से पूर्ण समर्पण के साथ अभियान को सफल बनाने की अपील की। अभियान के लिए 44 सुपरवाइजर और 118 वैक्सीनेशन टीमों की तैनाती की जाएगी। ये टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी और किसी भी बच्चे को छूटने नहीं देंगी। बैठक में बीसीएम सन्नी कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार और प्रभारी स्वास्थ्य प्रबंधक विकास कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा सुपरवाइजर मनोज कुमार मधुकर, मुमताज आलम, सुनील कुमार दीप तथा फैसिलिटेटर शांति कुमारी, बसंती कुमारी, रुबी कुमारी, सावित्री कुमारी, कंचन कुमारी और कुमंडल कुमारी समेत बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल हुए। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि पोलियो उन्मूलन के इस महाअभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक जनजागरूकता भी की जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा खुराक से वंचित न रह जाए।

# जीएसटी सुधार से सभी वर्ग को मिलेगा फायदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के जैन धर्मशाला में जीएसटी में सुधार एवं इससे व्यवसायियों एवं आम आवाम को तथा देश के अर्थव्यवस्था पर सकारात्मकता पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यापार एवं उद्योग भारत सरकार सुनील सांघी की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कारगिल शहीद गैस एजेंसी के एवं क्षेत्रीय प्रभारी शिवदयाल गुप्ता संचालन प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में स्थानीय व्यवसायियों ने पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह,पूर्व विधायक, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सांघी का स्वागत फूल माला एवं बुके देकर किया। पूर्व सांसद ने कहा कि भारत में जीएसटी टैक्स कम किये जाने आम आवाम को काफी फायदा मिलेगा। साथ ही 12 लाख तक आय वाले मध्य वर्गीय को इनकम टैक्स के दायरे से बाहर रखा गया है। इन्होंने कहा कि कहीं भी कुछ होता है तो विपक्षी कहते हैं कि कहां गया 56 इंच का सीना एक तरफ अमेरिका ने



टैक्स बढ़ाया इधर हमारे प्रधानमंत्री ने जीएसटी टैक्स को घटा कर भारत की जनता को फायदा दिया है वहीं अर्थव्यवस्था को भी पंख लगेगा। स्वदेशी अपनाने पर इन्होंने बल दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उन ऐतिहासिक, दूरदर्शी एवं जन कल्याणकारी आर्थिक सुधारों के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया किया। जिन्होंने भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं समावेशी अर्थव्यवस्था के पथ पर अग्रसर किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सरल एवं न्यायसंगत बनाया गया है। इन सुधारों से व्यापारियों को सुविधा, उपभोक्ताओं को लाभ तथा राज्यों को समुचित राजस्व सुनिश्चित हुआ है।मध्यम वर्ग को राहत प्रदान करने हेतु 12 लाख तक की वार्षिक आय को करमुक्त करने का निर्णय एक ऐतिहासिक एवं साहसिक कदम है। इससे करोड़ों परिवारों को आर्थिक सुरक्षा एवं क्रय शक्ति प्राप्त हुई है। स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने और स्थानीय उद्योगों व लघु उद्यमों को सशक्त बनाने की नीति ने आत्मनिर्भरता की भावना को सुदृढ़ किया है। इससे राष्ट्रीय गौरव की भावना और 'वोकल फॉर लोकल' का संकल्प जन-जन तक पहुंचा है। प्रधानमंत्री को उनके दूरदर्शी नेतृत्व, साहसिक निर्णयों एवं राष्ट्रहित में किए गए ऐतिहासिक सुधारों के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया जाए। इन सुधारों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जाए। नागरिकों को इन नीतियों का लाभ उठाने तथा' हरघर स्वदेशी' के संकल्प को सशक्त बनाने हेतु प्रेरित किया जाए। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आज आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रगति की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। यह प्रस्ताव राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं अटूट समर्थन की सामूहिक अभिव्यक्ति है। पूर्व विधायक एवं विधान पार्षद ने जीएसटी टैक्स घटने पर फायदा गिनाया।उपस्थित लोगों को हाथ उठाकर अपने जीवन में स्वदेशी सामग्री का उपयोग करने का संकल्प कराया। इस मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता विनय कुमार सिंह, दीनानाथ विश्वकर्मा,जदयू प्रखण्ड सह बीस सूत्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा,भाजपा नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहु, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह ,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, महामंत्री शिवनारायण साहु, चंदन कुमार, जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र सिंह, राणा विवेक सिंह, शुभम सिंह, शंकर शौंडिक,अनिल जैन, संजय चौरसिया,संगीता प्रसाद, अरुण कुमार सिंह, उदय सिंह, अशोक प्रसाद, कौशल चंद्रवंशी, रोहित कुमार, संजीत कुमार, संजय यादव, महेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# खाद के लिए किसानों ने की मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। यूरिया खाद को लेकर मचा हाहाकार अब विकराल रूप धारण कर लिया है। महज चार बोरी यूरिया के लिए अन्नदाता एक-दूसरे के खून के प्यासे हो रहे हैं। औरंगाबाद बिस्कोमान भवन के बाहर का नजारा सरकारी दावों की पोल खोल रहा था, जहां सुबह से भूखे, प्यासे कतार में हजारों लोग कतार में खड़े थे। इसी क्रम में किसानों का सब्र का बांध टूट गया और वे आपस में ही भिड़ गए। इस क्रम में जमकर मारपीट हुई लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना रही। बता दें कि धान की फसल में सोहनी के बाद यूरिया की तत्काल आवश्यकता होती है परंतु जिले के किसी भी प्रखंड में खाद उपलब्ध नहीं है। डीलर हाथ खड़े कर चुके हैं और जहां चोरी-छिपे मिल भी रही है, वहां ब्लैक में मुंहमांगी कीमत वसूली जा रही है। अपनी सालों भर की मेहनत और रोजी-रोटी बचाने की जद्दोजहद में हजारों की संख्या में महिला और पुरुष किसान बिस्कोमान भवन पहुंचे थे। सुबह से लगी लंबी कतारें, अव्यवस्था का आलम और खाद न मिलने की आशंका ने माहौल को विस्फोटक बना दिया। इतने में कतार में लगे किसान आपस में ही उलझ पड़े और स्थिति मारपीट तक पहुंच गई। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इतनी बड़ी भीड़ के बावजूद सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं था। इधर किसानों के बीच हुई इस झड़प ने जिले की प्रशासनिक विफलता और सरकार की लापरवाही को उजागर कर दिया है। घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता आलोक सिंह ने सीधे तौर पर डीएम, जिला कृषि पदाधिकारी और जिला सहकारिता पदाधिकारी को जिम्मेदार ठहराया है। जब धान की खेती में यूरिया की जरूरत थी तो कृषि विभाग समय पर आपूर्ति सुनिश्चित क्यों नहीं कर सका। यदि विभाग विफल रहा तो जिले के नोडल पदाधिकारी होने के नाते डीएम ने किसानों के हित में कदम क्यों नहीं उठाए। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए पूछा कि आखिर यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग कैसे हो रही है। क्या ऊंचे दामों पर खाद बेचने वाले दुकानदारों को पदाधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है।

# हसपुरा में जनता दरबार, चार जमीनी विवादों का निपटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभा कक्ष में मंगलवार को जमीनी विवादों के निपटारे को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। दरबार की अध्यक्षता अंचल अधिकारी (सीओ) कौशल्या कुमारी ने की। इस अवसर पर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार व अंचल सहायक दीपक कुमार भी मौजूद रहे। जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों से आए लोगों ने अपने-अपने भूमि विवाद से जुड़ी समस्याओं को रखा। इनमें रायपुर बंधवा गांव से विश्वनाथ प्रसाद बनाम रंधीर राजवंशी, रामपुर कैथी से संतन सिंह बनाम मुन्ना सिंह, हसपुरा से पप्पू कुमार बनाम ओमप्रकाश कुमार, बघोई गांव से वीरभद्र सिंह बनाम राजमोहन सिंह, बख्तियारपुर से कपिल कुमार बनाम संजय कुमार, दीपक कुमार बनाम बैकुंठ सिंह, टाल गांव से जितेंद्र कुमार बनाम सुरेश सिंह तथा मनमोहन सिंह बनाम नवीन शर्मा सहित कई प्रकरणों पर सुनवाई हुई। सुनवाई के क्रम में प्रशासनिक अधिकारियों ने दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी सहमति से समाधान निकाला। कुल चार विवादित मामलों का मौके पर निपटारा कर दिया गया।

# यूरिया खाद की किल्लत से किसान बेहाल, कालाबाजारी ने बढ़ाई परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। अन्नदाता कहे जाने वाले किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इस बार संकट यूरिया खाद को लेकर है। रफीगंज क्षेत्र में यूरिया खाद की भारी किल्लत हो गई है, जिसके कारण किसान बेहद परेशान हैं। बोआई का काम पूरा हो चुका है, लेकिन खाद उपलब्ध नहीं होने से फसल कमजोर पड़ने लगी है। किसान खाद की तलाश में भटक रहे हैं और कालाबाजारी की मार भी झेल रहे हैं। स्थिति यह है कि क्षेत्र के कई निजी दुकानदार मनमाने दाम पर चुपके-चुपके खाद बेच रहे हैं। वहीं, संबंधित विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। मंगलवार को रफीगंज के इफको गोदाम में यूरिया खाद के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अहले सुबह से ही किसान लाइन लगाकर खड़े रहे, लेकिन उन्हें जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध नहीं हो पाया। किसानों ने बताया कि वे रोजाना 5 से 10 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने



सारे काम-धंधे छोड़कर रफीगंज आते हैं, लेकिन दिनभर लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ता है। रबी की फसल में यूरिया की खपत अधिक होती है। ऐसे में खाद की कमी से किसान चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि इस संकट का सबसे बड़ा फायदा दुकानदार उठा रहे हैं, जो खुलेआम ज्यादा दाम वसूल रहे हैं। एक ओर खेतों में फसल को खाद की सख्त जरूरत है, दूसरी ओर प्रशासनिक चुप्पी ने किसानों की परेशानी और बढ़ा दी है। पंचायत समिति सदस्य सह समाजसेवी इस्तियाक फरहान ने बताया कि यूरिया की किल्लत की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। करीब 10 दिन पहले भी किसानों की शिकायत पर इफको गोदाम जाकर स्थिति की जानकारी ली गई थी। गोदाम प्रबंधक अभिषेक पाठक ने उस समय कहा था कि जितना खाद आता है, किसानों को वितरित कर दिया जाता है। लेकिन खाद की सप्लाई ही कम हो रही है, जिससे यह संकट उत्पन्न हुआ है। किसानों ने आरोप लगाया कि प्रशासन और विभागीय अधिकारी इस गंभीर समस्या पर चुप्पी साधे बैठे हैं। उनका कहना है कि यदि शीघ्र ही पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध नहीं कराया गया तो फसल पर बुरा असर पड़ेगा और उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल यूरिया खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि अन्नदाता समय रहते अपनी फसल को बचा सकें।

# ट्रक लूटकांड का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। ट्रक लूटकांड में फरार आरोपित को नगर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। आरोपित की पहचान जहानाबाद निवासी रितेश कुमार के रूप में की गई है। दरअसल, छह माह पहले थाना क्षेत्र के वार्ड- 33 अंतर्गत गांधी नगर मुहल्ला से सटे नेशनल हाइवे-19 के किनारे यामाहा शोरूम के बगल में लगाए गए ट्रक को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। इस दौरान यहां बाइक शोरूम की सुरक्षा में तैनात एक गार्ड को भी चोरों ने अगवा कर लिया। उसे मारपीट कर उसका हाथ पैर बांधकर घटनास्थल के दूसरी तरफ खेत में ले जाकर छोड़ दिया था। इसके बाद ट्रक लेकर वहां से भाग निकले। यह पूरी घटना शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई। फुटेज के आधार पर मामले में कार्रवाई की गई। घटना को लेकर सलैया थाना क्षेत्र के खैरा मंझौली गांव निवासी बबन कुमार यादव ने प्राथमिकी दर्ज करवाया था। कांड की गंभीरता पर पुलिस ने तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर लूटी गई ट्रक पूर्व में ही बरामद कर लिया गया था। जबकि आज आरोपी को पटना जिले के मसौढ़ी से पकड़ा गया। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिह ने बताया कि ट्रक लूटकांड में फरार एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपित ने अपराध स्वीकार किया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपित को जेल भेज दिया गया।

# फल्गु नदी में जल स्तर में संभावित वृद्धि को देखते हुए जहानाबाद जिला प्रशासन ने नागरिकों को किया सतर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। 15 सितम्बर से 18 सितम्बर तक फल्गु नदी के कैचमेंट एरिया चतरा एवं हजारीबाग क्षेत्र में वर्षा की संभावना मौसम विभाग द्वारा जताई गई है। इसके आलोक में फल्गु नदी में तेजी से जलस्तर में वृद्धि की सम्भावना व्यक्त की गई है। जिला प्रशासन की ओर से चेतावानी जारी करते हुए कहा गया है कि ऐसी परिस्थिति में उदेरास्थान बराज का गेट खोला जा सकता है, जिससे डाउन स्ट्रीम क्षेत्र में जल प्रवाह बहुत अधिक हो सकता है। इसके कारण फल्गु, भुतही तथा लोकाईन नदी के किनारे के क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से लोगों को सावधान करते हुए निर्देश दिया गया है कि फल्गु नदी के किनारे या निचले इलाकों में रहने वाले सभी नागरिक सावधानी बरतें।नदी के समीप अनावश्यक आवाजाही से बचें तथा पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करें। नागरिकों से अपील किया गया है कि किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन विभाग से संपर्क करें।



# राजस्व महाअभियान शिविर आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। भूमि से जुड़े मामलों में गड़बड़ी और लंबित समस्याओं को दूर करने के लिए हसपुरा प्रखंड में विशेष राजस्व महाअभियान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 17 सितंबर और 20 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा कक्ष में लगाया जाएगा। हसपुरा सीओ कौशल्या कुमारी ने जानकारी दी कि शिविर में सभी पंचायतों के शिविर प्रभारी, राजस्व कर्मचारी, निबंधन कर्मी, प्रपत्र वितरक और हेल्प डेस्क कर्मी उपस्थित रहेंगे। इनकी जिम्मेदारी होगी कि वे रैयतों से प्राप्त आवेदनों का संग्रहण करें, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें और प्रपत्र वितरण के साथ-साथ हेल्प डेस्क पर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं। सीओ ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य हर रैयत की समस्या का एकमुश्त समाधान करना और लोगों को व्यापक स्तर पर जागरूक करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविर समाप्त होने के बाद भी रैयत बिहार भूमि पोर्टल के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान करा सकेंगे। परिमार्जन प्लस पोर्टल से जमाबंदी सुधार और छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाइन करने की सुविधा जारी रहेगी, वहीं उत्तराधिकार नामांतरण और बंटवारा नामांतरण दाखिल-खारिज पोर्टल के जरिये किया जा सकेगा।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ/एसी/टी/95-96/25-26 (खुली), दिनांक** 13.09.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.:1, केस सं.** : ओ-एसी-टी-95-25-26, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के तहत (i) मोहनपुर-हंसडीहा शाखा के बीच सर्वधाम, (ii) देवघर-मोहनपुर-हंसडीहा शाखा के बीच त्रिकुट पर्वत और (iii) देवघर-मोहनपुर शाखा के बीच महेशमारा पर नए हॉल्ट स्टेशन के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 6,76,51,688.66, **बयाना राशि :** रु. 4,88,300/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं.:2, केस सं.** : ओ-एसी-टी-96-25-26, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन एईएन/मुख्यालय/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में डीआरएम कार्यालय, विवेकानंद पार्क, डीएमओ अस्पताल आदि जैसे विभिन्न स्थानों पर 12 महीने की अवधि के लिए बागवानी परिसंपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 50,53,762.25, **बयाना राशि :** रु. 1,01,100/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 09.10.2025 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps. gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-185/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# अधिक कीमत पर खाद बेचने पर गिरी गाज, लाइसेंस रद्द, प्रतिष्ठान सील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने अधिक मूल्य पर उर्वरक बेचते पकड़े गए दुकानदार का अनुज्ञप्ति रद्द कर प्रतिष्ठान सील कर दिया गया है। यह कार्रवाई देव प्रखंड क्षेत्र के बालूगंज स्थित विष्णु खाद भंडार के विरुद्ध की गई है। दरअसल, मंगलवार को जिला कृषि पदाधिकारी को सूचना मिली कि उस उर्वरक प्रतिष्ठान के द्वारा निर्धारित रेट से अधिक पर ऊर्वरक का बिक्री की जा रही है जिसके आलोक में छापेमारी के फलस्वरूप मामला सत्य पाया गया। इसके बाद उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों के आलोक में अनुज्ञप्ति रद्द कर प्रतिष्ठान सील कर दिया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सरकार किसानों को उचित दर पर और समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी



व ब्लैक मार्केटिग पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएंगी। प्रत्येक विक्रेता को क्रय-विक्रय रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर अद्यतन रखना होगा। मूल्य सूची एवं उपलब्ध स्टॉक की जानकारी दुकान पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी होगी। किसानों की किसी भी शिकायत पर त्वरित जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# बेतामिला वारंटी गिरफ्तार

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। नरारी कलां खुर्द थाना की पुलिस द्वारा एक बेतामिला वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के कुशा गांव निवासी धनश्याम पांडे के रूप में की गई है। विदित हो कि यह 2017 से मामले में फरार चल रहा था। कोर्ट के निर्देश पर अब तक उसके घर की कुर्की जब्ती की जा चुकी है। इसके वावजूद वह मामले में फरार चल रहा था। इसी क्रम आज वह पकड़ा गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए बेतामिला वारंटी को आवश्यक कार्रवाई के उपरांत न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आवश्यक सुनवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया।

**बिहार सरकार**

**कार्यालय, जिला परिषद, औरंगाबाद।**

**त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं अन्तर्गत जिला परिषद में सामग्री अधिप्राप्ति हेतु निविदादाताओं के चयन के लिए निविदा की शर्ते।**

**(अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना)**

अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग , बिहार, पटना के पत्रांक– 8321, दिनांक– 21.07.2023 एवं पत्रांक – 6568/पं०रा०, दिनांक– 24.07.2024 के आलोक में औरंगाबाद, जिलान्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं जिला परिशद, प्रखण्ड व पंचायत की योजनाओं में प्रयुक्त होनेवाली सामग्रियों यथा सीमेन्ट, स्टोन चिप्स, ईंट, बालू, जी0आई0 पाईप, जी0आई0 सीट, छड़, लोकल बालू, पेवर ब्लॉक, हैण्ड पम्प इत्यादि सामग्रियों की अधिप्राप्ति (Material Procurement) हेतु कार्यालय पत्रांक–113 दिनांक–12.12.2024, पत्रांक–1061 दिनांक–14.03.2024 एवं पत्रांक–04 दिनांक–30.01.2025 द्वारा चयनित सफल आपूतिकर्त्ताओं के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2025–26 में जिला त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं की योजनाओं में प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों का निर्धारित SoR के अनुसार आपूर्ति करने योग्य नये इच्छुक प्रतिश्ठित, निबंधित एवं साक्षम प्रतिश्ठानों से निम्न शर्ते के अधीन सूचीबद्ध करने हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| विज्ञापनदाता | जिला अभियन्ता, जिला परिषद, औरंगाबाद |
|---|---|
| कागजात जमा करने की अवधि | दिनांक – 26.09.2025 के अपराह्न 03:00 बजे तक (अवकाश के दिनों को छोड़कर) |
| कागजात जमा करने का स्थान एवं समय | जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, औरंगाबाद। पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| कागजात संवीक्षा की तिथि एवं समय | दिनांक–03.10.2025 से 04.10.2025 को समय 11:00 बजे पूर्वाहन से। |
| संवीक्षा का स्थान | जिला परिषद, औरंगाबाद। |
| संवीक्ष के विरुद्ध दावा/आपत्ति प्राप्त करने की तिथि | दिनांक– 06.10.2025 से 07.10.205 तक |
| दावा आपत्ति के निष्पादन की तिथि | दिनांक– 09.10.2025 |
| चयनित आपूर्तिकर्त्ताओं की सूची प्रकाशन की तिथि | दिनांक – 10.10.2025 |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 014949 ( B & C ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, औरंगाबाद।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेलवे के पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025' का आयोजन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के समग्र मार्गदर्शन में संचालित होगा जिसमें सभी रेल विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इसका उद्देश्य रेलवे परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है, साथ ही आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा देना है। 17 सितंबर को अभियान की शुरुआत होगी। अभियान के दौरान पूरे मंडल में बड़े पैमाने पर स्थानों को चिन्हित कर उनकी सघन सफाई की जाएगी। इसके अलावा स्वच्छता शपथ, मेगा श्रमदान और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सफाई मित्रों के लिए सुरक्षा और स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे। जनजागरूकता के लिए मैराथन, साइक्लोथॉन और वॉकाथॉन जैसे आयोजन होंगे। खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वच्छता संदेश फैलाया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण हेतु बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलेगा। अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर गतिविधियां, अपशिष्ट से कला निर्माण, शून्य अपशिष्ट उत्सव और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। रीसाइकिल्ड उत्पादों की बिक्री के माध्यम से पुनः उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। घर-घर जागरूकता अभियान और एक दिन, एक घंटा, एक साथ के तहत सामूहिक श्रमदान किया जाएगा। स्वच्छ भोजन पहल के अंतर्गत बेस किचन, रेस्टोरेंट, फूड स्टॉल और पैंट्री कारों की सफाई की जाएगी, साथ ही ट्रेनों और स्टेशनों में कीट नियंत्रण अभियान भी चलेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। युवाओं को अभियान से जोड़ा जाएगा और सार्वजनिक शौचालयों की सफाई व उन्नयन किया जाएगा। पैंट्री कारों में स्मार्ट डस्टबिन लगाए जाएंगे। कार्यालयों, संस्थानों, स्कूल, ट्रैक, स्टेशनों और ट्रेनों की व्यापक सफाई की जाएगी। 02 अक्टूबर को अभियान का समापन होगा। इस दौरान मंडल के अंतर्गत सभी रेलखंडों डीडीयू-गया, सासाराम-आरा, सोननगर- सिगसिगी के स्टेशनों पर स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। यह अभियान स्वच्छता को सामाजिक जिम्मेदारी और जीवनशैली का हिस्सा बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण मामले में विश्व हिंदू परिषद ने जताया कड़ा विरोध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आए दिन धर्मांतरण के खबरें सामने आती रहती है। उसी संबंध में रोहतास डिहरी ऑन-सोन में धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न के मामले में विश्व हिंदू परिषद ने प्रेस कांफ्रेंस कर बारह पत्थर में अपने अस्थाई कार्यालय में किया। विश्व हिंदू परिषद, जिला रोहतास इकाई सीडब्लूसी के जांच को आधार मानकर जेम्स में हुए यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण को लेकर कड़ा विरोध जताया। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री यश उपाध्याय ने कहा कि धर्म आस्था का विषय है व्यापार का विषय नहीं। वहीं आए दिन जेम्स में हिन्दू विरोधी कार्य, धर्मांतरण जैसे मामले अक्सर सामने आते हैं पर जेम्स पर कोई कठोर प्रशासनिक कार्यवाही नहीं की जाती है। यश उपाध्याय ने कहा कि धर्मांतरण सिर्फ धर्मांतरण नहीं बल्कि राष्ट्रांतरण है और ऐसे मामलों में प्रशासन की छुपी उनकी कार्यशैली को लेकर संदेशजनक है । वर्तमान में ही जो यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण का मामला सामने आया है उसमें जिला प्रशासन चुप्पी साधे हुए है जो विश्व हिंदू परिषद बर्दाश्त नहीं करेगी और सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन हेतु बाध्य होगी। वही हिंदू जागरण मंच के प्रांत संपर्क प्रमुख पंकज कुमार उर्फ गोपी ने बताया हम धर्मान्तरण का कड़ा विरोध करते हैं। किसी भी व्यक्ति को लालच, भय या प्रलोभन देकर धर्म बदलवाना न केवल हमारी संस्कृति पर आघात है बल्कि समाज की एकता को तोड़ने का षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि सीडब्लूसी ने अपने जांच में पाया कि जेम्स प्रांगण में बालिका के साथ बलात्कार हुआ है पर अब कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई।

## दो वारंटी सहित शराब तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम श्रवण कुमार सिंह ग्राम कैथी, गुड्डू राय ग्राम मलहीपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेज दिया है। इसकी जानकारी चेनारी थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने दिया और बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया है और उसके साथ एक शराब तस्कर को भी 15 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। शराब तस्कर का नाम लाल बिहारी कुमार ग्राम देवडिही को जेल भेज दिया गया है।

## 20 सूत्री प्रखंड कमिटी की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी।** प्रखण्ड के सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह कुशवाहा ने कहा कि सरकार के जितने कल्याणकारी योजना को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। जीविका पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी परिवार की एक महिला को सहायता रोजगार योजना के तहत फार्म भरवाने का आदेश दिया गया और प्रखंड में जितनी योजना चलाई जा रही है सही ढंग से कमिटी की देखरेख में चलाई जाएगी और पीडीएस दुकान पर सवाल उठाते हुए कामेश्वर कुशवाहा ने कहा कि मनमाने ढंग से 4किलो अनाज दिया जाता है। इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। ठीक उसी प्रकार रवींद्र चंद्रवंशी ने कहा कि सीडीपीओ के द्वारा मनमानी कराया जाता है। आंगनबाड़ी सेविका से मीनू के तहत भोजन नहीं दिया जाता है इसकी भी जांच होनी चाहिए और राजेंद्र तिवारी के द्वारा मल्हीपुर मध्य विद्यालय का जमीन अभी तक नापी नहीं कराया गया क्यों, प्रखंड प्रमुख का कार्यालय का मरम्मति कार्य किस मद से किया गया है उसका हिसाब मांगा गया कि उसका सही-सही से हिसाब देने की बात कही गई है। सम्मानित 20 सूत्री सदस्यों ने अपने-अपने हिसाब से सवाल किए और सभी विभाग के पदाधिकारी जवाब दिए। उपस्थित सदस्यों में रवींद्र चंद्रवंशी, अशोक सिंह, अकरम शाह, कामेश्वर सिंह कुशवाहा, कामेश्वर यादव, भागवत जायसवाल, मृत्युंजय शुक्ला, गुड्डु शर्मा, राजेंद्र तिवारी, राधेश्याम पांडे, हरिराम बिंद, सावित्री गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## छेहरटा और सहरसा के मध्य अमृत भारत एक्सप्रेस का किया जायेगा नियमित परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर सुपौल-निर्मली-झंझारपुर-सकरी-सीतामढ़ी-रक्सौल-नरकटियागंज-गोरखपुर-मुरादाबाद-अम्बाला कैंट-अमृतसर के रास्ते सहरसा और छेहरटा के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है जिसका शुभारम्भ प्रधानमंत्री द्वारा 05531 सहरसा-छैहरटा उद्घाटन स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर किया गया है। यह गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन है जिममें मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, आरामदायक सफर के लिये एयर स्प्रिंग बॉडी, रेडियम फ्लोर स्ट्रिप्स, स्वच्छ दिव्यांगजन-अनुकूल प्रसाधन, सेफ्टी के लिये फायर डिटेक्शन, टॉक-बैक यूनिट, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था सहित उन्नत यात्रा सुविधायें उपलब्ध हैं।


## प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लि., कसेर

**प्रखण्ड- भगवानपुर, जिला-कैमूर (भभुआ) बिहार 821102**

### आवश्यक सूचना

विभागीय पत्रांक 328 दिनांक 13-01-2023 में पैक्स में कार्मिकों के लिए आदर्श सेवा नियमावली में निहित पात्रता चयन प्रक्रिया एवं अन्य शर्तों के आधार पर प्रा. कृ.सा. स. समिति लि. कसेर प्रखण्ड - भगवानपुर जिला-कैमूर अन्तर्गत प्रबंधक पद के कुल 01 (एक) पद पर नियुक्ति हेतु सुयोग्य उम्मीदवारों से दिनांक 17-09-2025 से 26-09-2025 तक सुबह 10:00 बजे से 5:00 बजे अपराहन तक प्रा. कृ. सा. स. समिति लि. कसेर कार्यालय जलईबार में विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक सुयोग्य उम्मीदवार कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

**अरुण कुमार सिंह**
**अध्यक्ष**



Ministry of Health and Family Welfare
Government of India



संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार

अभियान का राज्यस्तरीय

**शुभारंभ**

#SwasthNariSashaktParivar

दिनांक: 17 सितंबर 2025
समय: पूर्वाहन 11:45 बजे से
स्थान: सदर अस्पताल, राँची

मुख्य अतिथि

**श्री संतोष कुमार गंगवार** — माननीय राज्यपाल, झारखण्ड
**श्री हेमन्त सोरेन** — माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

के कर कमलों द्वारा

**अभियान की गतिविधियाँ**

**सभी महिलाओं के लिए चिकित्सा जाचं और स्वास्थ्य सेवाएं**
- ईएनटी, नेत्र, रक्तचाप, मधुमेह और दंत जाँच
- कैंसर-मुख/स्तन/ग्रीवा
- गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसवपूर्व जाँच
- टीकाकरण सेवाएँ
- एनीमिया का स्तर
- टेलीमानस सुविधाएँ
- टीबी जाँच
- सिकल सेल एनीमिया
- विशेष परामर्श

**नागरिकों की सक्रिय भागीदारी**
- रक्तदान शिविर
- निक्षय मित्र स्वयंसेवी पंजीकरण
- अंगदान पंजीकरण

**स्वस्थ जीवनशैली और स्वास्थ्य के मानको को बनाए रखना**
- चीनी और खाद्य तेलों में 10% की कमी के साथ मोटापा कम करना
- स्थानीय और क्षेत्रीय भोजन को बढ़ावा देना
- प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार संबंधी आचरण
- मासिक धर्म स्वच्छता संवर्धन और पोषण
- टेक होम राशन (THR) का वितरण

**स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच आसान बनाने के लिए**
- मातृ एवं शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना नामांकन
- आयुष्मान वय वंदना कार्ड
- सिकल सेल कार्ड
- पोषण टैंकर में लाभार्थियों का पंजीकरण

PR-362141 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26

इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए महिलायें एवं बच्चे अपने नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या आंगनवाड़ी केन्द्र से संपर्क करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार




# पितृपक्ष मेला पर विशेष



पितरों की पूजा का 16 दिनी महापर्व अब पूरा होने का है। महालय का यह पावन पर्व पितरों को श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान आदि के जरिए संतुष्ट करने के लिए सबसे उत्तम माना गया है। पितृपक्ष में दिवंगत लोगों की तिथि पर विधि-विधान से श्राद्ध करने का विधान है। मान्यता है कि पितृ विशेष को उनकी तिथि पर श्राद्ध और तर्पण आदि करके संतुष्ट करने से पितृदोष दूर होता है और पितरों के आशीर्वाद से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। यदि आपने अभी तक दिवंगत आत्माओं की तृप्ति के लिए श्राद्ध कर्म और इससे जुड़े उपाय नहीं किए तो आप बाकी दिनों में इसे करके उनका आशीर्वाद पा सकते हैं। पितृपक्ष में पितरों को प्रसन्न करने के लिए व्यक्ति को उनकी तिथि पर जरूर श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करें। अगर तिथि याद न हो तो उनके लिए विशेष रूप से सर्वपितृ अमावस्या के दिन श्राद्ध करें। पितरों के लिए श्राद्ध कर्म किसी मजबूरी या गुस्से में नहीं बल्कि उनके प्रति अपनी आस्था रखते हुए श्रद्धा भाव के साथ करें। पितृपक्ष के दौरान घर की छत या बालकनी पर आने वाले पक्षियों और घर के बाहर आने वाले कुत्ता, गाय आदि जानवरों को खाने की वस्तुएं देकर संतुष्ट करने का प्रयास करें। पितृपक्ष में गाय को विशेष रूप से हरा चारा और चीटियों को आटा और चीनी और मछलियों को आटे की गोली खाने के लिए डालें। हिंदू मान्यता के अनुसार दक्षिण दिशा का संबंध पितरों से होता है। ऐसे में पितृपक्ष में प्रतिदिन दक्षिण दिशा में शाम के समय अपने पितरों के लिए दीया जरूर जलाएं। पितृपक्ष में पीपल के पेड़ की पूजा करने का बहुत ज्यादा महत्व माना गया है। हिंदू मान्यता के अनुसार इस पेड़ का संबंध पितरों से होता है। ऐसे में पितृपक्ष में पीपल के पेड़ की विधि-विधान से पूजा करें। पितृपक्ष में दिवंगत पितरों को संतुष्ट करने के लिए किसी वेदपाठी ब्राह्मण को बुलाकर अपने घर में सम्मान पूर्वक भोजन कराएं तथा उसे अपनी क्षमता के अनुसार अन्न, वस्त्र आदि के साथ दक्षिणा दान में दें। पितृपक्ष में किया जाने वाला श्राद्ध पितृयज्ञ कहलाता है। ऐसे में इस पावन प्रक्रिया को पूरा करने वाले व्यक्ति को पूरे पितृपक्ष में सात्विक भोजन ग्रहण करते हुए नियम-संयम से रहकर अपने पितरों को संतुष्ट करने का प्रयास करना चाहिए। हिंदू मान्यता के अनुसार पितृपक्ष में दान का बहुत ज्यादा महत्व माना गया है। ऐसे में इस पावन पक्ष में अगर संभव हो तो व्यक्ति गाय, भूमि, स्वर्ण, चांदी, घी, अन्न, वस्त्र, नमक आदि के साथ विशेष रूप से पिंडदान करना चाहिए।


पर्यटन मंत्रालय MINISTRY OF TOURISM | बिहार सरकार | BODH GAYA | NCHMCT

## होटल मैनेजमेंट संस्थान बोधगया

**डेढ़ वर्षीय डिप्लोमा इन फ़ूड प्रोडक्शन एंड डिप्लोमा इन F&B सर्विस,होटल मैनेजमेंट पाठ्यक्रम में सत्र 2025-26 के लिए, शेष सीटों पर आवेदन आमंत्रित की जाती है |**

एडमिशन हेल्पलाइन नंबर : +91-8987276070, +91-9608271879, 6287081202, 0631-2952143 संपर्क व्यक्ति का नाम : श्री विवेक सुमन

100 % Placement Assurance

इ-मेल : ihmbodhgaya@gmail.com
वेबसाइट : www.ihmbodhgaya.com
पता - गया - डोभी रोड, बोधगया - 824234

100 % Placement Assurance



## Anugrah Memorial College
### Gaya at a Glance

**Anugrah Memorial College, Gaya, named after the great freedom fighter, visionary statesman and eminent educationist Bihar Vibhuti Dr. Anugrah Narayan Sinha Ji, was established in the year 1964. The institution became a Constituent Unit of Magadh University, Bodh Gaya in 1980 and has progressed as an educational hub in the district of Gaya offering various traditional courses along with vocational and professional courses. The following are the highlights of the facilities offered by the college:**

**Highlights of the College Facilities**

- Co-educational institution offering traditional undergraduatecourses in Science, Social Sciences and Humanities.
- Vocational and Professional degree courses in BCA, B.Sc. (IT), M.Sc. (IT), BBM, BLIS and MLIS.
- Successfully running B.Ed. degree course
- Nalanda Open University Study Centre
- Accredited by NAAC
- 23-acre campus
- Enriched library with rare books
- Updated computer laboratories
- Well-equipped science laboratories
- Smart classrooms
- Secure girls' hostel
- Gymnasium and sports facilities
- Separate common rooms for girls and boys
- Round the clock security system with CCTV surveillance
- Opportunities for students in NSS and NCC
- Health Centre
- Wi-fi campus
- Peer-reviewed journal Pratibha Srijan



प्रो.(डॉ.) मो. नजीर अख्तर
प्राचार्य










# एसएसपी ने किया धनरूआ थाने का निरीक्षण

## अपराध नियंत्रण सहित दिये गये अन्य निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अपराध नियंत्रण एवं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को एसएसपी कार्तिकेय शर्मा धनरूआ थाने पहुंचे जहां थानाध्यक्ष अपर थानाध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक की। लंबित कांडों को तेज गति से निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान एसएसपी ने थाना स्तर पर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की और विभिन्न बिंदुओं पर दिशा-निर्देश जारी किए. उन्होंने स्पष्ट शब्दों में सभी थाना प्रभारियों को रात्रि गश्ती को अनिवार्य करने और उसकी रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए सक्रिय गश्ती अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि चुनावी माहौल में अफवाह फैलाने, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा भड़काऊ पोस्ट डालने वालों पर विशेष नजर रखी जाये. ऐसे तत्वों के विरुद्ध आइटी एक्ट और अन्य धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए. जनता के सहयोग के बिना पुलिस व्यवस्था सुदृढ़ नहीं हो सकती. थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जन संवाद करें, स्थानीय लोगों से जानकारी लें और पीड़ितों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें, वही दुर्गा पूजा को लेकर पुजा समितियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य है डीजे प्रतिबंध रहेगा।



# 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक चलेगा राष्ट्रीय पोषण माह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देश पर राष्ट्रीय पोषण माह-2025 का आयोजन 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक जिले में किया जाना है। यह कार्यक्रम पोषण अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस द्वारा बताया गया कि इस वर्ष पोषण माह के अंतर्गत कुछ प्रमुख विषयों पर विशेष गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिसमें- मोटापा पर नियंत्रण, चीनी और तेल की खपत में कमी, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा तथा पोषण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत शिशु एवं बाल आहार प्रथाएँ, पुरुष सहभागिता, स्थानीय वस्तुओं हेतु जन-जागरण क्षेत्रीय स्तर पर सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता के साथ-साथ सहयोगी गतिविधियाँ एवं डिजिटलीकरण के विषय इसमें शामिल हैं। इस दौरान बताया गया कि पोषण माह 2025 का मुख्य उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं, किशोरियों तथा समुदाय के अन्य सदस्यों के पोषण एवं स्वास्थ्य में सुधार लाना है। इस दौरान समुदाय आधारित विभिन्न गतिविधियों जैसे पंचायत बैठकों, महिला समूहों, युवा समूहों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं,स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, शिक्षकों एवं स्थानीय पदाधिकारियों के सहयोग से पोषण संबंधी संदेशों का प्रभावी प्रसार किया जाएगा। विशेष पहल के तहत पुरुष देखभालकर्ताओं की सहभागिता को बढ़ावा दिया जाएगा तथा पोषण चैंपियनों की प्रेरणादायी कहानियों को भी सामने लाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे समाज के अन्य लोग भी प्रेरणा ले सकें।

## पेज 1 का शेष

### बिहार के 16 लाख श्रमिकों को...

सकता है। पोर्टल 24 घंटे खुला रहता है और इसका उद्देश्य यही है कि राज्य का कोई भी श्रमिक विभाग की योजनाओं से वंचित न रहे। सरकार का लक्ष्य है कि राज्य के सभी श्रमिक विभाग के पंजीकरण से जुड़ें और उन्हें पोशाक योजना सहित स्वास्थ्य, बीमा, शिक्षा और आवास जैसी अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। आने वाले वर्षों में जब यह योजना सभी 34 लाख निबंधित श्रमिकों तक पहुँचेगी, तो यह राज्य के श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में दर्ज होगी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक पहल राज्य के श्रमिकों के लिए उत्सव के समय पर एक बड़ी राहत लेकर आई है। आज़ादी के बाद पहली बार ऐसा अवसर आया है जब सरकार श्रमिकों के वस्त्र या पोशाक की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उनके लिए सीधे पाँच हजार रुपए की आर्थिक सहायता दे रही है। इससे न केवल श्रमिक परिवारों को त्योहारी मौसम में सहारा मिलेगा बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति को भी मजबूती मिलेगी। मंत्री ने कहा कि यह केवल शुरुआत है और आने वाले समय में श्रमिकों के लिए केंद्र और राज्य सरकार की साझेदारी से और भी कई कल्याणकारी योजनाएँ लागू की जाएंगी।

### स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड...

करने का प्रावधान था, जिसे अब बढ़ाकर अधिकतम 84 मासिक किस्तों (07 वर्ष) में तथा 02 लाख से ऊपर ऋण राशि को 84 मासिक (07 वर्ष) किस्तों से बढ़ाकर अधिकतम 120 मासिक (10 वर्ष) किस्तों में वापस करने का प्रावधान किया गया है। हमलोगों का उद्देश्य है कि राज्य के अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। उच्च शिक्षा के लिए प्रदान की जाने वाली शिक्षा ऋण में दी जाने वाली इन सुविधाओं से छात्रों के मनोबल में वृद्धि होगी और वे अधिक उत्साह एवं लगन से उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य के साथ-साथ राज्य एवं देश का भविष्य भी संवार सकेंगे।

# जीएसटी दरों में कटौती पर हुई चर्चा

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की ओर से सगुना मैनपुरा में प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शंकर सिंह के आवास पर बैठक की गई। बैठक में जीएसटी के दरों में कमी करने से आम जनता को मिलने वाले फायदे के विषय में चर्चा की गई। बैठक में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता भूषण राठौर ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आम जनता को राहत देने के लिए जीएसटी की दरों में इतनी बड़ी कमी की गई है। जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। पूर्व विधायक आशा सिन्हा, शंकर सिंह ने जीएसटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि इससे आम लोगों को काफी फायदा होने जा रहा है। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि भूषण उर्फ बेला यादव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जीएसटी की दरों कमी कर आम जनता को राहत देने काम किया है। अध्यक्षता व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शंकर सिंह ने

# समाजसेवी डॉ. शशि भूषण श्रीवास्तव के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन बक्सर के जिलाध्यक्ष सह होम्योपैथ चिकित्सक डॉ. शशि भूषण श्रीवास्तव के निधन पर सैंकड़ों दिग्गज उनके भाव को याद करने उनकी श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे। यह कार्यक्रम उनके पैतृक आवास ठठेरी बाजार डुमरांव में सम्पन्न हुआ। श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के नेता, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं परिजनों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनके जीवन पर आधारित आधे घंटे की डॉक्यूमेंट्री फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। फिल्म में डॉ. श्रीवास्तव के जनहित कार्यों, सामाजिक योगदान और उनके रचनात्मक पक्ष को दिखाया गया।
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डॉ शशि भूषण श्रीवास्तव के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि आपका निधन अपूरणीय क्षति है। उल्लेखनीय है कि उन्होंने बक्सर जिले की पहली फिल्म बाजे शहनाई हमार अंगना का निर्माण



भी किया था। डॉक्यूमेंट्री में उनके संघर्षपूर्ण जीवन, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान, समाजसेवा तथा मानवीय सरोकारों को केंद्र में रखकर प्रस्तुति दी गई।
श्राद्धकर्म के मौके पर उपस्थित अभियोजन निदेशालय (गृह विभाग) के विशेष सचिव-सह-प्रभारी निदेशक सुधांशु कुमार चौबे ने कहा कि डॉ. श्रीवास्तव ने अपनी नौकरी के साथ-साथ समाज के लिए निःशुल्क होम्योपैथ चिकित्सा सेवा दी और फिल्म निर्माण कर समाज को सांस्कृतिक दिशा भी दी। उनका जीवन ही एक संदेश है कि सीमित संसाधनों के बावजूद समाजहित में बड़ा कार्य किया जा सकता है। अन्य वक्ताओं ने भी कहा कि डॉ. श्रीवास्तव का पूरा जीवन सादगी और उच्च विचारों का प्रतीक रहा।
30 अगस्त को डुमरांव में अंतिम सांस लेने वाले डॉ. श्रीवास्तव के बारे में श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन अनेक लोगों के लिए प्रेरणादायी रहा। वे अक्सर लोगों को सात्विकता, ईमानदारी और मानवीय मूल्यों पर चलने की प्रेरणा देते थे। उनका मानना था कि समाज का विकास तभी संभव है जब अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचे। डॉक्यूमेंट्री में यह संदेश प्रमुख रूप से उभरा कि एक व्यक्ति अपने कर्मों से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उनकी पत्नी माया श्रीवास्तव आज भी परिवार को संभाल रही हैं। उनके चार पुत्र अधिवक्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव, लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव, शिक्षाविद शैलेंद्र श्रीवास्तव और पत्रकार रवि शंकर श्रीवास्तव समाज में अपनी-अपनी पहचान रखते हैं। उनकी पुत्रियां नूतन श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, पूर्णिमा श्रीवास्तव और ज्योति बाला भी अपने क्षेत्र में सक्रिय हैं। श्राद्धकर्म में जदयू नेता रामबिहारी सिंह, बक्सर के सदर विधायक संजय तिवारी, डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह, विधान पार्षद जीवन कुमार, जदयू नेता अंजुम आरा, जदयू नेता ओमप्रकाश सिंह सेतु, विनोद राय, भाजपा नेत्री वर्षा पांडेय, डुमरांव डीएसपी पोलस्त कुमार, थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन, राजपरिवार से मानविजय सिंह, विश्वामित्र सेना प्रमुख राजकुमार चौबे, भाजपा नेता सह पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा, राजद नेता पप्पू यादव, जगनारायण यादव, अखिलेश यादव, जनसुराज नेता शिवांग विजय सिंह, जनसुराज के जिला सचिव रवि सिन्हा, जदयू नेता राहुल सिंह, डॉ. सचिदानन्द सिन्हा रचना चक्र के राष्ट्रीय संयोजक सुधाकर श्रीवास्तव, डॉ. सुमित सौरभ, डॉ. शैलेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह समेत बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी, अधिवक्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे। इस मौके पर अधिवक्ता सुमन श्रीवास्तव, कमलेश सिंह, प्रदीप जायसवाल, प्रतिभा सिंह, रामनाथ तिवारी, आशुतोष श्रीवास्तव, आलोक कुमार, विशेश्वर सिंह, नरसिंह पहलवान, श्यामजी गुप्ता, चुनमुन प्रसाद वर्मा, माधो श्रीवास्तव, अजीतपाल सिंह, मो. इजहार, भस्माकर दुबे, श्रद्धा तिवारी, भरत मिश्रा, अशोक सिंह, राजीव रंजन, पत्रकार धीरज वर्मा, सत्येंद्र चौबे, दिनेश ओझा, विकास श्रीवास्तव, जय प्रकाश मिश्रा, चंद्रकांत निराला, अमित पांडेय, अमित कुमार ओझा, आलोक कुमार सिन्हा, गोलू मिश्रा के साथ ही पत्रकारों में रजनीकांत दुबे, सुजीत कुमार सिंह, अमरनाथ केशरी, गिरीश द्विवेदी, राज हाई स्कूल के प्राचार्य अनुराग मिश्रा, सीपीएसएस हाई स्कूल के प्राचार्य डॉ मोहम्मद अशफाक के साथ ही भाजपा नेता दीपक यादव, मुखिया सिंह कुशवाहा समेत अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

## एक नजर

### प्रतिमा का डिप्टी सीएम करेंगे अनावरण

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी 19 सिंतबर को डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी नगर परिषद कार्यालय परिसर में नप के मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी के पति सह पूर्व उपमुख्य पार्षद स्व दीपक मेहता का प्रतिमा का अनावरण करेंगे. सशक्त समिति सदस्य सह पार्षद गोपाल प्रसाद व सशक्त समिति सदस्य रेखा देवी के प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी धीरज कुमार यादव ने बताया कि नप के सशक्त समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी के पति सह पूर्व उपमुख्य पार्षद स्व दीपक मेहता का प्रतिमा का स्थापित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिमा का अनावरण राज्य के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी 19 सिंतबर को करेंगे।

### किशोर के अपहरण का आरोप

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत जलगोविंद गांव में आपसी अदावत में किशोर के अपहरण करने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में रंजीत कुमार ने पुलिस को बताया कि गांव के ही सुनील कुमार सहित आठ लोग हथियार के साथ उसके घर पर आ धमके मारपीट शुरू कर दी। उनकी पत्नी निशा कुमारी को भी पीटा। वही पुत्र हर्ष राज 10 वर्ष का पिस्तौल दिखाकर अपहरण कर पंडारक की दिशा में ले गये। बाद में उसके बेटे को दाहौर गांव के पास छोड़कर आरोपी भाग गये। बेटे को आरोपियों ने धमकी दी कि केस करने पर अंजाम बुरा होगा। वहीं रुपए की भी डिमांड की गई है। इस मामले को लेकर रंजीत कुमार ने केस दर्ज कराया है। जख्मी दंपति का इलाज किया गया है। फिलहाल हर्ष राज का बयान पुलिस ने दर्ज नहीं किया है। पुलिस ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। आरोप को लेकर जांच की जा रही है।

### साइबर अपराधियों ने दो को ठगा, केस दर्ज

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो लोगों को साइबर अपराधियों ने मोबाइल और व्हाट्सएप पर कॉल मैसेज भेज कर ठगी की घटना को अंजाम दिया है। जमुनीचक निवासी अस्मित कुमार को उनके उत्कर्ष बैंक बाढ़ शाखा के खाते से 78,412 रुपए की निकासी कर ली। इस संबंध में पीड़ित को मैसेज जब पहुंचा तब घटना का पता चला। दूसरी तरफ बनारसी घाट वार्ड नंबर 16 निवासी राजू कुमार को अज्ञात कॉलर ने एल एंड टी का लोन माफ करने की बात कर पूरी जानकारी हासिल की। इसके बाद राजू ने कर्ज लेकर साइबर अपराधियों के बताए हुए नंबर पर 30,912 रुपया फोनपे के माध्यम से जमा कर दिया। रुपए जमा होने के बाद अपराधियों ने पावती रसीद भी पीड़ित को व्हाट्सएप पर भेजी। जब कंपनी से मैसेज का वेरिफिकेशन कराया गया तो धोखाधड़ी होने की बात सामने आई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सत्तार मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन पटना में हिंदी दिवस समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** सत्तार मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पटना में हिंदी दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. सिंह ने अपने संबोधन में हिंदी को राष्ट्र की एकता, संस्कृति और आत्मीयता का प्रतीक बताया। उन्होंने छात्रों को यह संकल्प लेने की सलाह दी कि हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग कर इसे समृद्ध बनाना चाहिए क्योंकि यह हमारी भावनाओं, विचारों को व्यक्त करने और समाज को जोड़कर रखने का सशक्त माध्यम है।
इस अवसर पर बी.एड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं मनीष, सत्यम, शहनवाज, अंकित झा, सोलानी, आकृति, जया, ज्योति, श्रजा, अनुया सहित अन्य प्रतिभागियों ने गीत-संगीत, कविता-पाठ, भाषण एवं वाद-विवाद जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन बी.एड द्वितीय वर्ष की छात्राओं पूजा और मनीषा ने किया। समापन कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक अरविंद कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्राध्यापक राजीव कुमार, राकेश कुमार, मो0 उमर, संतोष कुमार, रमेश चंद्र, ममता कुमारी, रिजवान अहमद, ममता यादव, ताहिरा खातून, डा. सुष्मिता एवं नेहाल हुसैन सहित सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बाढ़ थाने के केसों की एसडीपीओ ने की समीक्षा

**बाढ़।** बाढ़ थाने के कई लंबित महत्वपूर्ण मुकदमों की प्रगति की समीक्षा एसडीपीओ ने की। वहीं दूसरी तरफ विधानसभा चुनाव को लेकर दागी लोगों पर की जा रही कार्रवाई की भी जानकारी हासिल किया। बाढ़ थाने से कई अनुसंधान पदाधिकारी का तबादला नालंदा जिला कर दिया गया है जिसके कारण काफी संख्या में केस लंबित है।

# इंटरनेशनल ब्राइडल शो सीजन 3 ग्रैंड पटना ऑडिशन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इंटरनेशनल ब्राइडल सीज़न 3 का ग्रैंड ऑडिशन पटना के गांधी मैदान के पास स्थित होटल कासा पिकोला में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। फैशन इवेंट के सचिव दीपू राज ने कहा कि भारतीय परिधान और बिहार की शान बिहार की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिये हर साल की भांति इस वर्ष भी बिहार की सबसे बड़ी ग्रैंड फैशन इवेंट इंटरनेशनल ब्राइडल रनवे शो सीज़न 3 एक बार फिर से पूरे बिहार-झारखंड में धमाल मचाने आ रही है जिसका पहला ऑडिशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ऑडिशन में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।ऑडिशन में 30 प्रतिभागी चुनें गए।
चुनें हुए प्रतिभागियों को ऑन स्टेज शैसे दिया गया और सभी 30 प्रतिभागियों में से टॉप प्रतिभागी (साक्षी भारद्वाज) को सुंदर सा क्राउन और शैसे देकर सम्मानित किया गया। साक्षी भारद्वाज ग्रैंड फिनाले के टॉप 10 में अपनी जगह बना ली है। निर्णायक मंडली में राहुल कुमार,अंतरा मलिक (मिस बिहार ) पूजा मंडल (प्रोफ़ेशनल मेकअप आर्टिस्ट) श्रेया जी, करण कश्यप, शशि शर्मा, जय प्रकाश कुमार। मंच संचालन की जिम्मेदारी अभिनेता अमरकान्त रॉय को दी गयी थी। अपने सुंदर गायकी से गायक कृष्णा कुमार ने दर्शक दीर्घा में बैठे सभी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बिहार के टॉप फोटोग्राफर मैक स्टूडियो पटना (संतोष कुमार) और मोमेंट मिडिया (सुजीत सिंह) ने इस आयोजन में अपना योगदान दिया और उनकी फोटोग्राफी से लोग मंत्रमुग्ध हो गये। इस ऑडिशन में प्रतिभागियों के परिवार व आये सम्मानित सदस्यों को मिलाकर सैंकड़ो लोग से बैंक्वेंट हॉल खचाखच भरी थी। इसका अगला ऑडिशन बिहार के विभिन्न जिले में होनी है। इसकी जानकारी जल्द हीं सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त होगी।

# जहानाबाद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (सितम्बर, 2025) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन, जहानाबाद एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा गौतम बुद्ध उच्च विद्यालय, जहानाबाद में उपस्थित छात्र-छात्राओं को एल्बेन्डाजोल की गोली खिलाकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी (राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम), प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिकरिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला सामुदायिक उत्प्रेरक (जिला स्वास्थ्य समिति), प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्राचार्य, गौतम बुद्ध उच्च विद्यालय, एस0एम0सी0 (यूनिसेफ), वैक्सीन मैनेजर (यूएनडीपी), अध्यक्ष (प्राईवेट स्कूल यूनियन संघ), तथा जिला समन्वयक (राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम) सहित अन्य पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सिविल सर्जन ने अपने संबोधन में बताया कि बच्चों में कृमि संक्रमण के कारण पोषण स्तर एवं हीमोग्लोबिन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे बच्चों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास बाधित होता है। उन्होंने कहा कि एल्बेन्डाजोल की दवा कृमि संक्रमण से मुक्ति दिलाने में कारगर है।

# बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश चुनाव समिति गठित

**नई दिल्ली (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश चुनाव समिति का गठन कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष की स्वीकृति के बाद मंगलवार को इसकी घोषणा की गई। समिति का गठन तत्काल प्रभाव से लागू माना जाएगा। घोषित समिति में शामिल सदस्य हैं - राजेश कुमार राम, शकील अहमद खान, मदन मोहन झा, जितेंद्र गुप्ता, शकील-उ-जमां अंसारी, संजीव प्रसाद टोनी, मोतीलाल शर्मा, कपिल देव प्रसाद यादव, अंशुल अविजीत, बृजेश कुमार पांडेय, जमाल अहमद भल्लू, मंजू राम, अजमी बारी, नागेंद्र कुमार विहल, कैलाश पाल, राजेश राठौर, निर्मलेन्दु वर्मा, कैसर अली खान, प्रभात कुमार सिंह, कमल देव नारायण शुक्ल, कुमार आशीष, जमोतरी ममता निषाद, शकील-उर-रहमान, संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ. विश्वनाथ सर्राफ, डॉ. रमेश प्रसाद यादव, शशि रंजन, सुभोध मंडल, नदीम अख्तर अंसारी, नीतू निषाद, फौजिया राना, रामशंकर कुमार पान, उदय मांझी, रेखा सोरेन, तरक चौधरी, विश्वनाथ बैठ, सुनील कुमार पटेल, साधना रजक और खुशबू कुमारी। इसके साथ ही समिति में स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में सभी सांसद, विधायक, विधान पार्षद, बिहार से एआईसीसी सचिव, सीडब्ल्यूसी सदस्य, स्थायी और विशेष आमंत्रित सदस्य तथा कांग्रेस की अग्रिम संगठनों के प्रमुख शामिल रहेंगे।

# सफाई के नाम पर पुराना नाला तोड़ा

**बाढ़ (नबिटा संवाददाता)।** बाढ़ नगर परिषद ने लंगरपुर रोड में मेधा आश्रम स्कूल के पास पुराने नाले को सफाई के नाम पर ध्वस्त कर दिया। इसके कारण पानी ओवरफ्लो होकर आसपास के क्षेत्र में फैल गया है। लोगों ने बताया कि नाले के ऊपर अवैध निर्माण को लेकर नगर परिषद ने कार्रवाई नहीं की। पुराने नाले की ईंट को ही सफाई के नाम पर उखाड़ दिया।


## मऊ-कोलकाता स्पेशल ट्रेन का संशोधित समयसूची

**05064 मऊ-कोलकाता स्पेशल** ट्रेन का समय नीचे उल्लिखित स्टेशनों पर संशोधित किया जाएगा: **छपरा - आगमन 17.10 बजे / प्रस्थान 17.20 बजे, दिघवारा - आगमन 18.08 बजे / प्रस्थान 18.10 बजे, सोनपुर - आगमन 18.48 बजे / प्रस्थान 18.50 बजे, हाजीपुर - आगमन 19.00 बजे / प्रस्थान 19.05 बजे, शाहपुर पटोरी- आगमन19.45 बजे/प्रस्थान 19.47 घंटे, बरौनी- आगमन 21.20 बजे/प्रस्थान 21.30 बजे, किऊल-आगमन 22.50 बजे/प्रस्थान 22.52 बजे, जमुई-आगमन 23.35 बजे/प्रस्थान 23.37 बजे, झाझा - आगमन 00.45 बजे/प्रस्थान 00.50 बजे, जसीडीह - आगमन 01.26 बजे/प्रस्थान 01.28 बजे, मधुपुर - आगमन 01.52 बजे/प्रस्थान 01.54 बजे, चित्तरंजन - आगमन 02.35 बजे/प्रस्थान 02.37 बजे, आसनसोल - आगमन 03.35 बजे/प्रस्थान 03.45 बजे, दुर्गापुर - आगमन 04.15 बजे/प्रस्थान 04.17 बजे, बर्धमान - आगमन 05.36 बजे/प्रस्थान 05.38 बजे, बैण्डल - आगमन 06.28 बजे/प्रस्थान 06.30 बजे। नैहाटी-आगमन 07.28 सुबह 7.30 बजे/प्रस्थान, कोलकाता - आगमन 3.50 बजे/प्रस्थान।** अन्य सभी निर्देश अपरिबर्तित रहेंगे।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

**निविदा सं. एलआरडब्ल्यू4–मॉडुलरऑफिस 29–2025, दिनांक** 13.09.2025, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बीजीबी, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा–711204 द्वारा **निविदा सं. एलआरडब्ल्यू4–मॉडुलर ऑफिस29–2025** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** शॉप सुपरवाइजरों के लिए मॉडुलर ऑफिस की आपूर्ति, निर्माण एवं आरंभ करना। **बोली प्रणाली** : एकल पैकेट प्रणाली। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,31,91,156.34, **बयाना राशि:** रु. 2,16,000/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 04 माह। **प्रस्ताव की वैधता** : 90 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 13.09.2025 को 12.16 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 20.09.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 04.10.2025 को 13.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। MISC-207/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कार्यालय जिला परिषद, औरंगाबाद।

बिहार सरकार

E MAIL:- zpaurangabadbihar@gmail.com

**सैरात बन्दोबस्ती हेतु अल्पकालीन आम सूचना।**

(वित्तीय वर्ष 2025–26)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के द्वारा जिला परिषद औरंगाबाद के नियंत्राधीन विभिन्न बस स्टैण्ड / हाट बाजार एवं तालाब आदि की वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए दिनांक– 01.10.2025 से 31.03.2026 तक की बंदोबस्ती जिला परिषद कार्यलय में दिनांक– 19.09.2025 एवं 20.09.2025 को 11 बजे पूर्वाहन् में खुली डाक प्रक्रिया के अनुसार की जायेगी। यदि उक्त निर्धारित तिथि को बंदोबस्ती शेष रह जाती है, तब पुनः दिनांक–22.09.2025 एवं 23.09.2025 को एवं उसमें से शेश रह जाने पर पुनः दिनांक–24.09.2025 एवं 26.09.2025 को जिला परिशद कार्यालय में 11:00 बजे पूर्वाहन् में बन्दोबस्ती की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त निर्धारित तिथियों को डाक में भाग ले सकते हैं। यदि सुरक्षित जमा राशि में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वह लेसी को स्वीकार करना होगा।

| क्र0 सं0 | सैरात | सुरक्षित राशि 6 माह के लिए (01.10.2025 से 31.03.2026) | अग्रधन की राशि (कुल सुरक्षित राशि का 20%) |
|---|---|---|---|
| **बस स्टैण्ड :–** | | | |
| 1 | टण्डवा बस स्टैण्ड | 202227.00 | 40445.00 |
| **हाट बाजार :–** | | | |
| 2 | जम्होर रेलवे स्टेशन पथ बाजार | 176411.00 | 35282.00 |
| 3 | नबीनगर रेलवे स्टेशन पथ बाजार | 63593.00 | 12719.00 |
| 4 | फेसर बाजार | 33782.00 | 6756.00 |
| 5 | हसपुरा बाजार | 196650.00 | 39330.00 |
| 6 | देव बाजार (जि0प0 नियंत्राधीन) | 32430.00 | 6486.00 |
| 7 | अम्बा बाजार (जि0प0 नियंत्राधीन) | 86250.00 | 17250.00 |
| 8 | जम्होर बाजार | 26411.00 | 5282.00 |
| 9 | कासमा बाजार | 21017.00 | 4203.00 |
| 10 | खुदवॉ बाजार | 15596.00 | 3119.00 |
| 11 | सुन्दरगंज बाजार | 14663.00 | 2933.00 |
| 12 | चरण बाजार | 25387.00 | 5077.00 |
| 13 | ग्राम मेह, नरारी खुर्द में पुरईन घास की बन्दोबस्ती। | 188020.00 | 37604.00 |
| 14 | अम्बा बाजार (राजस्व) | 115000.00 | 23000.00 |
| 15 | देव कार्तिक छठ मेला | 503298.00 | 100660.00 |
| 16 | शिवगंज बाजार (राजस्व) | 115575.00 | 23115.00 |
| 17 | मदनपुर बाजार (राजस्व) | 351613.00 | 70323.00 |
| 18 | भदवा बाजार (राजस्व) | 100114.00 | 20023.00 |
| 19 | खराटी पशु मेला (राजस्व) | 166916.00 | 33383.00 |
| 20 | जम्होर बंसत पंचमी मेला। | 15208800 | 35282.00 |
| **तालाब :–** | | | |
| 21 | लेम्बोखाप सिन्दुरिया तालाब | (पूर्ण वर्ष के लिए) 99751.00 | 19950.00 |

नोट–इसके लिए वेबसाईट www.aurangabad.bih.nic.in पर देखा जा सकता है एवं डाउनलोड किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 014939 ( B & C ) 2025-26

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, औरंगाबाद।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# जीएसटी को बनाया गया पारदर्शी, सरल व न्यायसंगत : सुनील सिंघी

## औरंगाबाद भाजपा द्वारा जीएसटी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के ब्लॉक मोड़ स्थित सम्राट अशोक सभागार में मंगलवार को भाजपा औरंगाबाद के द्वारा जीएसटी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील संगी शामिल हुए। कार्यक्रम में आए शहर के व्यापारियों को संबोधित करते हुए चेयरमैन सुनील सिंघी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सरल एवं न्यायसंगत बनाया गया है। इन सुधारों से व्यापारियों को सुविधा, उपभोक्ताओं को लाभ तथा राज्यों को समुचित राजस्व सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग को राहत प्रदान करने हेतु 12 लाख तक की वार्षिक आय को करमुक्त करने का निर्णय एक ऐतिहासिक एवं साहसिक कदम है। इससे करोड़ों परिवारों को आर्थिक सुरक्षा एवं क्रय शक्ति प्राप्त हुई है। श्री सिंघी ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने और स्थानीय उद्योगों व लघु उद्यमों को सशक्त बनाने की नीति ने आत्मनिर्भरता की भावना को सुदृढ़ किया है। इससे राष्ट्रीय गौरव की भावना और 'वोकल फॉर लोकल' का संकल्प जन-जन तक पहुंचा है। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने व्यापारियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके दूरदर्शी नेतृत्व, साहसिक निर्णयों एवं राष्ट्रहित में किए गए ऐतिहासिक सुधारों के लिए धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया जाए। इन सुधारों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जाए। नागरिकों को इन नीतियों का लाभ उठाने तथा 'हर घर स्वदेशी' के संकल्प को सशक्त बनाने हेतु प्रेरित किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आज आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रगति की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। यह प्रस्ताव राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं अटूट समर्थन की सामूहिक अभिव्यक्ति है। एमएलसी दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि टैक्स में पहले चार स्लैब था अब दो स्लैब हो गया है। विपक्ष कहता है कि टैक्स बढ़ गया है जबकि टैक्स घट गया है और विकास कार्यों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के नेतृत्व में आज देश में एनएच पर केवल फ्लाइओवर ही बन रहा है। ट्रेन की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, अब कश्मीर तक ट्रेन पहुंच गया। मेडिकल कॉलेज हर जगह खुल रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र प्रसाद एवं संचालन मनोज कुमार सिंह ने किया। मौके पर अभय कुमार सिंह, अनिता सिंह गुर्जर, पिन्टू साहिल, गोलू गुप्ता, रमन कुमार, कृष्णा कुमार पिन्टू, सतीश कुमार, मनीष कुमार, शिव गुप्ता, संजय गुप्ता, अमित गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, लखन साव, ललन गुप्ता, नगर अध्यक्ष अमित गुप्ता, कपिल सिंह, रामजी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
ESTD:- 2014
NCVT MIS CODE :- PR10000661
चन्द्रशेखर सिंह चन्द्रवंशी प्रा. आई.टी.आई.
AFFILIATED TO NATIONAL COUNCIL FOR VOCATIONAL TRAINING (N.C.V.T.) DGET GOVT. OF INDIA
AFFILIATION NO :- 6/4/39/2014 - TC, NEW DELHI GOVT. OF INDIA
ट्रेड - इलेक्ट्रीशियन एवं फिटर
पता :- ओवर ब्रिज, बाईपास रोड, औरंगाबाद (बिहार) Mob.- 9771738002 (अंजनी सर), 8862800276 (ऑफिस)

# अलग-अलग घटनाओं में तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मंगलवार को हुई दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपहारा थाना क्षेत्र के मियापुर गांव में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरेश ठाकुर के 13 वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक किशोर बाइक से यूरिया (उर्वरक) लेने पास के ही किसी प्रतिष्ठान पर जा रहा था। इसी क्रम में अनियंत्रित अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों और पुलिस को दी। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। ग्रामीणों ने मृतक के आश्रितों के लिए जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। पुलिस पदाधिकरी ने बताया कि पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। आवेदन के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। मदनपुर थाना क्षेत्र के गोंगरा गांव के पास स्थित केशहर नदी में डूबने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान 68 वर्षीय श्याम गोस्वामी के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की शाम श्याम गोस्वामी खेत की ओर धान की खेती देखने गए थे। देर शाम वह अपने घर वापस लौट रहे थे। इस दौरान हल्की बारिश शुरू हो गई। बारिश के कारण मिट्टी गीली होने से पैर फिसल गया और वे नदी में गिर गए। गहराई अधिक होने के कारण वह पानी में डूब गए। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और घटना की जानकारी परिजनों को दी। स्थानीय गोताखोरों की मदद से क़रीब 2 घंटे बाद उनका शव घटनास्थल से तकरीबन 500 मीटर की दूरी से बरामद किया गया। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा जाएगा। इसी प्रकार रफीगंज थाना क्षेत्र के अमरपुरा गांव में विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमरपुरा गांव निवासी मालिक चंद चौधरी के 28 वर्षीय पुत्र रंजन चौधरी के रूप में हुई है। घटना को लेकर मृतक के बड़े भाई सुदामा चौधरी ने बताया कि मंगलवार की सुबह रंजन शौच के लिए बधार की ओर गया था। रास्ते में एलटी तार टूटकर गिरा हुआ था जिसके संपर्क में आने से वह बुरी तरह झुलस गया। आसपास के लोगों से सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचा और आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज ले जाया गया जहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि रंजन मेहनत-मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। घटना की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है।

बिहार सरकार

संदेश

सम्पूर्ण बिहार राज्य एवं भारतवर्ष में प्रत्येक वर्ष की तरह विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। भगवान विश्वकर्मा की आराधना के अवसर पर समस्त श्रमिक भाई–बंधुओं का हार्दिक अभिनंदन है।

राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के कल्याण हेतु श्रम अधिनियमों का प्रभावकारी रूप से कार्यान्वयन किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएँ भी लागू की गई हैं, वहीं संगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए बने कानूनों का दृढ़तापूर्वक प्रवर्त्तन भी कराया जा रहा है।

श्रम ही जीवन का आधार है। बिना श्रम के किसी भी समाज, राष्ट्र या सभ्यता की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव समाज के विकास में श्रमिकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। चाहे वह निर्माण कार्य हो, कृषि, उद्योग, सेवा क्षेत्र या तकनीकी क्षेत्र, हरेक क्षेत्र में श्रमिकों की मेहनत और परिश्रम से ही विकास की नींव रखी जाती है। भारत जैसे विकासशील देश में तो श्रमिक वर्ग देश के रीढ़ की हड्डी हैं।

श्रमिकों ने समाज में सामाजिक समरसता, एकता और मेहनत का आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने यह साबित किया है कि मेहनत से कुछ भी संभव है। उनका जीवन संघर्षों से भरा होता है, फिर भी वे मुस्कान के साथ अपने दायित्वों का पालन करते हैं।

राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के कल्याण, कौशल उन्नयन एवं रोजगार सृजन हेतु कई महत्वपूर्ण कार्य किये गये हैं। सरकार द्वारा गिग कामगारों के सामाजिक सुरक्षा के लिए 'बिहार प्लेटफॉर्म आधारित गिग कामगार (निबंधन, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण) अधिनियम, 2025' तथा आधुनिक अपेक्षाओं के अनुरूप 'बिहार दुकान एवं प्रतिष्ठान (रोजगार विनियमन और सेवा शर्त्त) अधिनियम, 2025' पारित किया गया है। राज्य के कामगारों के कौशल अभिवर्द्धन हेतु राज्य में कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय खोले जाने का निर्णय लिया गया है। कार्यस्थलों पर महिलाओं की भागीदारी को बढाने के उद्देश्य से श्रम कानूनों में संशोधन भी किये गये हैं।

हमें विश्वास है कि हमारे श्रमिक भाई–बंधु अपनी प्रयास की निरंतरता सदैव कायम रखेंगे एवं विकसित बिहार की संकल्पना को साकार करने में अपना सहयोग प्रदान करते रहेंगे। इसी आशा एवं विश्वास के साथ विश्वकर्मा पूजा पर श्रमिक भाई–बंधु को परिवार के स्वस्थ्य, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ।

(विजय कुमार सिन्हा)
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR No.-014977 (LRD)D. 2025-26

# डीएम ने किया डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दाउदनगर के तरार में स्थापित ईवीएएम डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान से संबंधित सभी आवश्यक संसाधनों, भंडारण व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा डिस्पैच की तैयारी का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्वाचन कार्य से जुड़ी सभी गतिविधियां पारदर्शी, सुरक्षित एवं समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि मतदान सामग्री का भंडारण सुरक्षित एवं व्यवस्थित हो, डिस्पैच सेंटर पर पर्याप्त प्रकाश, पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और मतदान दलों को सामग्री वितरण की प्रक्रिया सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव की निष्पक्षता और शुचिता बनाए रखने के लिए हर स्तर पर सतर्कता एवं समन्वय आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, अप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
unicef
for every child

"स्वच्छोत्सव" स्वच्छता ही सेवा - 2025
राज्य स्तरीय शुभारंभ
श्री योगेन्द्र प्रसाद
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
दिनांक: 17 सितम्बर - 02 अक्टूबर 2025 | स्थान : साड़म, गोमिया, बोकारो, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्तर पर "स्वच्छता ही सेवा" अभियान का आयोजन आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के साथ संयुक्त रुप से दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 तक मनाया जा रहा है। इस वर्ष इस अभियान का मुख्य थीम (विषय) "स्वच्छोत्सव" रखा गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति सोच को बदलना है जिससे कि लोग सामुहिक रुप से अपने-अपने टोलों / गाँवों में स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की दिशा में अपनी भूमिका को निभायें।

"स्वच्छता ही सेवा - 2025" अभियान के क्रम दिनांक 17 सितम्बर से 01 अक्टूबर, 2025 तक विभिन्न प्रकार की स्वच्छता संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। इस क्रम में दिनांक 25 सितम्बर, 2025 को एक साथ राष्ट्रव्यापी स्वच्छता श्रमदान "एक दिन, एक घण्टा, एक साथ" कार्यक्रम विशेष रुप से आयोजित किया गया है, जिसमें सभी लोगों के सहयोग की अपेक्षा है एवं 02 अक्टूबर, 2025 को स्वच्छ भारत दिवस के रुप में मनाया जाएगा। अभियान में सभी विभागों यथा पंचायती राज, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, नगर विकास एवं आवास, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग एवं अन्य विभागों की सहभागिता रहेगी।

यह अभियान पाँच प्रमुख केंद्रित गतिविधियों के आधार पर आयोजित किया जाएगा:-

कचरे के ढेर की साफ-सफाई :- ग्राम स्तर पर कचरो के ढेर / स्थानों की पहचान / चिन्हितीकरण करते हुए समयबद्ध तरीकों से उसे विशेष रुप से सफाई करना।

सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई :- ग्राम स्तर पर विभिन्न संस्थानों / प्रतिष्ठानों / जल स्रोतों और अधिक आवाजाही वाले स्थानों की साफ-सफाई।

सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन :- सफाई / स्वच्छताकर्मी के लिए विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर तथा कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु एकल खिड़की द्वारा स्वास्थ्य और कल्याणकारी शिविर का आयोजन करना।

स्वच्छ हरित उत्सव का आयोजन :- पर्यावरण अनुकूल और शून्य अपशिष्ट संबंधित गतिविधियाँ।

स्वच्छता हेतु विशेष जन-जागरुकता गतिविधि का आयोजनः- सुजल स्वच्छ गाँव, कचरे से कला, स्वच्छ स्ट्रीट फूड, 3R (Reduce, Reuse and Recycle) के सिद्धान्त पर विशेष जन-जागरुकता संबंधित गतिविधियाँ।

जय झारखण्ड

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार

PR-362189 (Drinking Water and Sanitation)25-26

बिहार सरकार

संदेश

आज सम्पूर्ण बिहार राज्य एवं भारतवर्ष में प्रत्येक वर्ष की भांति विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। भगवान विश्वकर्मा की आराधना के अवसर पर राज्य के सभी श्रमिक भाई–बंधुओं का हार्दिक अभिनंदन है।

राज्य सरकार श्रमिकों के कल्याण एवं श्रम अधिनियमों के प्रभावकारी कार्यान्वयन के लिए संकल्पित है। सरकार के संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के कल्याण हेतु महत्वाकांक्षी योजनाएँ भी लागू की गई है, वहीं संगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों के लिए बने कानूनों का दृढ़तापूर्वक प्रवर्त्तन कराया जा रहा है।

राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के कल्याण, कौशल उन्नयन, रोजगार सृजन एवं लैंगिक समानता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कार्य किये गये हैं। सरकार द्वारा गिग कामगारों के सामाजिक सुरक्षा के लिए 'बिहार प्लेटफॉर्म आधारित गिग कामगार (निबंधन, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण) अधिनियम, 2025' एवं आधुनिक अपेक्षाओं के अनुरूप 'बिहार दुकान एवं प्रतिष्ठान (रोजगार विनियमन और सेवा शर्त्त) अधिनियम, 2025' पारित किया गया है। राज्य के कामगारों के कौशल अभिवर्द्धन हेतु राज्य में कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय खोले जाने का निर्णय लिया गया है। कार्यस्थलों पर महिलाओं की भागीदारी को बढाने के उद्देश्य से श्रम कानूनों में संशोधन भी किये गये है।

श्रमिकों को उनके अधिकार दिलाने तथा उनकी खुशहाली सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। आज हमारे राज्य में उद्योग–धंधों का विस्तार श्रमिक भाई–बंधुओं के सहयोग से ही संभव हो पा रहा है। हम राज्य के बाहर अथवा विदेश में काम कर रहे हमारे श्रमिक बंधुओं का भी आभार एवं कृतज्ञता प्रकट करते हैं, जो अपनी दक्षता एवं कार्यकुशलता से राष्ट्र के मान को बढ़ा रहे हैं। श्रम विभाग द्वारा प्रवासी श्रमिकों के कल्याण उनकी पहचान तथा सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'बिहार प्रवासी कामगार ऐप' लांच किया गया है।

हमे विश्वास है कि हमारे श्रमिक भाई–बंधु अपनी प्रयास की निरंतरता सदैव कायम रखेंगे एवं विकसित बिहार की संकल्पना को साकार करने में अपना सहयोग प्रदान करते रहेंगे।

इसी आशा एवं विश्वास के साथ विश्वकर्मा पूजा पर श्रमिक भाई–बंधु को परिवार के स्वस्थ्य, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ।

(सम्राट चौधरी)
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR No.-014788 (LRD)D. 2025-26